




दैनिक
# अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित








वर्ष 39 | चंडीगढ़, मंगलवार, 29 अक्तूबर, 2024 | कार्तिक कृष्ण पक्ष: त्रयोदशी विक्रमी संवत-2081 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 300 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ 12















स्वागत समारोह में मुख्यमंत्री की घोषणा

# पिहोवा से यमुनानगर तक फोरलेन, कुरुक्षेत्र और लाडवा में बनेगा बाईपास: नायब सैनी

**कहा- प्रदेश में जल्द कई हजार करोड़ की परियोजनाओं को पहनाया जाएगा अमलीजामा**

अर्थ प्रकाश/ कुलतार

**लाड़वा, 28 अक्टूबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा करते हुए कहा कि पिहोवा, कुरुक्षेत्र, लाड़वा के साथ-साथ हरिद्वार जाने वाले लाखों लोगों की पुरानी मांग को पूरा करते हुए पिहोवा से यमुनानगर तक सड़क को फोरलेन बनाया जाएगा। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र और लाडवा में भी बाईपास बनाकर लोगों को ट्रैफिक जाम जैसी समस्या से निजात दिलाई जाएगी। प्रदेश में तेज गति के साथ कई हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाया जाएगा। मुख्यमंत्री सोमवार को कुरुक्षेत्र में कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित स्वागत व धन्यवाद समारोह में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों व क्षेत्र की सम्मानित जनता को हाथ जोड़कर शीश नवाते हुए कमल का फूल खिलाने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने दीपावली पर्व, भैया दूज, छठ पूजा व विश्वकर्मा जयंती की भी सभी को बधाई दी।



### जनता के लिए 24 घंटे दरवाजे खुले

नायब सिंह सैनी ने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि लाडवा विधानसभा क्षेत्र के तहत जहां पर भी सड़कों से संबंधित पैच वर्क या सड़कों को दुरुस्त किया जाना है, उस कार्य को जल्द से जल्द करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हर नागरिक की समस्या का समाधान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और जनता के लिए 24 घंटे हमारे दरवाजे खुले रहेंगे।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत का ही परिणाम है कि भाजपा की प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर लाडवा को विकास की दृष्टि से बेहतर बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में मेट्रो व लोकल ट्रेनों का विस्तार किया जाएगा ताकि लोगों को अपने आवागमन में आसानी हो। प्रदेश में जल्द ही ऐसे बहुत सी सड़क परियोजनाओं व अन्य परियोजनाओं को गति देने का काम किया जाएगा जिससे इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर हो और लोगों को इन सुविधाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि नागरिकों की जो भी समस्याएं एवं कार्य हैं उन्हें प्राथमिकता के आधार पर करवाना सुनिश्चित किया जाए।

सीएम ने कहा कि जैसे ही समय मिलेगा वह लाडवा के हर वार्ड, गांव, मोहल्ले में जाकर जनता का यहां से कमल का फूल खिलाने के लिए धन्यवाद भी करेंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, मंडल प्रमुख को कहा कि भाजपा द्वारा ऑनलाइन भाजपा की प्राथमिक सदस्य बनाने की मुहिम चलाई गई है। हर बूथ पर समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए कम से कम 300 लोगों को इस मुहिम से जोड़ना है। इस मौके पर उपायुक्त राजेश जोगपाल, पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला, एडीसी सोनू भट्ट, एसडीएम पंकज सेतिया, पूर्व शहरी स्थानीय निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा, भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील राणा, मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र, मंडल अध्यक्ष जसविन्द्र सैनी, मंडल अध्यक्ष प्रवीण पांचाल,डां गणेश दत्त,जवाहर सैनी, धर्मवीर मिर्जापुर, धुम्ममन सिंह किरमच, साक्षी खुराना, भाजपा नेता जयभगवान शर्मा डीडी, प्रदेश सचिव राहुल राणा, परमजीत कश्यप, गुरनाम सैनी, जितेन्द्र के साथ-साथ भाजपा के कार्यकर्ता व अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

पीयू में हरियाणा के कॉलेजों को मान्यता व विवि की सीनेट में हरियाणा का हिस्सा बहाल करने का मुद्दा फिर गरमाया

# पंजाब विश्वविद्यालय प्रकरण पर हरियाणा व पंजाब करेंगे साझा बैठक

**पंजाब के राज्यपाल बुलाएंगे संयुक्त बैठक**

**वर्षों से अटकी है हरियाणा के कॉलेजों की मान्यता व अनुदान**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ स्थित पंजाब विश्वविद्यालय से हरियाणा के कॉलेजों को मान्यता दिलाने तथा विवि की सीनेट में हरियाणा का हिस्सा बहाल करने का मुद्दा एक बार फिर से गरमा गया है। पंजाब विश्वविद्यालय को हरियाणा से अनुदान जारी करवाने तथा हरियाणा के कॉलेजों की संबद्धता पर चर्चा के लिए पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया फिर से पंजाब व हरियाणा के मुख्यमंत्रियों तथा मुख्य सचिवों के साथ बैठक करेंगे। इस मीटिंग के लिए जल्द ही तारीख तय कर दी जाएगी।

उत्तरी क्षेत्रीय परिषद (एनजेडसी) की स्थायी समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि राज्यपाल कटारिया इन दोनों मुद्दों को हल करने के लिए दोनों मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करेंगे। पंजाब विश्वविद्यालय के लिए अनुदान का मामला केंद्र और पंजाब सरकार से जुड़ा हुआ है। चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में केंद्र सरकार ने पीयू को मिलने वाले वार्षिक अनुदान को 294 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 346 करोड़ रुपए कर दिया है, जिसमें 6 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि का प्रावधान है। इसके अलावा, पंजाब सरकार भी पीयू के लिए वित्तीय सहायता के लिए विचार कर रही है।



हरियाणा सरकार ने वित्तीय सहायता के बदले पंचकूला, अंबाला और यमुनानगर जिलों के कॉलेजों को पीयू से संबद्धता देने का अनुरोध किया है। यह मुद्दा अंतर्राज्यीय गतिरोध का कारण बन गया है, जिसमें पंजाब और हरियाणा के बीच आपसी सहमति नहीं बन पाई है। पिछली बार हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने विश्वविद्यालय के कुल व्यय का 40 प्रतिशत तक योगदान देने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इसे अस्वीकार कर दिया था।

पंजाब विधानसभा ने भी 30 जून 2023 को एक प्रस्ताव पारित कर पीयू की मौजूदा स्थिति को बदलने के किसी भी प्रयास का विरोध किया था। इसका कारण 1973 में गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक अधिसूचना है, जिसके तहत हरियाणा ने पीयू से अपनी संबद्धता खो दी थी। पंजाब के पूर्व राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित भी इस मामले में मध्यस्थता करके दोनों राज्यों की एक बैठक करवा चुके हैं। दूसरी बैठक से पहले पंजाब में राज्यपाल बदल गए और हरियाणा में मुख्यमंत्री बदल गए। इसके बाद पहले लोकसभा चुनाव और फिर हरियाणा में विधानसभा चुनाव आ गए। जिसके चलते यह मामला बीच में ही लटका रहा। अब एक बार फिर से पंजाब के राज्यपाल की मध्यस्थता के साथ हरियाणा व पंजाब एक साथ बैठकर इस मुद्दे पर बैठक करने जा रहे हैं।




मुख्यमंत्री की ओर से राज्य के शहरी इलाकों के विकास के लिए बड़ी पहल

# सड़कों के निर्माण-मरम्मत व स्ट्रीट लाइटों के रखरखाव के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य तकनीकों का होगा उपयोग : मान

शहरों के व्यापक विकास को सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली सरकार के साथ बैठक

शहरी विकास संबंधी दिल्ली मॉडल से पंजाब को होगा व्यापक लाभ

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नई दिल्ली/चंडीगढ़, 28 अक्टूबर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज दिल्ली के अपने समकक्ष के साथ राज्य के नगर निगम वाले शहरों को नया रूप देने के लिए बैठक की।

यह बैठक शहरी विकास को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार और दिल्ली सरकार के बीच ज्ञान आदान-प्रदान संबंधी समझौते के तहत आयोजित की गई थी, जिसमें राज्य के सभी नगर निगमों के कमिश्नर भी शामिल हुए।

अधिक जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि बैठक का उद्देश्य राज्य के नगर निगम शहरों में चल रहे विकास कार्यों को बढ़ावा देना है। उन्होंने आगे कहा कि इसका मकसद यह भी सुनिश्चित करना है कि शहरवासियों को दिल्ली की तर्ज पर अत्याधुनिक नागरिक सुविधाएं प्रदान की जा सकें। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार इस दिशा में पहले से ही पूरी लगन से काम कर रही है और इस नेक कार्य में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली की 'आप' सरकार ने शहरों के व्यापक विकास को सुनिश्चित करने के साथ-साथ नागरिक केंद्रित सेवाएं प्रदान करने के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार इसी तर्ज पर शहरों का सर्वांगीण विकास करवाना चाहती है, जिसके लिए दिल्ली सरकार की विशेषज्ञता का पूरा लाभ लिया जा सकता है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह साबित हो चुका है कि अरविंद केजरीवाल के दूरदर्शी नेतृत्व वाली 'आप' सरकार ने शहरी विकास और योजनाबद्धता के क्षेत्र में शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी विकास के संबंध में दिल्ली मॉडल पूरे देश के लिए एक प्रेरणा बनकर उभरा है, इसलिए पंजाब को इससे व्यापक लाभ होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का मुख्य ध्यान शहरों की सफाई, पीने के पानी की आपूर्ति, स्ट्रीट लाइटों के साथ-साथ शहरों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार के हर कदम का उद्देश्य आम लोगों की भलाई सुनिश्चित करना और उन्हें अत्याधुनिक नागरिक सुविधाएं प्रदान कर उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है।

### तीन घंटे में स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत करने के हो नई तकनीकी का इस्तेमाल

मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कों में पड़ी गड्ढों, पेचवर्क और अन्य टूट-फूट की पहचान के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई) का उपयोग करने का निर्णय लिया गया है ताकि निर्धारित समय के अंदर उपयुक्त मरम्मत सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने आगे कहा कि शहरों की सभी सड़कों पर ब्लैक स्पॉट की पहचान करने और लाइटें लगाने के लिए ए.आई. का उपयोग करने का निर्णय लिया गया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि अधिकारियों को सही समय पर अलर्ट भेजने और अधिकतम तीन घंटे में स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक तकनीकों के उपयोग का भी निर्णय लिया गया।

# कांग्रेस-भाजपा ने प्रदेश के युवाओं को किया बर्बाद : आप

भाजपा के बाद अब कांग्रेस नेता के घर से 500 करोड़ की हेरोइन बरामद होने से दोनों पार्टियों के ड्रग्स माफिया के साथ लिंक का हुआ खुलासा

अकाली-भाजपा सरकार ने पंजाब में ड्रग माफिया स्थापित किया, कांग्रेस ने पनपने दिया, अब उनके नेता खुद ड्रग तस्कर बने हुए हैं : सोंध

कहा-आप सरकार पंजाब में नशे पर अंकुश लगाने के लिए हर दिन ड्रग तस्करों को कर रही गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 28 अक्टूबर।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब ने कांग्रेस और भाजपा पर ड्रग्स मामले को लेकर हमला बोला और कहा कि इन लोगों ने हमारे युवाओं के भविष्य को खतरे में डालने का काम किया है। पार्टी ने कहा कि बाबा बकाला में 100 किलोग्राम से अधिक हेरोइन (500 करोड़ रुपये) के साथ कांग्रेस नेता की गिरफ्तारी से यह साबित होता है कि इन पार्टियों के नेताओं की ड्रग तस्करों के साथ बेहद गहरी सांठगांठ है। आप मंत्री तरूणप्रीत सिंह सोंध ने मार्कफेड के चेयरमैन अमनदीप सिंह मोही आज पंजाब में मादक पदार्थों की तस्करी के गंभीर मुद्दे और कांग्रेस व भाजपा नेताओं की इसमें संलिप्तता पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

मंत्री सोंध ने इन राजनीतिक दलों और राज्य में चल रहे ड्रग संकट के बीच संबंधों का खुलासा किया। उन्होंने हाल ही में बाबा बकाला से कांग्रेस मंडल प्रमुख नवजोत सिंह की गिरफ्तारी पर प्रकाश डाला, जिसे पंजाब पुलिस ने एक काउंटर-इंटेलिजेंस ऑपरेशन के दौरान पकड़ा था। अधिकारियों ने उसके कब्जे से 105 किलोग्राम हेरोइन, 31 किलोग्राम कैफीन, पांच विदेशी पिस्तौल और एक देशी बंदूक जब्त की। हेरोइन की अनुमानित कीमत करीब 500 करोड़ रुपये है।

मंत्री सोंध ने कहा कि मैं इस महत्वपूर्ण ड्रग शिपमेंट को रोकने में उनके असाधारण प्रयासों के लिए पंजाब पुलिस की सराहना करता हूं, जिन्होंने पाकिस्तान से जम्मू के रास्ते आई नशीले पदार्थों की बरामदगी की। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों से निपटने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### नशीली दवाओं के बढ़ते मामले पर पिछली सरकारों की आलोचना की

मंत्री सोंध ने पंजाब में नशीली दवाओं के मामले बढ़ने के लिए पिछली अकाली-भाजपा सरकार की आलोचना की। उन्होंने अकाली दल के गुरदीप सिंह रानो की गिरफ्तारी की ओर इशारा किया, जिनके पास बड़ी मात्रा में ड्रग्स और हथियार बरामद हुए थे। उन्होंने कहा कि इस तरह के लोग अक्सर सुखबीर बादल और बिक्रम सिंह मजीठिया जैसे अकाली नेताओं के साथ देखे जाते थे, रानो को कैप्टन अमरिंदर सिंह के ओएसडी अंकित बंसल के साथ भी देखा जाता था। रानो के प्रमुख नेताओं से संबंध, नशीली दवाओं के तस्करों को प्रदान किए गए राजनीतिक संरक्षण की ओर स्पष्ट इशारा करता है।

# पीएसपीसीएल का हेड कैशियर 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 28 अक्टूबर।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के तहत आज पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पी.एस.पी.सी.एल.) कार्यालय, सब डिवीजन साउथ, अमृतसर में तैनात हेड कैशियर दविंदर सिंह को 50,000 रुपये की रिश्वत मांगने और लेने के आरोप में रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए राज्य विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को नरेंद्र कुमार निवासी बाजार गुज्जरां, भगतां वाला, गेट हकीमा, अमृतसर की दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने आगे बताया कि शिकायतकर्ता ने विजिलेंस ब्यूरो से संपर्क करके अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि उसने शक्ति नगर, अमृतसर में अपनी दुकान पर व्यावसायिक बिजली मीटर लगाने के लिए आवेदन किया था और इस संबंध में दस्तावेज़ तैयार करने के बदले आरोपी ने 1,00,000 रुपये की रिश्वत की मांग की थी।

प्रवक्ता ने आगे बताया कि इस शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाया, जिसके दौरान उक्त आरोपी को दो सरकारी गवाहों की उपस्थिति में शिकायतकर्ता से 50,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विजिलेंस ब्यूरो थाना अमृतसर रेंज में भ्रष्टाचार निवारण कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि आरोपी को कल अदालत में पेश किया जाएगा और इस मामले की आगे की जांच जारी है।

# शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी व समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जाए : वरिंदर सिंह

कर्मचारियों ने विजिलेंस जागरूकता सप्ताह के दौरान राज्य से भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ने की शपथ ली

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 28 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री स.भगवंत सिंह मान द्वारा राज्य से भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ने के उद्देश्य से वरिंदर कुमार, विशेष डी.जी.पी.-कम-मुख्य निदेशक विजिलेंस ब्यूरो ने फील्ड अधिकारियों को शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने सोमवार को विजिलेंस ब्यूरो भवन एस.ए.एस. नगर में वार्षिक विजिलेंस जागरूकता सप्ताह के पहले दिन शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात अधिकारियों/कर्मचारियों को संबोधित किया, जिसका उद्देश्य नागरिकों और सरकारी कर्मचारियों को भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन की महत्वता के प्रति जागरूक करना था।

अधिकारियों को सभी सात रेंजों में व्यापक जागरूकता अभियान शुरू करने का निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि विजिलेंस ब्यूरो रेंजों के सभी एस.एस.पीज और फील्ड अधिकारियों को नागरिकों के साथ जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा, 'भ्रष्टाचार विरोधी संदेश को जमीनी स्तर तक पहुंचाना चाहिए ताकि समाज में पारदर्शिता, जवाबदेही, ईमानदारी और अखंडता को प्रोत्साहित किया जा सके।'

विजिलेंस ब्यूरो मुखी ने बताया कि इस वर्ष विजिलेंस जागरूकता सप्ताह का उद्देश्य केंद्रीय सतर्कता आयोग की सोच के अनुसार %देश की खुशहाली के लिए ईमानदारी की संस्कृति% का निर्माण है।

भ्रष्टाचार के प्रति अपनी जीरो-सहनशीलता नीति को जारी रखते हुए विजिलेंस ब्यूरो ने मार्च 2022 से अब तक भ्रष्टाचार के 673 मामले दर्ज किए हैं। उन्होंने आगे बताया कि इन मामलों की जांच के दौरान कुल 758 आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है।

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार राज्य और उसके नागरिकों की अखंडता और सम्मान के खिलाफ एक खतरनाक और घृणास्पद अपराध है, चाहे वह सेवा देने वालों या प्राप्त करने वाले नागरिकों द्वारा किया गया हो। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि किसी को भी भ्रष्ट कार्यों और दुर्व्यवहार में शामिल पाया गया तो उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे राज्य में भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन को सुनिश्चित करने के लिए सरकार और विजिलेंस ब्यूरो के भ्रष्टाचार विरोधी अभियान में अपना सहयोग दें।

वरिंदर कुमार ने बताया कि एक नागरिक केंद्रित शिकायत प्रणाली बनाने के उद्देश्य से पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा 2022 में मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार विरोधी एक्शन लाइन व्हाट्सएप नंबर 9501-200-200 शुरू किया गया था, जिसके तहत ब्यूरो द्वारा 189 एफ.आई.आर. दर्ज की गई हैं।

इस अवसर पर डी.आई.जी. विजिलेंस ब्यूरो हरजीत सिंह और संयुक्त निदेशक श्री कंवलजीत सिंह और अरुण सैनी भी मौजूद थे।

# मिड-डे मील वर्कर्स का होगा मुफ्त बीमा : हरपाल चीमा

## कहा, कैबिनेट सब-कमेटी ने भी केंद्र सरकार को पत्र लिखकर वेतन बढ़ाने की सिफारिश की

मिड-डे मील कुक यूनियन के साथ बैठक के दौरान मांगों पर सहानुभूति से विचार किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 28 अक्टूबर।** पंजाब के वित्त, योजना और आबकारी मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज घोषणा की कि पंजाब मिड-डे मील सोसाइटी ने केनरा बैंक के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत मिड-डे मील कुक और हेल्पर्स का मुफ्त बीमा किया जाएगा। वित्त मंत्री चीमा ने खुलासा किया कि कैबिनेट सब-कमेटी ने मिड-डे मील कुक्स का वेतन 600 रुपये से बढ़ाकर 2000 रुपये करने की सिफारिश करते हुए केंद्र सरकार को एक अर्ध-सरकारी पत्र भी लिखा है।

मिड-डे मील कुक्स यूनियन पंजाब (बी.एम.एस.) के साथ यहाँ उनके कार्यालय में हुई बैठक के दौरान वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने यूनियन नेताओं को आश्वासन दिया कि केनरा बैंक में जीरो बैलेंस खाता खोलने वाले सभी मिड-डे मील कुक और हेल्पर्स को इस बीमा योजना के तहत शामिल किया जाएगा। इस योजना में दुर्घटना में मृत्यु के मामले में 16 लाख रुपये, प्राकृतिक मृत्यु के मामले में 1 लाख रुपये और दुर्घटना में जीवनसाथी की मृत्यु के मामले में 2 लाख रुपये की बीमा कवरेज शामिल है।

यूनियन नेताओं द्वारा वेतन से संबंधित मुद्दे बाबत वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने उन्हें बताया कि कैबिनेट सब-कमेटी द्वारा केंद्र सरकार को भेजे गए सिफारिश पत्र के अलावा, शिक्षा मंत्री और स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा संबंधित केंद्रीय मंत्रालय के साथ इस मामले की पैरवी की जाएगी।

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि केंद्र सरकार को लिखे गए पत्र में हर 50 विद्यार्थियों के लिए एक कुक की व्यवस्था करने की भी सिफारिश की गई है, जबकि मौजूदा व्यवस्था के अनुसार 1 से 25 विद्यार्थियों के लिए एक मिड-डे मील कुक, 25 से 100 विद्यार्थियों के लिए दो मिड-डे मील कुक और 100 से ऊपर प्रत्येक 100 विद्यार्थियों पर एक कुक रखा जाता है। उन्होंने कहा कि कुक की संख्या बढ़ने से मिड-डे मील तैयार करने में आने वाली चुनौतियों को भी दूर किया जा सकेगा।

बैठक के दौरान वित्त मंत्री ने सचिव, स्कूल शिक्षा, के.के. यादव को ब्लॉक स्तर पर मिड-डे कुक की अतिरिक्त रिक्तियों पैदा करने पर विचार करने के लिए भी कहा ताकि कर्मचारियों को अवकाश की आवश्यकता होने पर वैकल्पिक प्रबंध सुनिश्चित किए जा सकें। उन्होंने मिड-डे मील सोसाइटी के मैनेजिंग डायरेक्टर वरिंदर सिंह बराड़ को भी निर्देश दिया कि वे मिड-डे मील वर्कर्स को आवश्यक वस्त्र जैसे एप्रन, टोपी और दस्ताने शीघ्रता से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की मिड-डे मील वर्कर्स की कार्य परिस्थितियों और वित्तीय सुरक्षा में सुधार, उनकी सेहत सुनिश्चित करने और विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता को दोहराया। बैठक में मिड-डे मील कुक यूनियन पंजाब के प्रदेश प्रधान करमचंद चिंदालिया, महासचिव मुमताज़ बेगम, और उप प्रधान रिंकी नवां शहर भी मौजूद थे।

नेत्र जांच शिविर का उद्घाटन करने पहुंची कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने फिर निभाई अपनी डॉक्टरी भूमिका

# मरीजों की आंखों की खुद की जांच

कहा, हमेशा अपने लोगों की सेवा में हाज़िर

नेत्र जांच शिविर में लगभग 400 मरीजों की जांच

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**फरीदकोट, 28 अक्टूबर।** सामाजिक सुरक्षा, महिला और बाल विकास तथा सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक मंत्री डॉ. बलजीत कौर आज 'संकल्प एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी (रजि.)' द्वारा फरीदकोट में डॉ. बलजीत आई केयर सेंटर में आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में पहुँचीं। शिविर का उद्घाटन करने के बाद वह डॉक्टरों की टीम के साथ लोगों की आँखों की खुद जांच करते नजर आए।

उल्लेखनीय है कि डॉ. बलजीत कौर स्वयं एक अनुभवी नेत्र विशेषज्ञ हैं और हजारों लोगों की आँखों का इलाज कर चुकी हैं। आज भी, शिविर का उद्घाटन करने के बाद, उन्होंने डॉक्टरों की टीम के साथ बैठकर मरीजों की आँखों की खुद जाँच की। इससे पहले, उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि फरीदकोट जिला उनके परिवार जैसा है और वे हमेशा अपने लोगों के प्रति समर्पित हैं।

कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने इस मौके पर कहा कि मुख्यमंत्री स.भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रयासरत है। इस प्रकार के सामाजिक और चिकित्सा शिविरों से एक स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में कदम बढ़ रहे हैं।

इस शिविर का आयोजन करने वाले संस्था के प्रधान नरिंदर सिंह संधू ने वहाँ पहुँचने पर कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान लगभग 400 मरीजों की आँखों की जाँच की गई और जरूरतमंदों को इस दौरान चश्मे और दवाइयाँ वितरित की गईं।

# 59 लाख मीट्रिक टन धान की हुई आमद, 54 लाख मीट्रिक टन धान की गई खरीद : कटारूचक्क

किसानों के खातों में 7600 करोड़ रुपए से अधिक की राशि की गई ट्रांसफर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 28 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दूरदर्शी नेतृत्व में पंजाब सरकार धान की खरीद सीजन 2024-25 को निर्बाध ढंग से मुकम्मल करने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही है। सभी भागीदारों अर्थात् किसानों, आढ़तियों, मिलरों और मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए सूबे भर की सभी मंडियों में समयबद्ध ढंग से खरीद, लिफ्टिंग और भुगतान को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कार्यविधि लागू की गई है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए पंजाब के खाद्य, सिविल सप्लाई और उपभोक्ता मामले मंत्री श्री लाल चंद कटारूचक्क ने खरीद का जायजा लेने के लिए समूह डी.एफ.एस.सीज़, जिला प्रबंधकों और विभाग के सीनियर अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बताया कि आज तक सूबे भर की मंडियों में 59,79,723.94 मीट्रिक टन (एम.टी.) धान की आमद हुई है जिसमें से 54,98,389.72 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि पंजाब अपने खरीद लक्ष्य को पूरा करने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि लिफ्टिंग प्रक्रिया में भी तेजी आई है और अब तक कुल 23,30,117.58 मीट्रिक टन धान की लिफ्टिंग हो चुकी है और 27 अक्टूबर को एक दिन में रिकॉर्ड 4.13 लाख मीट्रिक टन धान की लिफ्टिंग की गई है।

# 105 किलो हेरोइन बरामदी मामले में 6 किलो हेरोइन के साथ एक और आरोपी गिरफ्तार

जांच के अनुसार, आरोपी लवप्रीत सिंह ने राजस्थान से हेरोइन की खेप हासिल कर इसे 105 किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार किए गए आरोपी को डिलीवर करना था : डीजीपी

इस मामले में पिछले-आगे के संबंधों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**अमृतसर, 28 अक्तूबर।** पंजाब पुलिस ने 105 किलो हेरोइन बरामदगी मामले की आगे की जांच के दौरान तुर्की आधारित नशा तस्कर नवप्रीत सिंह उर्फ नव भुल्लर के एक और साथी को 6 किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है, जिससे इस मामले में अब तक हेरोइन की कुल बरामदगी 111 किलो हो गई है।

यह जानकारी देते हुए, पंजाब के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) गौरव यादव ने आज यहां बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान कपूरथला के गांव चक्कोकी निवासी लवप्रीत सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी के कब्जे से हेरोइन की खेप बरामद करने के अलावा, पुलिस टीमों ने उसकी हुंडई औरा कार (एच आर 26एफ़ एफ़ 4067) को भी कब्जे में ले लिया है।

गौरतलब है कि यह कार्रवाई काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) अमृतसर की टीम द्वारा नशा तस्कर नव भुल्लर के दो साथियों को 105 किलो हेरोइन, 31.93 किलो कैफीन एनहाइड्रस और 17 किलो डेक्सट्रोमेथोरफान (डीएमआर) और 6 हथियारों के साथ गिरफ्तार करने के एक दिन बाद सामने आई है।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि इस मामले में आगे की कार्रवाई और पिछले-आगे के संबंधों की जांच के दौरान सीआई अमृतसर को पता चला कि इस नेटवर्क के एक और सदस्य लवप्रीत सिंह ने राजस्थान से हेरोइन की बड़ी खेप प्राप्त की है, जिसे वह पंजाब में स्थित अपने साथियों को सप्लाई करने की योजना बना रहा है।

यह जानकारी मिलते ही मुस्तैदी से कार्रवाई करते हुए, डीएसपी सीआई अमृतसर बलबीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने जालंधर-अमृतसर जीटी रोड के पास के गांव उमरानंगल मोड़ के क्षेत्र में विशेष नाका लगाया और आरोपी लवप्रीत सिंह को 6 किलो हेरोइन और कार सहित काबू कर लिया।

डीजीपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी लवप्रीत सिंह ने राजस्थान के जिला हनुमानगढ़ से हेरोइन की खेप हासिल की थी और इसे नशा तस्कर नवजोत सिंह, जिसे 105 किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया था, तक पहुंचाने जा रहा था।

उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपी से सप्लाई चेन और नशा तस्करी के नेटवर्क के संबंध में और जानकारी हासिल करने के लिए आगे की पूछताछ की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस मामले में पिछले-आगे के संबंधों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

इस संबंध में थाना एसएसओसी अमृतसर में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 21, 25 और 29 के तहत एफआईआर नंबर 63, दिनांक 27.10.2024 दर्ज की गई है।

# हरियाणा व राजस्थान नहीं करेंगे बसों के चालान

## परिवहन मंत्री अनिल विज ने सुलझाया विवाद

आम आदमी पार्टी पर मंत्री विज का तंज, बोले ये लोग घर बैठे-बैठे ही गुब्बारे छोड़ते रहते हैं

अपने आवास पर जनसमस्याओं को सुना कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 28 अक्तूबर।** हरियाणा व राजस्थान के बीच पिछले चार दिनों से चल रहा विवाद सोमवार को समाप्त हो गया। अब दोनों राज्यों की पुलिस एक-दूसरे राज्य की बसों के चालान नहीं करेगी।

एक महिला कांस्टेबल से टिकट मांगने को लेकर शुरू हुए विवाद का सोमवार को पटाक्षेप हो गया। हरियाणा के परिवहन मंत्री ने इस बारे में हरियाणा व राजस्थान के अधिकारियों से बातचीत करके मामला शांत करवाया। इस पूरे मामले में जांच के बाद संबंधित आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी। एक-दूसरे राज्य की बसों के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

पिछले सप्ताह हरियाणा की एक महिला पुलिसकर्मी तीन दिन पहले राजस्थान रोडवेज की बस में सफर कर रही थी। बस कंडक्टर के किराया मांगने पर महिला ने किराया नहीं दिया। जिस पर इस कंडक्टर ने महिला पुलिस कर्मी को बस से नीचे उतारने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं उतरी। इस बहस का वीडियो काफी वायरल हुआ है।

जिसके बाद हरियाणा व राजस्थान की पुलिस लगातार एक दूसरे की बसों का चालान करने में जुटी हुई है। रविवार की रात तक हरियाणा द्वारा राजस्थान की जहां 90 तथा राजस्थान द्वारा हरियाणा की 26 बसों के चालान कर दिए गए। कार्रवाई के डर से हरियाणा की बसें बीच रास्ते से ही वापस लौटना शुरू हो गई।

सोमवार को हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने पहले हरियाणा के अधिकारियों से इस बारे में बात की इसके बाद राजस्थान के अधिकारियों के साथ बातचीत की।

परिवहन मंत्री अनिल विज ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह एक मसला बन गया था मगर, हरियाणा रोडवेज और राजस्थान रोडवेज के बीच वो सेटल कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से बात करके वो मामला खत्म हो गया है। विज ने कहा कि राजस्थान के अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि वह इस मामले में वास्तविक जांच करेंगे। उधर हरियाणा पुलिस महानिदेशक से भी रिपोर्ट तलब की गई है। विज ने कहा कि अब बसों का पहले की तरह सुचारू रूप से संचालन किया जाएगा।

### अम्बाला छावनी व अम्बाला शहर के बीच जल्द प्रारंभ की जाएगी लोकल बस सेवा

हरियाणा के परिवहन मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि टिवन सिटी अम्बाला छावनी एवं अम्बाला शहर के मध्य लोकल परिवहन बस सेवा को जल्द प्रारंभ किया जाएगा ताकि आम नागरिकों को इसका अधिक से अधिक लाभ मिल सके। श्री विज ने अम्बाला रोडवेज के महाप्रबंधक अश्विनी डोगरा को अम्बाला छावनी एवं अम्बाला शहर के प्रमुख स्थानों पर आने-जाने के लिए लोकल बस सेवा को प्रारंभ करने के लिए योजना तैयार करने के दिशा-निर्देश दिए। परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी एवं अम्बाला शहर में लोगों को आने-जाने के लिए सस्ती एवं प्रभावी बस सेवा मिले इसके लिए योजना तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि अम्बाला छावनी व अंबाला शहर के बीच छोटी बस चलाई जाए ताकि वह अंदरूनी क्षेत्रों में भी आसानी से आ-जा सके। परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि लोकल बस अम्बाला छावनी के बोह, बब्याल, डिफेंस कालोनी क्षेत्र के अलावा टांगरी बांध रोड, महेशनगर, सदर बाजार, 12 क्रास रोड, सुभाष पार्क एवं अन्य क्षेत्रों में चलाई जा सकती है जबकि अम्बाला शहर में मानव चौक, पॉलिटेक्निक चौक, बलदेव नगर, प्रेम नगर व अन्य क्षेत्रों में चलाई जा सकती है। उन्होंने जीएम रोडवेज को इन क्षेत्रों के अलावा अन्य क्षेत्रों में लोकल बस चलाने के लिए योजना तैयार करने के लिए निर्देश दिए।

### दीवाली पर बंद न हो स्ट्रीट लाइटें, विज ने अंबाला नगर परिषद अधिकारियों को दी सख्त चेतावनी

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने आज शाम अंबाला के विकास कार्यों को लेकर नगर परिषद, अम्बाला सदर के अधिकारियों के साथ रिव्यू मीटिंग की और दिशा-निर्देश जारी किए। श्री विज ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में बैठक के दौरान अम्बाला छावनी में विभिन्न स्थानों पर चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और कहा कि जो निर्माण कार्य चल रहे हैं उन्हें तेजी से पूरा किया जाए तथा जिन विकास कार्यों के टेंडर हो चुके हैं उन्हें शीघ्र प्रारंभ किया जाए। दीवाली को लेकर उन्होंने नगर परिषद अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए और कहा कि त्यौहार पर कहीं भी स्ट्रीट लाइट बंद न हो ऐसी व्यवस्था अधिकारी करें। उन्होंने कहा कि संबंधित स्टाफ लगातार शाम के समय मुख्य मार्गों, कालोनियों में जाकर जांच करें कि स्ट्रीट लाइटें जली हो। उन्होंने यह भी कहा कि स्ट्रीट लाइट से संबंधित जो भी शिकायत आए उसका जल्द से जल्द समाधान किया जाए। बैठक के दौरान नगर परिषद के प्रशासक सतिंद्र सिवाच, ईओ रविंद्र, सचिव राजेश कुमार, एक्सईएन मनदीप सिंह के अलावा विभिन्न ब्रांच अधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा बैठक के दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने अम्बाला छावनी में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट जानी। उन्होंने 12 क्रास रोड पर नाले के निर्माण, कबाड़ी बाजार में गुडगुडिया नाले पर पुलिया, 12 क्रास रोड पर यादव धर्मशाला के निकट निर्माण कार्य, फायर ब्रिगेड स्टेशन का निर्माण, मल्टी लेवल पार्किंग में लिफ्ट लगाने के कार्य, नाईट फूड स्ट्रीट, आउटर लार्ज रोड का निर्माण, सीवरेज लाइन डालने के कार्य, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, अद्योमाजरा से छावनी में पेयजल आपूर्ति के लिए पानी की पाईप लाइन, विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण एवं अन्य क्षेत्रों में चल रहे कार्यों की जानकारी हासिल की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो कार्य शेष रह गए हैं उन्हें जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि जनता को इसका भरपूर लाभ मिल सके। उन्होंने इस दौरान कबाड़ी बाजार में गुडगुडिया नाले पर बन रही पुलिया के निर्माण को भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान नगर परिषद अधिकारियों ने श्रम मंत्री अनिल विज को जानकारी देते हुए बताया कि कई विकास कार्य पूरा होने के अंतिम चरण पर है जिस पर मंत्री अनिल विज ने इनके जल्द उद्घाटन कराने के निर्देश दिए।

## खेल राज्य मंत्री ने ली अधिकारियों की बैठक

# प्रदेश में खेल सुविधाओं की होगी मैपिंग



डीएसओ करेंगे खेल स्टेडियमों का निरीक्षण

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 28 अक्तूबर।** हरियाणा के खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने प्रदेश के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह खेलों की आउटपुट रिपोर्ट तैयार करें। जिला खेल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के स्टेडियम का दौरा करके खेल सुविधाओं को बढ़ाने के लिए मैपिंग कराने के निर्देश जारी किए हैं।

खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने खेल विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान जिलेवार चल रही खेल नर्सरियों और खेल प्रोजेक्टों की समीक्षा की। गौरव गौतम ने जिला खेल अधिकारियों को कड़ी हिदायत दी कि अपने जिले में सभी खेल स्टेडियम, नर्सरियों व अन्य खेलकूद गतिविधियों के आयोजन स्थलों का निरीक्षण करें। इन स्थानों पर जो खिलाड़ी कोचिंग ले रहे हैं, उनको मिलने वाली सुविधाओं का विशेष ध्यान रखें।

खेल राज्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि आउट पुट रिपोर्ट में खिलाड़ियों से लेकर खेल सुविधाओं से संबंधित सुझाव सम्मलित किए जाएंगे। रजिडेंशल अकादमी में खिलाड़ियों के रहने की सुविधा, साफ-सफाई की व्यवस्था और खाने की व्यवस्थाओं की जांच करें और इन अकादमियों का माहौल कैसा है और खिलाड़ियों को अभ्यास के दौरान कौन सी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, उनकी तमाम समस्याओं को रिपोर्ट में समाहित किया जाए। खेल राज्यमंत्री ने खेल नर्सरियों व स्टेडियमों में तैनात कोच के व्यवहार भी आपत्ति जताते हुए स्पष्ट हिदायत जारी की है कि कोचों का खिलाड़ियों और उनके परिजनों के साथ अच्छा व्यवहार होना चाहिए।

# पिहोवा के डेरा बाबा गरीब नाथ में पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सैनी



अर्थ प्रकाश/मोहित पौलत्स्य

**पिहोवा, 28 अक्तूबर।** पिछले दो दिनों से चल रहा डेरा बाबा गरीब नाथ के मठ में भंडारे के साथ ही नाथ संप्रदाय के साधुओं का महाकुंभ संपन्न हो गया । पीर बाबा शेर नाथ योगी द्वारा साधुओं के सम्मान के साथ ही की गई विदाई के साथ आए हजारों श्रद्धालु साधु संत वापस लौट गए । साधुओं के वापस लौटने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। पीर शेर नाथ द्वारा आयोजित इस 32 धोनी 8 मान के शंखाडाल भंडारे में 20000 से भी अधिक साधुओं ने भाग लिया तथा हजारो की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए । इस मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व नाथ संप्रदाय के पीठाधिश्वर योगी आदित्यनाथ ने उपस्थित संतो व अन्य गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपनी विरासत का संरक्षण करते हुए 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए मिलकर कार्य करना है। उन्होंने कहा कि समाज में अच्छे लोग चुनकर आते हैं तो उसके परिणाम भी अच्छे आते हैं और इसका साक्षात परिणाम हरियाणा की जनता ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाकर दिया है। निस्वार्थ भाव से काम करके विकास के रास्ते प्रशस्त होते हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म हमारा सबसे बड़ा धर्म है और इसमें हमें संतों का सानिध्य प्राप्त होता है। उन्होने कहा कि वर्तमान जीवन आने वाली पीढी को समर्पित करके देश निर्माण में लग जएं यहीं हमारी सनातनी परम्परा है। हमे गंगा यमुना नर्मदा आदि पवित्र नदियो में स्नान करने से पुण्य प्राप्त होता है। परन्तु विधा की देवी सरस्वती के बिना सब शून्य है। इसी सरस्वती नदी के तट पर आज साधूओ को महा कुंभ हो रहा है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विरासत का संरक्षण करके उज्वल भविष्य के साथ हम भारत को दुनिया की सबसे बडी ताकत बना सकते है। प्रयागराज के कुंभ की चर्चा करते हुए कहा कि जिसमें हमें संतों का आर्शीवाद प्राप्त होगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्राचीन काल से ही संतो के सम्मेलन हो रहे हैं और संतो के सम्मेलन होने से हमें काफी लाभ मिलता है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमे अपनी संस्कृति पर गर्व है। सनातन धर्म का संरक्षण करते हुए देश को आगे ले जाने का काम किया जा रहा है। इससे पहले डेरा सिद्ध बाबा गरीब नाथ मठ के महंत पीर योगी श्री शेरनाथ जी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया तथा शॉल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया।

# महाराजा अग्रसैन ने संसार को समरसता का पाठ पढ़ाया: सावित्री जिंदल

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द्र जैन

**करनाल, 28 अक्तूबर।** हिसार की एमएलए व जिंदल औद्योगिक समूह की चेयरपर्सन श्रीमती सावित्री जिन्दल ने कहा है कि महाराजा अग्रसैन ने संसार को समरसता का पाठ पढ़ाया। उनके बताए रास्ते पर चल कर समता मूलक समाज की स्थापना की जा सकती हैं। वह वैश्य भवन चैरिटेबल ट्रस्ट व अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन कोर ग्रुप करनाल द्वारा सैक्टर 8 स्थित नवनिर्मित महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित अग्रसेन जयंती का भव्य विशाल कवि सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। इस अवसर पर जगमोहन आनंद, विधायक और ब्रज गुप्ता कार्यकारी अध्यक्ष भाजपा, श्रीमती रेनू बाला गुप्ता पूर्व मेयर करनाल एवम शहर के गणमान्य व्यक्तिओं व उद्योगपतियों ने विशिष्ट अतिथियों के रूप में शिरकत की। अ श्रीमती सावित्री जिन्दल ने करनाल वैश्य समाज की भूरि भूरि प्रशंसा की। कवि सम्मेलन में देश विदेश में विख्यात कविगण डॉ अनामिका जैन अम्बर व सौरभ जैन सुमन ने अपनी चिर परिचित शैली में हास्य व वीर रस की कविताओं का पाठ कर उपस्थित जन समुदाय को निरन्तर तीन घंटे तक मंत्रमुग्ध रखा। जयंती समारोह के सफल आयोजन में सर्व श्री जगमाल गुप्ता,डॉ पी के जैन,प्रदीप बंसल, हरीश अग्रवाल, शशी गुप्ता, सौरभ गुप्ता विनोद गुप्ता,दीपक गुप्ता, अंकुर गुप्ता, नरेंद्र गोयल, विनय बंसल, रमेश जिन्दल आदि का विशेष सहयोग रहा। उत्सव में सर्व श्री पदम सैन गुप्ता, विनोद गोयल, सतीश गोयल, पंकज गोयल, रमेश गुप्ता, रतन लाल बंसल,संजय गुप्ता, राजेश गोयल, रविन्द्र अग्रवाल,रतन जैन, सुशील जैन, डॉ एस के गोयल,अशोक जैन, ब्रिज गर्ग, प्रदीप गुप्ता, वीरेश जैन, योगेश गोयल, गौतम जैन, आशा गोयल आदि अपार जनसमूह ने भाग लिया। उत्सव के समापन में सभी अतिथियों को महाराजा अग्रसेन भवन का सुन्दर मॉडल भेंट किया गया।




# दिव्यांग छात्रा के लिए पीएम मोदी ने बीच में रोका रोड शो, पेंटिंग देख हुए गदगद

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नई दिल्ली, 28 अक्तूबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज के साथ वडोदरा में रोड शो किया। उनका ये रोड शो वडोदरा एयरपोर्ट से टाटा के प्लांट तक करीब पौने तीन किलोमीटर का रहा। उनके रोड शो को लेकर लोगों में खासा उत्साह नजर आया। रोड शो के रास्ते के दोनों किनारों पर भारी संख्या में लोग उन्हें देखने के लिए पहुंचे।

इस दौरान कई लोग पोस्टर और बैनर लेकर भी खड़े रहे। इसी बीच पीएम मोदी के रोड शो का एक अनोखा नजारा भी देखने को मिला। दरअसल एक विकलांग छात्रा रोड शो में पीएम मोदी और उनके स्पेनिश समकक्ष सांचेज की पेंटिंग लेकर पहुंची। इसका वीडियो भी सामने आया है।

वीडियो में देखा जा सकता है कि रोड शो के दौरान पीएम मोदी का काफिला आगे बढ़ता है तो उनकी नजर सड़क किनारे खड़ी एक दिव्यांग छात्रा पर पड़ती है। जो उनकी और स्पेन के पीएम की हस्तनिर्मित तस्वीरों लेकर पहुंची। इसके बाद पीएम मोदी अपने सुरक्षा अधिकारी से वह पेंटिंग लाने के लिए कहते हैं। पीएम मोदी और पेड्रो सांचे छात्रा की पेंटिंग देखकर काफी खुश होते हैं। दोनों नेता छात्रा की पेंटिंग को देखकर इतना गदगद हो जाते हैं कि वह खुद रोड शो को बीच में रोककर छात्रा से मिलने पहुंच जाते हैं।

पीएम मोदी छात्रा से नाम भी पूछते हैं और हाल-चाल जानते हैं। इतना ही नहीं पेड्रो सांचेज भी बच्ची से मिलते हैं और उससे हैंडशेक करते हैं। दोनों नेता छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं भी देते हैं।

बता दें कि पीएम मोदी ने जिस दिव्यांग छात्रा के लिए अपना काफिला बीच में रोका, उसका नाम दीया गोसाई है और वह एमएस यूनिवर्सिटी में पढ़ती है।

उधर, पीएम मोदी का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिस पर यूजर्स अलग-अलग कमेंट दे रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) के टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज की मौजूदगी में किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि 'मेड इन इंडिया' टाटा-एयरबस सी-295 विमान को भविष्य में निर्यात भी किया जाएगा। यह फैसिलिटी भारत की नागरिक विमान डिजाइन और निर्माण क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ वडोदरा को एक प्रमुख विमानन केंद्र के रूप में स्थापित करेगी।

पीएम मोदी ने सभा को बताया कि टाटा-एयरबस सी-295 विमान संयंत्र में देश की माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज द्वारा कम से कम 18,000 पुर्जों का निर्माण किया जाएगा, जिससे नए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे।

## महाराष्ट्र चुनावः भाजपा की तीसरी लिस्ट जारी, 25 प्रत्याशियों के नाम

भाजपा ने महाराष्ट्र के नांदेड़ लोकसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए डॉ. संतुक मारोतराव हंबर्डे को पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया है। इसके साथ ही पार्टी ने महाराष्ट्र में हो रहे विधानसभा चुनाव को लेकर 25 उम्मीदवारों की तीसरी लिस्ट भी जारी कर दी है। भाजपा ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सोमवार को जारी किए गए अपने 25 उम्मीदवारों की तीसरी सूची में मुर्तिजापुर से हरीश मारोतिअप्पा पिंपले, कारंजा से सई प्रकाश डहाके, तेओसा से राजेश श्रीराम वानखड़े, मोर्शी से उमेश (चंदू) आत्मारामजी यावलकर, आर्वी से सुमित किशोर वानखेड़े, कटोल से चरणसिंग बाबूलालजी ठाकुर, सावनेर से डॉ. आशीष रंजीत देशमुख, नागपुर मध्य से प्रवीण प्रभाकरराव दटके, नागपुर पश्चिम से सुधाकर विठ्ठलराव कोहले और नागपुर उत्तर से डॉ. मिलिंद पांडुरंग माने को उम्मीदवार घोषित किया है। भाजपा ने उम्मीदवारों की तीसरी सूची में साकोली से अविनाश आनंदराव ब्राह्मणकर, चंद्रपुर से किशोर गजाननराव जोरगेवार, आर्णी से राजू नारायण तोडसाम, उमरखेड़ से किशन मारुति वानखेड़े, देगलुर से जितेश रावसाहेब अंतापूरकर, दहानू से विनोद सुरेश मेढ़ा, वसई से स्नेहा प्रेमनाथ दुबे, बोरीवली से संजय उपाध्याय, वर्सोवा से भारती हेमन्त लव्हेकर, घाटकोपर पूर्व से पराग किशोरचंद्र शाह, आष्टी से सुरेश रामचन्द्र धस, लातूर शहर से अर्चना शैलेश पाटिल चाकुरकर, मालशिरस से राम विठ्ठल सतपुते, कराड उत्तर से मनोज भीमराव घोरपडे और पलूस-कड़ेगांव से संग्राम संपतराव देशमुख को भी विधानसभा के चुनावी मैदान में उतारा है।

## झारखंड चुनावः साहब की शॉपिंग नहीं रूकी, आयोग ने की कार्रवाई

**रांची (अप्रस)।** भारत के निर्वाचन आयोग ने झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए जनरल ऑब्जर्वर के तौर पर तैनात किए गए त्रिपुरा कैडर के आईएएस अफसर मो. जुबैर अली हाशमी के खिलाफ गंभीर शिकायतें मिलने के बाद उन्हें वापस बुला लिया है। उन्होंने सरकार के पैसे से निजी उपयोग के लिए चप्पल, अंडरगारमेंट, एयरपॉड्स, मोजे, टी-शर्ट सहित कई सामान खरीदवाए। इतना ही नहीं, पत्नी और बच्चों की हवाई यात्रा के लिए एयर टिकट भी सरकारी खर्चे पर बनवाए। इसकी जानकारी सामने आने के बाद राज्य के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के. रवि कुमार की अनुशंसा पर आयोग ने उन्हें चुनाव की ड्यूटी से तत्काल हटा दिया है। मो. जुबैर अली हाशमी 2008 बैच के त्रिपुरा कैडर के आईएएस हैं। आयोग के निर्देश पर उन्हें झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पूर्वी सिंहभूम जिले की पोटका सीट पर जनरल ऑब्जर्वर के तौर पर प्रतिनियुक्त किया गया था। प्रोटोकॉल के तहत, पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारी के आदेश पर उनके लिए संपर्क पदाधिकारी के तौर पर पथ निर्माण विभाग के एक सहायक अभियंता जितेंद्र कुमार मिश्र को प्रतिनियुक्त किया गया था। झारखंड पहुंचते ही उन्होंने संपर्क पदाधिकारी के जरिए सरकार के खर्चे पर जमकर खरीदारी कराई।

## न्यूज ब्रीफ

### विधायक के निवास पर दीपावली मिलन समारोह कल

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** विधायक आदित्य सुरजेवाला के निवास पर 30 अक्तूबर को दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला, कैथल के विधायक आदित्य सुरजेवाला व हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य सुदीप सुरजेवाला कार्यकर्ताओं के साथ दीवाली का त्यौहार मनाएंगे। हर साल की तरह इस बार भी इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से व कैथल से धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं, विभिन्न राजनीतिक व कांग्रेस के कार्यकर्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला के साथ दीवाली का महापर्व मनाएंगे। तीस अक्टूबर को सुबह 10 बजे से दीवाली मिलन समारोह शुरू होगा।

### रत्नावली में आरकेएसडी कॉलेज बना ओवर ऑल विजेता



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** आरकेएसडी कालेज ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में हुए राज्य स्तरीय रत्नावली महोत्सव में अव्वल प्रदर्शन करते हुए ओवर आल ट्राफी पर कब्जा किया है। कुल 34 विधाओं में से 28 विधाओं में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा थिएटर विधा की ट्राफी भी जीती। डा. अशोक अत्रि, प्रो. ऋचा लांग्यान एवं डा. राजीव शर्मा के नेतृत्व में 90 विद्यार्थियों ने इन विधाओं में भाग लिया। कालेज द्वारा जीते गए विधाओ के परिणाम ये रहे। रिचवल प्रथम, रागनी प्रथम, चौपाल प्रथम, पगडी बांधना द्वितीय, शोर्ट फिल्म द्वितीय, ड्यूट रागनी द्वितीय, ह. कोरियोग्राफी द्वितीय, फैशन शो द्वितीय, मोनो एक्टिंग द्वितीय, टिट बिट द्वितीय, ओल्ड एंटिक द्वितीय, स्किट द्वितीय, हरियाणवी क्विज द्वितीय, हरियाणवी कविता द्वितीय, सांग द्वितीय, हरियाणवी आरक्रेस्ट्रा तृतीय, सोलो डांस मेल तृतीय, डैक्लेमेशन तृतीय, रसिया तृतीय, हरियाणवी नाटक तृतीय, डैक्लेमेशन चतुर्थ, लोक गीत चतुर्थ, हरियाणवी लोकगीत चतुर्थ, गजल चतुर्थ, भजन पाचवां, हरियाणवी लोक वाद्य पाचवां, हरियाणवी नाटक द्वितीय बैस्ट एक्टर और स्किट द्वितीय बैस्ट एक्ट्रेस। प्रधान प्रबंधन समीति अश्वनी शोरेवाले एवं समस्त प्रबंधन समिति, प्राचार्य डा संजय गोयल ने सभी विजेताओं एवं टीम संयोजकों को बधाई दी। इससे पहले 2009 में वर्तमान प्राचार्य एवं तत्कालिक संयोजक डा संजय गोयल के संयोजन में पिछली बार महाविद्यालय रत्नावली का विजेता बना था।

### आईजी कॉलेज में दीपावली पर स्टाफ को किया सम्मानित



**कैथल (अप्रस)।** इंदिरा गांधी पीजी महिला महाविद्यालय में दीपावली के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. आरती गर्ग व सायंकालीन सत्र की प्राचार्या प्रभारी श्वेता तंवर ने सभी का कॉलेज प्रांगण पहुंचने पर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक समिति के प्रधान राम बहादुर खुरानिया व महिला महाविद्यालय समिति के प्रधान जगदीश बहादुर खुरानिया एवं सभी मैनेजमेंट सदस्यों तथा स्टाफ द्वारा दीपदान कर भगवान राम को याद करते हुए की गई। कॉलेज प्रबंधक समिति ने सभी प्रथम से चतुर्थ श्रेणी के सदस्यों को बहुत बेहतरीन सुंदर-सुंदर उपहार देकर दीपावली की शुभकामनाएं दी। प्रबंधक समिति के प्रधान राम बहादुर खुरानिया ने बताया कि कॉलेज की छात्राओं ने हाल ही में विश्वविद्यालय द्वारा घोषित बीए व बीसीए प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में भी शानदार प्रदर्शन किया व यूथ फेस्टिवल में भी 19 में से 16 प्रतियोगिताओं को जीता जो केवल कॉलेज के बेहतरीन अनुशासन व स्टाफ की मेहनत के परिणामस्वरूप है। दीपावली की शुभकामनाएं देने के लिए प्रबंधक समिति के उप- प्रधान अरविंद खुरानिया, सचिव नरेंद्र मिगलानी, सदस्य सुरेश गुप्ता, कृष्ण मिगलानी, राजीव लाटका, सतीश चावला, पुनीत गुप्ता व नरेश गुप्ता उपस्थित रहे।

दैनिक अर्थ प्रकाश
NEWSPAPER DIGITAL MEDIA HOUSE
टोहाना से अर्थ प्रकाश अखबार में विज्ञापन व समाचार देने के लिए संपर्क करें:-
संजीव सिंगला
97281-99985

# दोषी अफसरों को बचाने वाले जांच अधिकारियों पर होगी सख्त कार्रवाई: योगी आदित्यनाथ

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



**लखनऊ, 28 अक्तूबर।** योगी सरकार 'जीरो टॉलरेंस नीति' के तहत लगातार भ्रष्टाचार पर शिकंजा कस रही है। साथ ही, कार्यों में लापरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी सख्त एक्शन ले रही है। इसी के तहत योगी सरकार ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के जांच अधिकारियों को जांच के दायरे में आने वाले अधिकारी और कर्मचारी की रिपोर्ट को स्पष्ट करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को जांच रिपोर्ट में 'आंशिक रूप से आरोप प्रमाणित' शब्द का उल्लेख न करने के निर्देश दिये हैं। श्री योगी ने जांच रिपोर्ट में 'आरोप सही' या 'निराधार पाया गया' जैसे स्पष्ट शब्दों का प्रयोग करने के निर्देश दिए ताकि दोषी अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। मुख्यमंत्री ने ऐसा न करने वाले नामित जांच अधिकारी के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के निर्देश दिये है।

**दोषी को बचाने वाले नामित जांच अधिकारी के खिलाफ भी होगी सख्त कार्रवाई:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में सिंचाई एवं जल विभाग की समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों ने विभागीय लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ होने वाली विभागीय और अनुशासनिक कार्रवाई को नामित जांच अधिकारी द्वारा संस्थित किये जाने वाली रिपोर्ट के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट में नामित अधिकारी द्वारा 'आंशिक रूप से आरोप प्रमाणित' शब्द का प्रयोग किये जाने की बात बतायी। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को यह भी बताया कि जांच रिपोर्ट में स्पष्ट आरोप न होने की वजह से कार्रवाई करने में अक्सर परेशानी आती है। मुख्यमंत्री ने इस जांच रिपोर्ट के नामित अधिकारियों को जांच रिपोर्ट में 'आंशिक रूप से आरोप प्रमाणित' शब्द का प्रयोग न करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि नामित जांच अधिकारी इस शब्द का प्रयोग कर कहीं न कहीं दोषी को बचाने का प्रयास कर रहे हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, विभागीय नियमावली में भी ऐसे किसी शब्द का उल्लेख नहीं है। श्री योगी ने कहा कि आगे से किसी भी जांच अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में इस शब्द का प्रयोग किया तो उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। श्री योगी ने बैठक में अधिकारियों को जांच रिपोर्ट में 'आरोप सिद्ध पाया गया' या - निराधार पाया गया' का स्पष्ट उल्लेख करने का निर्देश दिया ताकि लापरवाह अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ एक्शन लिया जा सके। मुख्यमंत्री योगी की नाराजगी पर विभाग में हड़कंप मच गया है। इस पर शासन ने विभाग को आनन फानन में जीओ जारी कर निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये हैं।

## मोबाइल टावर से 80 लाख के आरआरयू चोरी करने वाले गैंग के 4 गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (अप्रस)।** ग्रेटर नोएडा में क्विक रिस्पांस टीम (सीआरटी) और थाना बिसरख पुलिस ने ज्वाइंट ऑपरेशन में टावर से कीमती उपकरण चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 10 आरआरयू बरामद किए गए। बरामद माल की अनुमानित कीमत करीब 80 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने बताया कि सीआरटी व थाना बिसरख पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन में एनसीआर क्षेत्र में मोबाइल टावरों से रेडियो रिसीवर यूनिट, बैटरी और अन्य सामान को चोरी करने वाले चार आरोपियों मोहम्मद आजाद, आकाश कुमार, रिहान और जहीरुद्दीन को भगत मार्केट के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में पता चला कि ये लोग राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली-एनसीआर में कई स्थानों पर टावर से रेडियो रिसीवर यूनिट, बैटरी व अन्य कीमती उपकरण चोरी करते हैं। नोएडा में मोबाइल टावर से चोरी के सामान को गिरोह दिल्ली में बेचता है।

## उच्च न्यायालय में तीन अतिरिक्त न्यायाधीशों का शपथ ग्रहण



अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

**अमरावती, 28 अक्तूबर।** प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश धीरज सिंह ठाकुर ने आंध्रप्रदेश राज्य उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त तीन न्यायाधीशों ने शपथ दिलाई।

वे सर्वश्री महेश्वर राव कुंचम (उर्फ कुंचम), थूता चंद्र धन शेखर (उर्फ टीसीडी शेखर), चल्ला गुणरंजन ने सोमवार को उच्च न्यायालय के प्रथम न्यायालय कक्ष में शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश ठाकुर ने अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई।

उच्च न्यायालय में अतिरिक्त न्यायाधीशों के सबसे मामूली शपथ ग्रहण समारोह में राज्य उच्च न्यायालय के कई न्यायाधीश, महाधिवक्ता दम्मालापति श्रीनिवास, एपी बार काउंसिल के अध्यक्ष द्वारकानाथ रेड्डी, उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के. चिदंबरम, उप सॉलिसिटर जनरल पी. पोन्ना राव, उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल डॉ. वाई. लक्ष्मण राव, कई रजिस्ट्रार, बार एसोसिएशन, बार काउंसिल के सदस्य और अन्य लोग शामिल हुए।

# आरेडिका में सर्तकता जागरूकता सप्ताह की शुरूआत

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**लखनऊ, 28 अक्तूबर।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 की आज दिनांक 28.10.2024 को शुरूआत की गई। इस अवसर पर सतर्कता प्रतिज्ञा ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने नीतिपरक कार्य पद्धतियों को अपनाने, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की संस्कृति को प्रोत्साहन देने तथा रिश्वत न लेने और न देने की नीति संहिताओं का अनुपालन करने के लिए शपथ दिलायी। इसी के साथ ही अन्य सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्य स्थल पर शपथ ग्रहण की।

प्रशासनिक सभागार में प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राजीव खण्डेलवाल ने ''गुणवत्ता में सुधार और सर्तकता पहलुओं '' पर एक प्रजेण्टेशन के माध्यम से समझाया कि हम किस प्रकार एक गुणवत्ता में सुधार के लिए एक लिखित योजना बना सकते हैं जिससे बड़ी आसानी से गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है।

इसी कड़ी में आज शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में ''सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि'' विषय पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

इस अवसर आरेडिका के मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं एसडीजीएम अकमल वदूद, प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता हरीश चन्द्र, प्रधान वित्त सलाहकार बीएल मीना, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राजीव खण्डेलवाल, प्रधान मुख्य अभियंता एसपी यादव, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री रमेश चन्द्र सहित उच्च अधिकारी एवं कर्मचारियों उपस्थित रहे।

# केनरा बैंक द्वारा मेगा रिटेल लोन आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 28 अक्तूबर।** केनरा बैंक पानीपत स्थित सेक्टर -12 शाखा में मेगा रिटेल एक्स्पो का पानीपत सेक्टर 12 में आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय पानीपत प्रमुख श्रीमती सुनीता कुमारी, शाखा प्रबंधक श्री सुखदेव कौशिक, केनरा बैंक पानीपत की सभी शाखाओं के शाखा प्रबन्धक, शहर के व्हीकल डीलर्स और प्रमुख बिल्डर्स उपस्थित रहे। उपस्थित ग्राहको को विविध रिटेल उत्पादों की जानकारी दी गयी। इसमें मुख्यतः कार लोन, हाउसिंग लोन, पर्सनल लोन एवं शिक्षा लोन के बारे में बताया गया। इस अवसर पर बैंक की सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाने हेतु सभी को आमंत्रित किया गया और मंजूरी पत्र भी दिए गए

## लखनऊ के कई बड़े होटलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**लखनऊ (अप्रस)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में लगातार दूसरे दिन सोमवार को बम की धमकी मिली। हजरतगंज थाना क्षेत्र में रेनेसां होटल, ताज होटल और सिलवेट होटल को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी दी गई। जानकारी के मुताबिक, सोमवार को धमकी भरा एक ईमेल भेजा गया। इसमें लखनऊ के कई नामी होटलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। सूचना मिलने के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस हरकत में आई। पुलिस और बम स्क्वॉड की टीम जांच के लिए होटल पहुंची और डॉग स्क्वॉड की मदद से तलाशी ली। हालांकि, इस दौरान उन्हें कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इससे पहले रविवार को भी ईमेल के जरिये कई होटलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी जो बाद में फर्जी साबित हुई। लखनऊ के राणा प्रताप मार्ग स्थित होटल फॉर्चून, लेमन ट्री, होटल मैरियट समेत कई होटलों को धमकी मिली। इसके बाद आनन-फानन में होटल संचालकों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस बड़े पैमाने पर जांच में जुट गई। दीपावली के मद्देनजर होटलों और मार्केट में पुलिस की टीम लगातार चेकिंग अभियान चला रही है।

# एनडीए की बैठक खत्म, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 220 से ज्यादा सीटों का तय किया लक्ष्य

अर्थ प्रकाश/अहमद इम्तियाज



**पटना, 28 अक्तूबर।** बिहार में चार विधानसभा सीटों पर हो रहे उप चुनाव को लेकर प्रदेश में सियासी हलचल तेज है। सोमवार को मुख्यमंत्री आवास पर हुई एनडीए की बैठक ने सियासी पारा को और बढ़ा दिया। बैठक में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी घटक दलों के नेताओं को 220 से ज्यादा सीट जीतने का लक्ष्य दिया, वहीं एनडीए में एकजुटता का संदेश भी दिया।

एनडीए की बैठक समाप्त होने के बाद बाहर निकले उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पत्रकारों को बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अगले चुनाव में 243 सीटों में से 220 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करने का लक्ष्य दिया है। इसके अलावा बिहारी शब्द को जिसने गाली बनाया और जिसने जातीय उन्माद फैलाया, उससे प्रदेश को मुक्त करने का संदेश भी दिया।

उन्होंने दावा करते हुए कहा कि एनडीए में शामिल सभी पांच दल पंचामृत की तरह एकजुट होकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। समन्वय को लेकर पूछे गए प्रश्न पर उन्होंने कहा कि सभी साथ हैं, यही तो समन्वय है। इसे लेकर भी चर्चा हुई।

इधर, जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि एनडीए के घटक दलों के नेता, प्रदेश अध्यक्ष, कुछ दलों के राष्ट्रीय अध्यक्ष बैठक में शामिल हुए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित दल के वरिष्ठतम नेताओं ने संबोधित किया और एकजुटता का संकल्प लिया। बैठक में जिला स्तर से लेकर पंचायत स्तर पर जाकर लोगों को बिहार सरकार की उपलब्धियों और केंद्र सरकार से मिलने वाली विशेष सहायता राशि सहित बिहार की विकास यात्रा को बताने की बात कही गई।

बैठक में जदयू, भाजपा, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा, लोजपा (रामविलास) तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेताओं ने हिस्सा लिया।


## आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

ई-निविदा सूचना सं.:-इलेक्ट-पीएस-20566-आरटी-2 दिनांकः- 26.10.2024

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/पीएस/एमसीएफ/आरबीएल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु वांछित प्रोफार्मा पर योग्य निविदाकारों से एकल पैकेट प्रणाली आधारित खुली ई-निविदा भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नामः** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, लालगंज, रायबरेली में सोहावल गेट पर 2x110 किलोवाट कंप्रेसर के प्रावधान के लिए विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, **कार्य स्थलः** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, लालगंज, रायबरेली, **अनुमानित लागतः** ₹ 13,20,590.11 (₹ तेरह लाख बीस हजार पांच सौ नब्बे रूपये और ग्यारह पैसे मात्र।), **अग्रिम राशिः** ₹ 26,400.00, (₹ छब्बीस हजार चार सौ मात्र।), **कार्य समाप्ति की अवधिः** 04 (चार माह), **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 22.11.2024 at 15:00 बजे, **अन्य शर्तेः** अन्य विवरण एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/पावर सप्लाई

ई-निविदा सूचना सं0:16/2024-25(खुली)/उमुइं।/एमसीएफ/आरबीएल

उप मुख्य इंजीनियर-I/आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं.**-1, **कार्य का नाम** : 240 पुराने टाईप-III आवासों में अतिरिक्त शौचालय के निर्माण का कार्य।, **निविदा सं0**:16/2024-25-RT, **अनुमानित लागत (₹)**: ₹ 3,71,55,817.49, **निविदा खुलने की तिथिः** 22.11.2024, **कार्य समापन की अवधिः** 12 माह। • निविदाकार निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित निविदा जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिये पूर्व प्रचलित मैनुअल ऑफर प्रक्रिया की अनुमति नहीं है और यदि कोई मैनुअल ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। • अधिक जानकारी के लिए कृपया भारतीय रेलवे की आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।

उप मुख्य इंजीनियर-I

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, उप मुख्य परियोजना प्रबन्धक, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए (**ई-निविदा सं.- एमसीएफ-आरबीएल-एम-आर्गोमिक्स-शेलशॉप2-362-2024 दिनांकः- 28.10.2024**) खुली एकल पैकेट प्रणाली आधारित भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः- **कार्य का नाम** : खुली निविदा के माध्यम से मॉडर्न कोच फैक्ट्री, रायबरेली में न्यू शेल शॉप में आर्गोमिक्स सप्लाई पाइपलाइन की आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत (₹में)**: ₹ 32,19,323.00, **अमानत राशि (₹में)** : ₹ 64,400.00, **कार्य की मात्राः** 01 सेट, **कार्य समापन की अवधिः** 45 दिन या पहले। • ई-निविदा दिनांक-**25.11.2024** को **15.00 बजे तक** ऑन-लाइन जमा कर सकते हैं। हस्त लिखित निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। • ई-निविदा दिनांक- **25.11.2024** को **15.00 बजे के बाद** ऑन-लाइन http://www.ireps.gov.in के द्वारा खोली जाएगी। • ई-निविदा सूचना और टर्म्स एवं कंडीशन का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे की आईआरईपीएस की वेब साइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

उप मुख्य परियोजना प्रबन्धक

ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 56/ईटी/2024-25 दिनांकः 25.10.2024

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 05241232 | 4.5 केडब्लू अंडर सलग टाइप कान्सटैंट वोल्टेज रेगुलेटेड कम इमेरजेंसी बैट्री चार्जर फॉर एलएचबी कोच | 1710 सेट | 20.11.2024 |
| 02 | 03241247A | सेट ऑफ सीटस एंड बर्थस सूटेबुल विद एसएस पीलर फॉर एलएचबी एसी2टी कोचेज | 60 सेट | 29.11.2024 |
| | | सेट ऑफ सीटस एंड बर्थस फॉर एलएचबी एसएलआर एचओजी कोचेज (31 सीटर) | 54 सेट | |
| 03 | 11241358 | सेट ऑफ साइड वाल कम्पलीट फॉर जीएस कोच (ईओजी) विद वाईडर विन्डो (विदाउट पराइमर) | 278 नग | 19.11.2024 |
| 04 | 11241357 | रूफ कम्पलीट फॉर एलडब्लूएस (अन्तोदय दीनदयालू कोच | 278 नग | 26.11.2024 |

शुद्धि पत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 44/ईटी/2024-25 दिनांक:13.09.2024 | टेंडर नं. 03241653 | निविदा खुलने की तिथि 25.10.2024 के स्थान पर 05.11.2024 पढ़ें |
| 02 | 46/ईटी/2024-25 दिनांक: 25.09.2024 | टेंडर नं. 11241185ए | निविदा खुलने की तिथि 29.10.2024 के स्थान पर 08.11.2024 पढ़ें |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/शैल

ग्राहको की सेवा में मुस्कान के साथ

▲ अधिकतम 32 डिग्री से.
डिग्री से. 21 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 6.36 बजे
सूर्यास्त 5.38 बजे

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 79,950.00 |
| सेंसेक्स | 80,005.04 |
| अमेरिका | 84.08 |
| कैनेडियन | 60.52 |
| आस्ट्रेलिया | 55.55 |

### नगर निगम ने आरडब्लयूए को सौंपा था पार्कों की देखरेख का काम, पार्कों में सुबह-सुबह लोगों को ऑक्सीजन की बजाय मिलती है गंदी आबोहवा

# निगम के भरोसे पर खरी नहीं उतर रही आरडब्लयूए!

**809 पार्कों की मेंटेनेंस का जिम्मा 86 आरडब्लयूए को**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 28 अक्टूबर।** नगर निगम ने शहर के विभिन्न पार्कों की देखरेख का जिम्मा सेक्टरों की रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों को सौंपा है लेकिन वह इनकी मेंटेनेंस करने में नाकाम साबित हो रही हैं। शहर के ज्यादातर पार्कों की स्थिति बदहाल है। जिन पार्कों में लोग सुबह-सुबह सैर करने और ताजी ऑक्सीजन लेने पहुंचते हैं उन्हें गंदी बदबू से दो-चार होना पड़ता है। पार्कों के हालात एसोसिएशनों को सौंपे जाने से पहले से भी बदतर हो गये हैं। विभिन्न सेक्टरों से लोग बार बार निगम के पास शिकायतें पहुंचा रहे हैं लेकिन न तो निगम और न ही एरिया काउंसलर और न ही आरडब्लयूए इन्हें सुंदर बनाये रखने की दिशा में कोई काम कर रही हैं। नगर निगम की यह कोशिश पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है। पार्षद निगम के फैसले पर खुद सवाल उठा रहे हैं। रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों को मोटी रकम निगम की ओर से पार्कों की मेंटेनेंस के लिये मिलती है लेकिन पैसा कहां जाता है, इसका कोई जवाब नहीं मिल पा रहा। पार्कों की मेंटेनेंस का काम प्रति स्कवायर वर्ग के हिसाब से नगर निगम की ओर से दिया जाता है। इसी के अनुरूप राशि भेजी जाती है लेकिन राशि कहां खर्च हो रही है, इसका कोई हिसाब देने को तैयार नहीं। बीते दिनों तो काउंसलरों ने निगम की बैठक में सवाल उठाया कि जो पार्क आरडब्लयूए को मेंटेनेंस को दिये गये हैं और उसके लिये राशि जारी की गई है, उसका बाकायदा ऑडिट होना चाहिए। आरडब्ल्यूए को प्रति माह 39 लाख का किया जा रहा भुगतान।

नगर निकाय शहर में 809 पड़ोस पार्कों की मेंटेनेंस के लिये कुल 86 आरडब्ल्यूए को हर महीने 39 लाख का भुगतान कर रहा है। एमसी के अधिकार क्षेत्र में 2,300 एकड़ में, 1,800 नेबरहुड पार्क हैं और इनमें से 809 (लगभग 290 एकड़ को कवर करते हुए) का रखरखाव 86 आरडब्ल्यूए द्वारा प्रति माह 4.15 रुपये प्रति वर्ग किमी के हिसाब से किया जा रहा है। एमसी के बागवानी विंग से भाजपा पार्षद सौरभ जोशी की ओर से विवरण मांगा गया था क्योंकि पार्कों के रखरखाव में बहुत सी शिकायतें सामने आ रही थी। विवरण से पता चला कि केवल 86 आरडब्ल्यूए शहर के कुल 35 वार्डों में से 21 में 809 पार्कों का रखरखाव कर रही हैं। दिलचस्प बात यह है कि 86 आरडब्ल्यूए में से 10 को प्रति माह 23.86 लाख का बड़ा हिस्सा मिल रहा है, जबकि शेष 15 लाख का भुगतान 76 आरडब्ल्यूए को किया जा रहा है। सेक्टर 22 की अमृत आरडब्ल्यूए 44 पार्कों का रखरखाव कर रही है और हर महीने 2.84 लाख ले रही है, जबकि सेक्टर 22 की आरडब्ल्यूए 54 पार्कों का रखरखाव 2.65 लाख में कर रही है। इसी तरह, अटावा के क्लीन ग्रीन आरडब्ल्यूए को 2.36 लाख मिल रहे हैं। आप पार्षद दमनप्रीत सिंह के वार्ड में स्थित पार्क के लिये आरडब्ल्यूए को हर महीने 1 लाख मिल रहे हैं, लेकिन वह कुछ नहीं कर रही है।

### लोगों के साथ हर सप्ताह लेते हैं जायजा: देवेंद्र सिंह बबला



सेक्टर 29 के पार्कों की देखरेख का जिम्मा भी करीब आधा दर्जन से ज्यादा रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों के भरोसे है। वार्ड के पार्षद देवेंद्र सिंह बबला का कहना है कि एसोसिएशन उनके वार्ड में करीब 60 से 70 पार्कों की देखरेख कर रही है। हर सप्ताह वह इन पार्कों का इलाके के लोगों की टीम के साथ जायजा लेते हैं। लोग इनकी मेंटेनेंस से पूरी तरह खुश हैं। कहीं कोई कमी नजर आती है तो इन एसोसिएशनों को आगाह किया जाता है। उन्होंने कहा कि सेक्टर 28 सी और 28 बी के जो पार्क हैं उनकी देखरेख आरडब्लयूए के पास नहीं है क्योंकि यहां सरकारी मकान हैं। देवेंद्र बबला ने बताया कि उनके सेक्टर में कई पार्कों की देखरेख का जिम्मा सीबीआई, एफसीआई या अन्य संस्थानों ने अपने हाथ लिया था। इन संस्थानों ने अपने बड़े बड़े बोर्ड तो लगा दिये लेकिन देखरेख के नाम पर कुछ नहीं किया। इसकी वजह से कई पार्कों के बुरे हाल हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासक के सलाहकार को बाकायदा इस बाबत लिखा है कि इनको पार्कों की दी गई अलॉटमेंट कैंसिल की जाए। जो वाकई काम करना चाहते हैं पार्क उनके हवाले किया जाए। अर्थप्रकाश अखबार के सामने के पार्क की देखरेख का जिम्मा प्रशासन के हवाले है। इसकी देखरेख को लेकर चीफ इंजीनियर सीबी ओझा से बातचीत करेंगे और इसे ज्यादा बेहतर बनाने की मांग करेंगे।

### कुछ पार्क देखता है प्रशासन

अर्थ प्रकाश के बराबर वाले पार्क की देखरेख कर रही आरडब्ल्यूए के हरीश छाबड़ा का कहना है कि वह क्षेत्र में पांच पार्कों की देखरेख करते हैं और जहां कहीं भी दिक्कत होती है, उसे ठीक कराने का प्रयास रहता है। इलाके के कुछ पार्क प्रशासन देखता है और उनकी देखरेख की जिम्मेदारी उन्हीं की है।

### सेक्टर 29 डी के पार्क के बुरे हालात, गेटों पर कूड़े के ढ़ेर, टाइलें टूटी हुई, लाइटें बंद



चंडीगढ़ के सेक्टर 29-डी के पार्क के पास गंदगी का जबरदस्त आलम है। पार्क के दोनों तरफ कूड़े के ढ़ेर लगे हैं। इसके गेटों पर टूटी टाइलें आपका इस्तकबाल करती हैं। पार्क के अंदर पेड़ों की कटाई-छंटाई भी प्रॉपर तरीके से नहीं होती है। द पार्क के साथ से गुजरती सड़क पर महीने के कई दिन सीवरेज का पानी जमा रहता है जिससे न केवल बदबू उठती है बल्कि मक्खी-मच्छर भी पैदा होते हैं। यहां के निवासियों को इससे कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। उन्हें सैर के लिए पार्क में आने के लिये मशक्कत करनी पड़ती है और इस सीवरेज भरे पानी में से निकल कर आना पड़ता है। पार्क के भीतर भी मेंटेनेंस सही नहीं है। यहां कई जगह बेतरतीब घास खड़ा है। पार्क के भीतर आने वाले खाने पीने के रैपर गिरा जाते हैं, उसकी सफाई इत्यादि का भी कोई इंतजाम नहीं है। पार्क में माली भी खड़े घास को काटने की जद्दोजहद नहीं करते। लोग खुद बखुद ही पार्क की मेंटेनेंस की नगर निगम से शिकायत कर रहे हैं लेकिन कोई इसे ठीक कराने की दिशा में काम नहीं कर रहा। पार्क के बाहर भी और अंदर भी कई जगह पानी जमा रहता है। डेंगू का सीजन चल रहा है और बड़ी तादाद में बीमारी के केस भी आ रहे हैं लिहाजा इसको लेकर आसपास के निवासियों में चिंता है। नगर निगम को इसकी शिकायत कई बार की जा चुकी है लेकिन निगम कर्मचारी और अधिकारी यह कहकर इतिश्री कर लेते हैं कि पार्कों की जिम्मेदारी रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों के पास है। पार्क के इर्दगिर्द भी जंगल बना है। इसमें पौधे लगे हैं लेकिन यहां भी झाड़ियों इत्यादि को साफ करने का काम नहीं होता। पार्क में असामाजिक तत्वों का भी बोलबाल है। यहां के निवासी सुबह-शाम पार्क में सैर करने निकलते हैं लेकिन उन्हें यहां की परिस्थितियां देखकर शर्मिंदा होना पड़ता है। पार्क में जोड़े भी पेड़ों की आड़ में या बैंचों पर बैठे रहते हैं ऐसी गतिविधियों में लिप्त रहते हैं जिससे यहां से निकलने वालों को मुंह नीचा करके जाना पड़ता है। उधर नशे करने वाले भी पार्क में डेरा जमाये रहते हैं। पीसीआर यहां चक्कर तो लगाती है लेकिन ऐसे तत्वों पर ध्यान नहीं देती। चूंकि यहां जंगल भी लगता है लिहाजा इनमें भी सफाई कर्मी मकानों से उठाकर कूड़ा डाल जाते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### कमानीदार चाकू रखने के मामले में आरोपी काबू

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना 26 पुलिस ने कमानीदार चाकू रखने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान बापू धाम कालोनी के रहने वाले विशाल के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक पता चला कि थाना पुलिस की टीम रविवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस सैक्टर 26 स्थित टिंबर मार्किट के पास पहुंची तो पुलिस ने शक के आधार पर आरोपी को रोककर पूछताछ के दौरान उसकी तलाशी ली तो पुलिस को आरोपी के कब्जे से एक कमानीदार चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### ऑनलाइन ठगी के मामले में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना साइबर सैल पुलिस ने ऑनलाइन ठगी करने के मामले में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता इंडस्ट्रियल एरिया निवासी पीड़िता महिला ने पुलिस को बताया कि किसी अज्ञात ने उसे झांसे में लेकर 27 हज़ार रुपए की ऑनलाइन ठगी कर ली। जब पीड़िता को मामले के बारे में पता चला तो जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वित्त एवं अनुबंध समिति ने सेक्टर 24 में पार्क में जॉगिंग ट्रैक के निर्माण को दी मंजूरी

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 28 अक्टूबर।** नगर निगम चंडीगढ़ की वित्त एवं अनुबंध समिति ने सेक्टर 24, चंडीगढ़ में पार्क में जॉगिंग ट्रैक के निर्माण सहित विभिन्न विकासात्मक एजेंडा मदों को मंजूरी दे दी है, जिसकी अनुमानित लागत 10.31 लाख रुपये है।

वित्त एवं अनुबंध समिति की बैठक यहां महापौर कुलदीप कुमार की अध्यक्षता में हुई, जिसमें आयुक्त अमित कुमार, आईएएस और समिति के अन्य सदस्य जसविंदर कौर, महेशिंदर सिंह सिद्धू, लखबीर सिंह, श्रीमती तरुणा मेहता और एमसीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। समिति के सदस्यों ने अन्य महत्वपूर्ण एजेंडा मदों पर विस्तार से चर्चा की तथा निम्नलिखित को स्वीकृति प्रदान की।

300 टीपीडी कम्पोस्टिंग प्लांट दादूमाजरा, चंडीगढ़ में विंडरो पैड क्षेत्र के साथ आरसीसी टो वॉल का निर्माण, जिसकी अनुमानित लागत 15.40 लाख रुपये है। इंद्रा कॉलोनी, मनीमाजरा में छठ पूजा के लिए कार्यक्रम की व्यवस्था, जिसकी अनुमानित लागत 7 लाख रुपये है। चंडीगढ़ के सेक्टर 25 में परित्यक्त सुलभ शौचालयों को ध्वस्त करने के बाद क्षेत्र को घेरने के लिए एमएस फ्लैट रेलिंग के नीचे टो वॉल के निर्माण तथा भूनिर्माण का प्रस्ताव, जिसकी अनुमानित लागत 17.33 लाख रुपये है। डड्डूमाजरा गांव के पाम पार्क, चार मंजिला घरों में स्थित तीन अलग-अलग हरित पट्टियों में तीन सार्वजनिक शौचालय ब्लॉकों का निर्माण, जिसकी अनुमानित लागत 49.77 लाख रुपये है। समिति के सदस्यों ने जिला न्यायालयों, श्रम न्यायालय, स्थायी लोक अदालत, उपभोक्ता फोरम और अन्य निचली अदालतों में नगर निगम चंडीगढ़ द्वारा सूचीबद्ध अधिवक्ताओं की फीस भी 7000 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये प्रति केस कर दी है, जिसमें क्लर्केज और खर्च शामिल हैं।

## मोहाली में दो प्रॉपर्टी कारोबारियों की एक्सीडेंट में मौत

### फार्रच्यूनर और स्कोडा कार में हुई टक्कर, पूर्व सेहत मंत्री के करीबी हैं मृतक

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**मोहाली, 28 अक्तूबर।** पंजाब के मोहाली में दर्दनाक हादसा हुआ है। एक फार्रच्यूनर कार की स्कोडा से टक्कर हो गई। हादसे में स्कोडा सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि फार्रच्यूनर सवार मौके से फरार हो गया। मृतकों की पहचान गुरबंस सिंह राजा ढिल्लों (48) व दलजीत सिंह (43) के रूप में हुई है।

दोनों प्रॉपर्टी कारोबारी थे, वह मूलरूप से तपा के रहने वाले थे और पूर्व सेहत मंत्री बलबीर सिंह सिद्धू के करीबी थे। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर अपनी जांच शुरू कर दी है। पुलिस का दावा है कि फार्रच्यूनर कार सवार को जल्दी ही काबू कर लिया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक यह हादसा रात रविवार रात साढ़े दस बजे का है। तेज रफ्तार फार्रच्यूनर कार ने स्कोडा सवार कार को टक्कर मार दी । स्कोडा कार के कंडक्टर साइड को हिट किया गया। जिससे कार सवार दोनों प्रॉपर्टी कारोबारियों की मौत हो गई। फार्रच्यूनर कार एयरपोर्ट से लांडरा की तरफ जा रही थी, जबकि स्कोडा सेक्टर-79 की तरफ जा रही है। पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग देख रही है। ताकि पता लगाया जा सके कि मौके पर कार कोन चल रहा था।

## वंचित वर्ग के मेधावी छात्रों के कल्याण को 1.11 करोड़ रुपये का चेक सौंपा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 28 अक्तूबर।** समाज के वंचित वर्ग के मेधावी छात्रों को सहायता प्रदान करने की एक अनूठी पहल के तहत, सामाजिक कार्यकर्ता एवं मशहूर बिजनेसमैन विजय पासी ने आज यहां पंजाब राजभवन में पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया को 1.11 करोड़ रुपये का चेक सौंपा।

पंजाब के राज्यपाल ने बताया कि इस राशि का उपयोग 'सोसाइटी फॉर एम्पावरमेंट ऑफ डिसएडवांटेज्ड टैलेंटेड यूथ' के अन्तर्गत पंजाब और यूटी चंडीगढ़ के प्रतिभाशाली युवाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए किया जाएगा। 'सोसायटी फॉर एम्पावरमेंट ऑफ डिसएडवांटेज टैलेंटेड यूथ' ने पंजाब और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के सरकारी स्कूलों के कक्षा 8वीं और 10वीं के मेधावी छात्रों को नकद छात्रवृत्ति और प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित करने हेतु इस पहल की शुरूआत की है।

राज्यपाल ने कहा कि इससे पहले इस साल जुलाई और फरवरी माह में सोसायटी द्वारा 600 विद्यार्थियों को 40 लाख से अधिक की वित्तीय सहायता प्रदान की गई थी तथा यह क्रम नियमित आधार पर जारी रहेगा।

इन विद्यार्थियों को पंजाब राजभवन का भ्रमण भी कराया जाता है, जिससे वे बेहद उत्साहित होते हैं। इनमें से बहुत से छात्र, खास तौर पर पंजाब के दूरदराज के इलाकों से आने वाले छात्रों को चंडीगढ़ जाने का मौका कभी नहीं मिलता, राजभवन तो दूर की बात है। उनके लिए यह एक अनूठा और यादगार अनुभव होता है, जो उन्हें उनके पूरे छात्र जीवन और उसके बाद भी प्रेरित करता है। वास्तव में, इस आयोजन से सभी छात्र गौरव का अनुभव करते हैं और अपनी पढ़ाई और जीवन में अच्छा करने के लिए बेहद प्रेरित होते हैं।

## सीआईआई चंडीगढ़ मेला 2024 में 90 हजार से अधिक पर्यटक आए

**4 दिवसीय मेले में सेलिब्रिटीज लाए ग्लैमर**

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**चंडीगढ़, 28 अक्टूबर।** सीआईआई चंडीगढ़ मेले का 27वां संस्करण चार गतिशील दिनों के बाद समाप्त हो गया, जिसने उपस्थित लोगों को स्थायी यादें दीं और आगामी दिवाली सीजन के लिए उत्सव की भावना को बढ़ावा दिया। 90 हजार से अधिक आगंतुकों को आकर्षित करते हुए, इस वर्ष के मेले ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सामुदायिक जुड़ाव के एक जीवंत केंद्र के रूप में कार्य किया, जिसने स्थायी विकल्पों को बढ़ावा देते हुए स्थानीय परंपराओं का जश्न मनाया।

उपस्थित लोगों ने गोवा, गुजरात, जम्मू और कश्मीर, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के राज्य मंडपों के साथ एक व्यापक खरीदारी अनुभव का आनंद लिया, जो चंडीगढ़ में अद्वितीय कारीगर शिल्प लेकर आए थे। मेले की थीम 'प्लास्टिक-मुक्त शहर' और 'चंडीगढ़ को हॉर्न-मुक्त बनाएं' आगंतुकों को पसंद आई, जिनमें से कई ने स्टालों पर पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों और टिकाऊ प्रथाओं पर जोर की सराहना की।

राज्य मंडप कई आगंतुकों के लिए एक आकर्षण थे, जो अन्य भारतीय राज्यों के प्रामाणिक शिल्प देखना चाहते थे। ÷गोवा और पश्चिम बंगाल के मंडपों में ऐसे आश्चर्यजनक हस्तशिल्प थे! यह मेला वास्तव में भारत की विविध परंपराओं को एक छत के नीचे लाता है। मुझे एक ही स्थान पर शिल्प की ऐसी श्रृंखला देखना अच्छा लगा - यह खरीदारी और सांस्कृतिक अनुभव दोनों है, मोहाली से अनीता सिंह ने साझा किया।

इस वर्ष के आयोजन में 8 समवर्ती एक्सपो के तहत 280+ स्टालों की मेजबानी की गई, जिसमें डेकोर, हॉट कॉट्योर, नॉर्थ इंडिया ऑटो शो और पर्सोना जैसे लोकप्रिय खंड शामिल थे। जीरकपुर से पहली बार आए रजत मल्होत्रा के लिए मेले ने उत्पादों और सौदों की एक प्रभावशाली श्रृंखला प्रदान की। ÷सीआईआई चंडीगढ़ मेला खरीदारों के लिए एक वास्तविक आनंद है! यहां विविधता बेजोड़ है - उत्सव की सजावट से लेकर अद्वितीय शिल्प तक, मेरी पत्नी को एक ही छत के नीचे दिवाली के लिए हमारी जरूरत की सभी चीजें मिल गईं। यह एक उत्सव जैसा लगता है, जिसमें प्रत्येक स्टॉल कुछ विशेष पेश करता है।

खरीदारी से परे, सीआईआई चंडीगढ़ मेला 2024 ने एमएसएमई और महिला उद्यमियों का समर्थन करना जारी रखा, जो व्यापक दर्शकों के साथ दृश्यता और बातचीत के लिए एक प्रमुख मंच प्रदान करता है। सेबी, मैरिको जैसे पहली बार प्रदर्शकों और गुजरात और उत्तर प्रदेश के कारीगरों ने मेले के उत्पादों की गतिशील श्रृंखला में नए उत्पाद शामिल किए, जिससे सभी के अनुभव में वृद्धि हुई।

### मेले में कई हस्तियां हुई शामिल

क्षेत्रीय मनोरंजन उद्योग की उल्लेखनीय हस्तियाँ भी शामिल हुईं, जिससे माहौल जीवंत हो गया। अभिनेता योगराज सिंह अपनी आने वाली फिल्म 'अपने घर बेगाने' का प्रचार करते हुए पहुंचे। प्रशंसक 'चोर दिल' की स्टार कास्ट- अभिनेत्री फिदा गिल और क्रिएटिव प्रोड्यूसर विपन काम्बोल से मिलकर रोमांचित थे, जो 25 अक्टूबर को अपनी फिल्म की रिलीज के ठीक बाद मेले में भाग ले रहे थे। अन्य प्रसिद्ध हस्तियाँ जैसे 'यार अनमुले 2' के निर्देशक हैरी भट्टी; विक्रम थोरी, 'रॉकी मेंटल' के निर्माता-निर्देशक; निर्देशक सिमरजीत हुंदल; अभिनेता और गायक कंवलप्रीत सिंह; और अभिनेता बनिंदरजीत सिंह भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। मिनर्वा अकादमी के रंजीत बजाज ने उत्साह को और बढ़ा दिया, जिससे इस साल का सीआईआई चंडीगढ़ मेला सांस्कृतिक और सिनेमाई आकर्षण का एक यादगार संगम बन गया। सीआईआई चंडीगढ़ मेला 2024 समाप्त हो गया, लेकिन संस्कृति, वाणिज्य और समुदाय के एक प्रिय त्योहार के रूप में अपनी विरासत को मजबूत किए बिना नहीं। 10-13 अक्टूबर 2025 तक अपेक्षित 28वें संस्करण के लिए योजनाएँ पहले से ही चल रही हैं।

## नगर निगम आयुक्त वित्तीय संकट के खस्ताहाल पर श्वेत पत्र जारी करें : कांग्रेस

**निगम को बदहाल करने के जिम्मेदार लोगों को सामने लाया जाए**

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह



**चंडीगढ़, 28 अक्तूबर।** कांग्रेस ने चंडीगढ़ नगर निगम की खस्ताहाल वित्तीय स्थिति के कारण बताते हुए नगर निगम आयुक्त से तुरंत एक श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है ताकि निगम को इस बदहाल हालत में लाने की जिम्मेवार लोगों को जनता के सामने लाया जा सके। चंडीगढ़ कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजीव शर्मा ने वर्ष 2016 से 2023 के बीच की अवधि के दौरान चंडीगढ़ नगर निगम में व्यापत भ्रष्टाचार, अपव्यय और संसाधनों के दुरुपयोग पर कॉंग्रेस पार्टी की गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज चंडीगढ़ के लोगों को यह जानने की ज़रूरत है कि भाजपा के पार्षदों ने इस अवधि के दौरान चंडीगढ़ नगर निगम की वित्तीय स्थिति को किस तरह से बर्बाद कर दिया है, जिसके कारण पहले वर्ष 2017 में और फिर हाल में वर्ष 2023 में शहर के सभी विकास कार्य रोकने पड़े थे। पार्टी प्रवक्ता ने दावा किया कि चंडीगढ़ नगर निगम के पास वर्ष 2015 में 500 करोड़ रुपये की बैंक फिक्स्ड डिपोजिट थी, जिसे अगले कुछ वर्षों में फिजूलखर्ची में खत्म कर दिया गया। 500 करोड़ रुपयों की इस जमा पूँजी को समाप्त करने के बाद निगम पर लगभग 500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर्जा भी चढ़ा दिया गया। उन्होनें आरोप लगाया कि यह सब तब हुआ, जब नगर निगम में भाजपा के महापौर और उनकी पार्टी का बहुमत था।

### 1700 करोड़ बनता है नगर निगम का हिस्सा

कांग्रेस पार्टी ने चंडीगढ़ प्रशासन की भी आलोचना करते हुए कहा कि उसने चंडीगढ़ नगर निगम के नागरिक कार्यों को पूरा करने और अपनी जिम्मेदारियाँ निभाने के लिए ज़रूरी धन के वैध दावे को मनमाने तरीके से अस्वीकार कर दिया है। पार्टी प्रवक्ता नें कहा कि केन्द्र शासित प्रदेश के 6513 करोड़ रुपयों के कुल बजट में से नगर निगम का हिस्सा 1700 करोड़ रुपये से अधिक का बनता है। इसके उलट चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा इसे केवल 560 करोड़ रुपये ही आवंटित किए गए हैं, जो कि यूटी के कुल बजट का 10 प्रतिशत से भी कम है। उन्होंने कहा कि निगम शहर में सड़कों की रीकार्पेटिंग, स्ट्रीट लाइटिंग, स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्ट्रीट लाइटिंग और इस जैसे कई नागरिक कार्यों को करता है, जिसके स्टेट वित्त आयोग उसे कुल बजट का 30 प्रतिशत देने की सिफारिश करता है, जब कि निगम के साथ सौतेला व्यवहार करते हुए उसे 10 ॥ से भी कम राशि दी गई है।कांग्रेस पार्टी ने नगर निगम आयुक्त से अपील की है कि वे तुरंत चंडीगढ़ के लोगों के सामने ये सभी तथ्य रखें और नगर निगम की वर्तमान दयनीय वित्तीय स्थिति के कारणों की पहचान करें ताकि शहर को सही मायनों में नागरिक सुविधाएं प्रदान के लिए तत्काल सुधारात्मक उपाय किए जा सकें।






**चंडीगढ़:** दीवाली के मौके पर एनजीओ आह्वान की ओर से कमजोर वर्ग के बच्चों (ईडब्लयूएस) को पेंटिंग व दीया डेकोरेशन प्रतियोगिता के जरिये त्यौहार सेलीब्रेशन को लेकर जागरूक किया गया।

## सम्पादकीय

# महिला पुलिस कर्मियों के यौन शोषण मामले में हो निष्पक्ष जांच

हरियाणा में एक एसपी स्तर के पुलिस अधिकारी पर 19 महिला पुलिस कर्मियों के द्वारा यौन शोषण के आरोप की शिकायत एक गंभीर मामला है। हालांकि एकाएक इस नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सकता है कि सच में ऐसा कुछ हुआ हो। लेकिन यह मामला उच्च स्तरीय और गंभीर जांच की मांग करता है। राज्य सरकार ने इस मामले की जांच एक महिला एसपी को सौंपी है, जिन्होंने सामने आ रही रपट के मुताबिक मामले में दावा किया गया है कि इन आरोपों की पुष्टि नहीं हो रही। अब प्रदेशभर में इस मामले पर राजनीति हो रही है कि क्या सच में ऐसा हो सकता है कि इतनी महिला पुलिस कर्मचारी किसी अधिकारी पर आरोप लगाएं और जांच में कुछ भी न निकले। यह भी कहा जा रहा है कि जिन महिला पुलिस कर्मियों से पूछताछ की गई है, उनके साथ वह वारदात घटी भी नहीं है। तो जांच अधिकारी ने आखिर किसे बुलाकर जांच की खानापूर्ति कर ली। प्रदेश में अभी हुए विधानसभा चुनाव के दौरान अपराध भी एक मुद्दा था, हालांकि यह कहा गया कि पूरे देश में अपराध घटते हैं और इसके लिए किसी एक राज्य का नाम नहीं लिया जा सकता। बेशक, ऐसा संभव है, लेकिन फिर भी पुलिस विभाग जिस पर दूसरों की सुरक्षा करने का दायित्व है, अगर उसके ही एसपी स्तर के अधिकारी पर ऐसे आरोप लगेंगे तो यह गंभीर विषय बन जाता है।

**गौरतलब है कि प्रदेश में बीती सरकार के समय तत्कालीन खेल मंत्री पर एक महिला खेल प्रशिक्षक ने यौन शोषण के आरोप लगाए थे। इस मामले पर खूब सियासत हुई थी, यहां तक की तत्कालीन सरकार ने संबंधित मंत्री को पद से हटाने की मांग भी अनसुनी कर दी थी और उनका विभाग लेकर उन्हें पद पर यथावत बनाए रखा था। इस मामले में महिला खेल प्रशिक्षक की ओर से अनेक आरोप लगाए गए थे, उन आरोपों की जांच भी हुई और मामला चंडीगढ़ की अदालत में चल रहा है। इस प्रकरण में कुछ ऐसे हालात दिखाई दिए थे, जिनमें तत्कालीन मंत्री को बचाते पूरा तंत्र दिखाई दिया था। हालांकि बाद में उन राजनीतिक को टिकट भी नहीं दिया गया।**

गौरतलब है कि प्रदेश में बीती सरकार के समय तत्कालीन खेल मंत्री पर एक महिला खेल प्रशिक्षक ने यौन शोषण के आरोप लगाए थे। इस मामले पर खूब सियासत हुई थी, यहां तक की तत्कालीन सरकार ने संबंधित मंत्री को पद से हटाने की मांग भी अनसुनी कर दी थी और उनका विभाग लेकर उन्हें पद पर यथावत बनाए रखा था। इस मामले में महिला खेल प्रशिक्षक की ओर से अनेक आरोप लगाए गए थे, उन आरोपों की जांच भी हुई और मामला चंडीगढ़ की अदालत में चल रहा है। इस प्रकरण में कुछ ऐसे हालात दिखाई दिए थे, जिनमें तत्कालीन मंत्री को बचाते पूरा तंत्र दिखाई दिया था। हालांकि बाद में उन राजनीतिक को टिकट भी नहीं दिया गया। निश्चित रूप से किसी पर आरोप लगने मात्र से वह अपराधी नहीं हो जाता लेकिन इस तरह के आरोप किसी की जिंदगी को बर्बाद कर सकते हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सच में उन आरोपों में कुछ ठोस है। महिला पुलिस कर्मचारियों का एसपी स्तर के अधिकारी के साथ ही राब्ता होता है, लेकिन यह खेदजनक है कि उनकी ओर से ऐसे आरोप लगे। सबसे पहले तो यह कि ऐसे आरोप लगाते हुए पुलिस कर्मी या कोई भी निचले दर्जे का कर्मचारी डरता ही है। उसे अपनी नौकरी और जान-माल का खतरा होता है। तब हिम्मत करके अगर उन कर्मचारियों ने इस मामले को सामने ला भी दिया है तो इसे फौरी जांच करके नहीं टाला जा सकता। यह पता लगाया जाना जरूरी है कि क्या सच में ऐसा हुआ था और अगर हुआ तो संबंधित अधिकारी को सजा किस प्रकार सुनिश्चित की जाएगी। क्योंकि यह तो वही मामला हुआ है कि बाड़ ही खेत को खा रही है।

इस केस में एक बेहद दुखद बात सामने आ रही है, वह यह है कि शिकायतकर्ता महिला पुलिस कर्मियों ने बताया है कि एक महिला अधिकारी उन्हें उस अधिकारी तक लेकर गई थी। इस दौरान यह भी बताया जा रहा है कि जब उस महिला पुलिसकर्मी के साथ यौन उत्पीड़न हुआ तो उसने लाज बचाकर भागने की कोशिश की। लेकिन संबंधित महिला पुलिस अधिकारी की ओर से कहा गया कि उच्चाधिकारी के साथ कॉपरेट करना पड़ता है। आखिर यह किस प्रकार का कार्पोरेशन है, किसी के साथ अपराध अंजाम दिया जा रहा है और फिर उसे चुप रहने को भी कहा जा रहा है। अगर ये आरोप सच हैं तो उन महिला पुलिस अधिकारी को भी सजा मिलनी चाहिए और उन्हें शर्मसार होना चाहिए।

इस मामले में अब राज्य महिला आयोग ने संज्ञान लिया है, जोकि उचित ही है। आयोग की ओर से इस संबंध में डीजीपी से रिपोर्ट मांगी गई है वहीं संबंधित पुलिस अधिकारी को भी तलब किया है। दरअसल यह सच में गंभीर विषय है कि एकाएक यह घटना सामने आ रही है। राज्य सरकार को इस संबंध में पूरी निष्पक्षता और ईमानदारी से जांच करानी चाहिए। यह भी जरूरी है कि एसपी स्तर के अधिकारी के मामले में जांच उसके उच्चाधिकारी के द्वारा की जाए। प्रदेश की जनता ने बहुत उम्मीदों के साथ भाजपा सरकार को सत्ता सौंपी है, उसे अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करना होगा।

# धान खरीद और किसानों के कल्याण के लिए व्यापक समर्थन किया सुनिश्चित

## रवनीत सिंह बिट्टू ने चंडीगढ़ में पंजाब में खाद्यान्नों की आवाजाही व खरीद की समीक्षा के लिए एफसीआई अधिकारियों के साथ की बैठक

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने पंजाब राज्य में खाद्यान्नों की आवाजाही और खरीद की समीक्षा के लिए आज, 27 अक्टूबर, 2024 को चंडीगढ़ में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। 2024-25 के खरीफ विपणन सीजन और पंजाब में धान की खरीद, प्रबंधन और भंडारण को लेकर चल रही चिंताओं की पृष्ठभूमि में आयोजित यह बैठक पंजाब के कृषि क्षेत्र को समर्थन देने और किसानों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

बैठक में पंजाब एफसीआई के महाप्रबंधक बी. श्रीनिवासन और अन्य वरिष्ठ एफसीआई अधिकारियों ने भाग लिया, जिन्होंने मंत्री को धान की खरीद और भंडारण की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस सीजन में पंजाब का धान उत्पादन 212 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) तक पहुंचने का अनुमान है, जिसमें लगभग 49.88 एलएमटी की खरीद पहले ही हो चुकी है। यह बताया गया कि पंजाब राज्य वर्तमान में 133.57 एलएमटी की मजबूत कुल भंडारण क्षमता से लाभान्वित है, जिसमें 34.34 एलएमटी की एफसीआई के स्वामित्व वाली भंडारण क्षमता और अतिरिक्त 99.23 एलएमटी किराए की क्षमता शामिल है। वर्तमान में, पंजाब में 116.20 एलएमटी चावल और 58.07 एलएमटी गेहूं, यानी कुल 174.27 एलएमटी का भंडारण किया गया है।

बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए, मंत्री ने बताया कि पंजाब से उपज के परिवहन के लिए पर्याप्त प्रयास चल रहे हैं, 24 अक्टूबर तक राज्य से 95 एलएमटी धान पहले ही उठा लिया गया है। अप्रैल से अक्टूबर तक, 2,684 समर्पित रेक के



माध्यम से पंजाब से 95.16 एलएमटी धान और गेहूं का परिवहन किया गया, जिससे राज्य में अतिरिक्त भंडारण क्षमता खाली हुई।

मंत्री ने कहा कि भारत सरकार ने राज्य में 31 लाख मीट्रिक टन नई स्टोरेज क्षमता के निर्माण को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि इसमें से 9 लाख मीट्रिक टन क्षमता को पिछले साल मंजूरी दी गई थी और इसके लिए टेंडर को राज्य सरकार द्वारा अंतिम रूप दिया जाना है और पिछले सप्ताह 22 लाख मीट्रिक टन क्षमता को मंजूरी दी गई है।

मंत्री ने बताया कि अप्रैल 2024 से 26 अक्टूबर, 2024 तक पंजाब से कुल 2,684 रेक भेजे जा चुके हैं। पंजाब से कुल 95 एलएमटी खाद्यान्न अन्य राज्यों को भेजा जा चुका है।

मंत्री ने बताया कि चावल की सुचारू खरीद के लिए, एफसीआई के पास वर्तमान में लगभग 15 एलएमटी खाली स्थान है और दिसंबर 2024 तक लगभग 40 एलएमटी स्थान बनाया जाना है और मार्च 2025 तक 90 एलएमटी स्पेस बनाया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पहले धान और गेहूं के भंडारण का आवंटन अलग-अलग किया जाता था, लेकिन इस बार जहां भी आवश्यक हो, गेहूं के बजाय धान के भंडारण की अनुमति दी गई है। इसके अलावा, उन्होंने जोर देकर कहा कि किसानों को उनकी उपज के लिए उचित और समय पर पारिश्रमिक सुनिश्चित करने के लिए एमएसपी भुगतान के लिए 44,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत सरकार ने अपनी वित्तीय जिम्मेदारियों को पूरा किया है, लेकिन अब पंजाब सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह यह सुनिश्चित करे कि यह धनराशि खरीद के 24 घंटे के भीतर किसानों तक पहुंच जाए।

कृषि क्षेत्र को समर्थन देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए मंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और समृद्ध कृषि समुदाय के दृष्टिकोण के बारे में बात की। उन्होंने धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में आज ?2,320 प्रति क्विंटल तक की बढ़ोतरी को रेखांकित किया, जो पिछले एक दशक में लगभग ?1,000 की पर्याप्त वृद्धि दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह वृद्धि किसानों की आय बढ़ाने और कृषि में सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

मंत्री ने कहा कि हाल के घटनाक्रमों में, केंद्रीय मंत्रिमंडल के हालिया फैसले के अनुसार गेहूं के एमएसपी में भी 150 की वृद्धि की गई है, जो किसानों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए सरकार की चल रही पहलों में एक और मील का पत्थर है। मंत्री ने कृषक समुदाय को यह भी आश्वासन दिया कि पंजाब भर में कुशल फसल खरीद सुनिश्चित करने के लिए हर संभव उपाय किए जा रहे हैं।

एफसीआई अधिकारियों के साथ केंद्रीय मंत्री की व्यापक समीक्षा पंजाब में किसानों की चिंताओं को दूर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इसका उद्देश्य पंजाब की कृषि रीढ़, किसानों की आजीविका को सुरक्षित करने और राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार के अटूट समर्थन की पुष्टि करना है।

केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने पंजाब राज्य में धान और कस्टम मिल्ड राइस (सीएमआर) की निर्बाध खरीद सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए गए उपायों पर आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मंत्री ने दोहराया कि खरीफ विपणन सीजन (केएमएस) 2024-25 के लिए निर्धारित 185 एलएमटी का लक्ष्य पूरी तरह से खरीदा जाएगा और धान का एक भी दाना छो?ा नहीं जायेगा। मंत्री ने यह भी घोषणा की कि चावल मिल मालिकों की शिकायत निवारण के लिए जल्द ही एक ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया जाएगा ताकि हितधारकों के सामने आने वाली किसी भी कठिनाई का तुरंत समाधान किया जा सके। अधिक जानकारी यहां पाई जा सकती है-

## अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** आज का दिन

# अयोध्या में कार सेवा 6 दिसंबर से शुरू

**नई दिल्ली।** विश्व हिन्दु परिषद की धर्म संसद में आज सर्व सम्मति से अयोध्या में 6 दिसंबर से कार सेवा पुनः आरंभ करने का फैसला किया गया। धर्म संसद में नारी के बीच पास किये गये प्रस्ताव में कहा गया कि यह कार सेवा मंदिर के निर्माण कार्य पूरा होने तक जारी रखी जाएगी। यह प्रस्ताव आचार्य धर्मेन्द्र ने रखा जिसका अनुमोदन महंत नित्या गोपाल महाराज ने किया। इससे पूर्व परिषद के महासचिव अशोक सिंघल ने केंद्र सरकार पर अयोध्या विवाद का हल 3 माह में हल न किये जाने पर उसमें राजनैतिक इच्छा शक्ति का अभाव बताते हुए कहा कि नरसिंह राव सरकार की 3 माह की मोहल्लत दी गई थी वह 26 अक्तूबर को ही समाप्त हो गई थी। लेकिन कार सेवकों की तैयारी के लिए एक माह से भी अधिक समय दिया जाना जरूरी है। उन्होंने दावा किया कि कार सेवा में कम से कम दस लाख कार सेवक भाग लेंगे।

## सफर महंगा किये जाने की सर्वत्र घोर निंदा

चंडीगढ़। शहर में सीटीयू की बसों में किरायों की बढ़ोतरी की संयंत्र घोर निंदा हुई है। यहां के विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों ने प्रशासन की आलोचना करते हुए किराया वृद्धि वापिस लिये जाने की अपील की है। भाजपा के नेता अमरजीत सिंह सेठी तथा ट्रांसपोर्ट सलाहकार समिति के सदस्य यशपाल महाजन ने अपने संयुक्त बयान में सफर महंगा किये जाने की निंदा करते हुए कहा है कि प्रशासन को किराया बढ़ाने की बजाये चाहिए कि वह खर्चों में कटौती करें। इन दोनों नेताओं ने आगे कहा कि बस किराये में बढ़ौतरी का सीधे गरीब पर असर पड़ेगा क्योंकि बसों के अलावा आवागमन में उसे अन्य सुविधा नहीं मिल पाती। रहस्योद्घाटन करते हुए वक्तव्य में बताया गया है कि गत 22 जुलाई को गृह सचिव की अध्यक्षता में ट्रांसपोर्ट सलाहकार समिति की जो बैठक हुई थी, उसमें 1991-92 का ट्रांसपोर्ट का लाभ 114.85 लाख बताया गया था जबकि अब प्रशासन सिर्फ 26 लाख के फायदे के लिए गरीब आदमी पर अतिरिक्त रूप से बोझ डाल रहा है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1627- मुगल सम्राट जहांगीर का निधन हुआ था।
1676- पोलैंड और तुर्की ने वारसा की संधि पर हस्ताक्षर किए थे।
1795- अमेरिका और स्पेन ने सैन लोरेंजो की संधि पर हस्ताक्षर किए थे।
1794- फ्रांसिसी सेना ने दक्षिण पूर्वी नीदरलैंड के वेनलो पर कब्जा किया।
1851- बंगाल में ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन की स्थापना हुई।
1859- स्पेन ने अफ्रीकी देश मोरक्को के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1863- जेनेवा में 27 देशों की बैठक में अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसाइटी की स्थापना को मंजूरी दी गई।
1864- यूनान ने नया संविधान अंगीकार किया था।
1920- जामिया मिलिया इस्लामिया की स्थापना हुई।
1923- औटोमन साम्राज्य के विघटन के बाद तुर्की गणतंत्र बना।
1942- नाजियों ने बेलारूस के पिनस्क में 16 हजार यहूदियों की हत्या की।
1945- विश्व में पहला बॉल पोइंट पेन बाजार में आया था।
1985- भारत को पहला ओलंपिक पदक दिलाने वाले मुक्केबाज विजेंद्र सिंह का जन्म हुआ।
1994- न्यूयार्क में अमेरिकी भारतीय राष्ट्रीय संग्रहालय का शुभारंभ हुआ।
1997- पाकिस्तान द्वारा अंतरराष्ट्रीय रासायनिक हथियार संधि की पुष्टि हुई।
2001- पाकिस्तान में कट्टरपंथी कबाइलियों ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के चिलास कस्बे की हवाई पट्टी, जेल और पेट्रोल पम्पों पर कब्जा किया।
2005- दिवाली के त्यौहार की गहमा गहमी में डूबे दिल्ली शहर के व्यस्त बाजारों में बम विस्फोट।
2012- अमेरिका के पूर्वी तट पर सैंडी तूफान के कारण 286 लोगों की मौत हुई।
2015- चीन ने एक बच्चे की नीति को खत्म करने की घोषणा की।
1806- फ्रांस की सेना ने बर्लिन में प्रवेश किया था।
1811- आधुनिक सिलाई मशीन के जनक आईजैक मेरिट सिंगर का जन्म हुआ था।
1833- समाज सुधारक राजा राममोहन राय का निधन हुआ था।
1848- स्पेन का पहला रेलवे बार्सिलोना और मातरो के बीच खुला था।

## बोल ब्यूटीफुल



**तवलीन सिंह:** दिल्ली की हवा की गुणवत्ता खतरनाक स्तर पर पहुंच जाने से भाजपा प्रवक्ता खुश होते दिख रहे है। वे खुशी-खुशी केजरीवाल को दोषी ठहरा रहे है। अगर भारत की राजधानी गैस चैंबर बन गई है तो निश्चित रूप से केंद्र सरकार अधिक दोषी है।

**मिन्हाज मर्चेंट:** आइपीएल ने भारत के ओवरपेड क्रिकेटरों की तकनीक और मानसिकता को क्षति पहुंचाई है। उनके लिए टेस्ट क्रिकेट कोई प्राथमिकता ही नहीं। टी-20 फ्रैंचाइजी में ही मोटा पैसा है। शायद न्यूजीलैंड से हारने में उन्हें इतना दुख नहीं होगा, जितना आईपीएल नीलामी में कम दाम पर बिकने से होगा।

**एक्स क्रिकेटर:** भारतीय क्रिकेट पैसों की दौड़ से वहां पहुंच चुका है कि 70 सालों बाद न्यूजीलैंड से एक टेस्ट सीरीज हारने के तुरंत बाद भी कई लोग चर्चा आईपीएल रिटेंशन की ही कर रहे है।



## चलते चलाते

# एक महिला पुलिसकर्मी की जिद ने आपस में भिड़ा दिए हरियाणा और राजस्थान

### हरियाणा-राजस्थान आमने-सामने



एक महिला पुलिस कर्मचारी से टिकट मांगने पर विवाद इतना बढ़ गया कि हरियाणा और राजस्थान पुलिस में एक-दूसरे राज्यों की रोडवेज बसों का चालान काटने की जैसे होड़ ही लग गई। राजस्थान में जहां हरियाणा की 26 बसों का चालान किया गया, वहीं हरियाणा में राजस्थान की 90 बसों का चालान कर दिया गया। हरियाणा और राजस्थान, दोनों ही राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं और यह मामला दोनों राज्यों के परिवहन मंत्रियों के ध्यान में भी लाया जा चुका है।

राजस्थान में हरियाणा रोडवेज की 26 बसों पर चालान की कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई को हरियाणा में राजस्थान की रोडवेज की बसों पर हो रहे जुर्माने के जवाब के रूप में देखा जा रहा है। इस दौरान बसों को देर तक खड़ा रखा जा रहा है, जिससे यात्रियों को परेशानी हो रही है। पिछले तीन दिनों में राजस्थान रोडवेज की 90 बसों के चालान हरियाणा में काटे गए हैं। इसी तरह की कार्रवाई अब राजस्थान में भी हो रही है।

यहां बता दें कि राजस्थान रोडवेज में सफर करने वाली हरियाणा की महिला पुलिस कर्मी से किराया मांगने और इस पर हुई बहस के बाद से यह विवाद शुरू हुआ था। दरअसल, महिला पुलिसकर्मी किराया नहीं दे रही थी। उसका कहना था कि बस में पुलिस का किराया फ्री होता है। इस पर कंडक्टर ने कहा था कि 50 रुपए का टिकट तो लेना ही पड़ेगा। इसके बाद दोनों में बहस होती है। महिला कहती है कि स्टाफ चलता है और टिकट के पैसे नहीं दूंगी, ना ही बस से नीचे उतरूंगी बस को यहीं खड़ी रखना है तो रख. नीचे नहीं उतरूंगी। महिला पुलिसकर्मी द्वारा टिकट लेकर यात्रा नहीं करने का यही विवाद अब दोनों राज्य सरकारों के लिए परेशानी का कारण बन गया है।

### गांव में सीएम का रात्रि विश्राम



हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने डोडरा क्वार गांव में रात्रि विश्राम किया। उनके लिए नाश्ते का प्रबंध महिला मंडल धंदरवाडी की ओर से किया गया था। महिलाओं ने शहद के साथ सिड्डू तैयार किए थे। साथ में कई स्थानीय व्यंजन तैयार किए थे। मुख्यमंत्री के लिए तैयार किए व्यंजनों को महिलाओं ने अपने जीवन की एक यादगार बताया। इस दौरान हेलीपैड तक पहुंचते समय उन्होंने कई लोगों से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री रात के समय हरदयाल खेपान के घर पहुंचे। गांव की महिलाओं ने देवगीत लामण से उनका स्वागत किया। काफी देर तक आंगन में अलाव जलाकर लोगों से उन्होंने वहां के रीति रिवाजों पर चर्चा की। रात के भोजन में उन्होंने लगभग आठ ग्रामीण महिलाओं द्वारा तैयार किए गए पारंपरिक भोजन का आनंद लिया।

गांव की महिलाओं जयप्रदा, हेमलता और प्रतिभा ने बताया कि उन्होंने तीन चार घंटे में सारा भोजन अपने हाथों से तैयार किया है। पहली बार मुख्यमंत्री के लिए भोजन तैयार करने पर वे खुद को सम्मानित महसूस कर रही हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लोगों के आग्रह पर कई जगह फोटो भी खिंचवाए।

### जल्द मिलेंगे 1100 रुपए

पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार जल्दी ही महिलाओं को हर माह 1100 रुपए देने का वादा पूरा करने जा रही है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने संकेत दिए हैं कि जल्द ही यह राशि महिलाओं के खाते में भेज दी जाएगी।



मान रविवार को चब्बेवाल विधानसभा उपचुनाव को लेकर मेहटियाना गांव में पहुंचे थे। उन्होंने लोगों से कहा कि डॉ. ईशांक को चुन कर विधानसभा में भेजो, चब्बेवाल हलके के कार्य बिना किसी रुकावट के स्वीकृत किए जाएंगे।

महिलाओं को 1100 रुपए देने का जिक्र करते हुए मान ने कहा कि मेरा अगला मिशन यही है। जैसे जीरो बिजली बिल स्कीम चली है, उसी तरह महिलाओं को हर महीने 1100 रुपए भी मिलेंगे। इसके लिए तैयारी चल रही हैं। बजट का इंतजाम करके इस संबंध में एलान कर देंगे।

### कार्यकारिणी भंग करने की तैयारी



हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की ब्लॉक से प्रदेश स्तर तक की कार्यकारिणी भंग करने की तैयारी है। प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने हाईकमान को पत्र लिखकर पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नए सिरे से गठन की मंजूरी मांगी है। संगठन में निष्क्रिय पदाधिकारियों की जगह उन्होंने नई नियुक्तियां करने का हाईकमान से अधिकार मांगा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा है कि पार्टी को सक्रिय और मजबूत करने के लिए फेरबदल की आवश्यकता है। हाईकमान से पूरी कार्यकारिणी भंग कर नए पदाधिकारी बनाने के लिए मंजूरी मांगी गई है। मुख्यमंत्री से चर्चा के बाद नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। करीब ढाई साल पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनीं प्रतिभा सिंह ने अभी तक संगठन में बड़े स्तर पर कोई बदलाव नहीं किया है। इस दौरान संगठन के कई बड़े पदाधिकारी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। सत्तारूढ़ दल को कैसे मजबूत किया जाए, इसे लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ मिलकर उन्होंने अभी से काम शुरू कर दिया है। बीते दिनों दिल्ली दौरे पर गई प्रतिभा सिंह ने पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं के साथ इस मामले पर चर्चा भी की है।

प्रतिभा सिंह ने पार्टी आलाकमान को अब पत्र लिखकर नई कार्यकारिणी के गठन की मंजूरी मांगी है। मंजूरी मिलते ही निष्क्रिय पदाधिकारियों की छुट्टी कर उनकी जगह सक्रिय कार्यकर्ताओं को अधिमान दिया जाएगा। युवाओं के साथ अनुभवी नेताओं को बड़ी जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी।

### विधायक की पत्नी पर केस



पंजाब में एक विधायक की पत्नी पर पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोपी महिला सहित सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले में सभी आरोपी फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

लुधियाना के सनौर से 'आप' विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा की पत्नी गुरप्रीत कौर गुरी समेत सात लोगों पर आरोप है कि उन्होंने एक बुजुर्ग एनआरआई नछत्तर सिंह की कोठी पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नाजायज कब्जा करने को कोशिश की। गुरी ने इसी बजुर्ग एनआरआई के खिलाफ 20 अगस्त को शारीरिक छेड़छाड़ का केस दर्ज कराया था।

हालांकि, एनआरआई को इस मामले में अदालत से जमानत मिल गई थी। इसके बाद उनके बेटे संदीप सिंह जगपाल ने कनाडा के मिसिसॉगा से लुधियाना ग्रामीण पुलिस प्रमुख एसएसपी नवनीत सिंह बैंस को ईमेल पर शिकायत भेज कर कोठी पर कब्जा करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी।

पुलिस ने मामले की जांच की और आरोप सही पाए तो एसएसपी बैंस के आदेश पर थाना सुधार में गुरप्रीत कौर गुरी, अरविंद कुमार राय, जय कृष्ण साहनी, चंदन साहनी, हरजीत सिंह, बलवीर सिंह और सुखदेव सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। इनमें कुछ आरोपी बिहार के रहने वाले हैं। थाना प्रभारी जसविंदर सिंह ने बताया कि आरोपियों ने कोठी पर कब्जा करने की नियत से फर्जी दस्तावेज तैयार किए थे।

### डेंगू से पीड़ित सांसद



पंजाब में संगरूर क्षेत्र से आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती हो गए हैं। मीत हेयर डेंगू से पीड़ित हैं। इस संबंध में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर खुद मीट हेयर ने यह जानकारी दी है। अपने एक्स हेंडल पर पोस्ट कर उन्होंने लिखा कि एक हफ्ते से वे डेंगू से पीडति हैं। अभी आराम कर रहे हैं और जल्द ही ठीक होकर बरनाला उप चुनाव प्रचार में शामिल होंगे।

एक्स पर उपचुनाव के लिए उन्होंने बरनाला सीट से आप उम्मीदवार हरिंदर सिंह धालीवाल के समर्थन में वोट करने के लिए जनता से अपील की है। 28 अक्तूबर को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी होगी। 30 अक्तूबर को नामांकन वापिस लेने की आखिरी तारीख है। 13 नवंबर को मतदान होगा और 23 नवंबर को नतीजे घोषित किए जाएंगे।

**प्रस्तुतिः सुमित्रा**

# शहर की सफाई के लिए भर्ती कर्मचारी अब अधिकारियों व नेताओं की कोठियों पर नहीं देंगे ड्यूटी : नवीन जिंदल

## बोले- डीआरओ साहब! आप पटवारियों पर एक्शन लें, नहीं तो डीसी साहब आप पर एक्शन लेंगे

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल।** सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि देश को सपनों का भारत बनाने के लिए हम सभी को अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। इस कड़ी में सबसे पहले हमें अपने कैथल जिला को विकसित बनाना होगा। सभी अधिकारी अपनी ड्यूटी को ईमानदारी और जिम्मेदारी से करें। विकास कार्यों में और तेजी लाएं, लंबित पड़े कार्यों को जल्द पूरा करवाया जाए, ताकि इसका लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यञ्चित तक निर्बाध रूप से पहुंच सके। अब आचार संहिता खत्म होकी है अधिकारी अब काम संहिता लागू करें। भ्रष्टाचार को किसी भी स्तर पर बर्दास्त नहीं किया जाएगा। इस मामले में जीरो टोलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। सांसद नवीन जिंदल सोमवार को कैथल लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक के



दौरान अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े एजैंडों पर विस्तार से चर्चा की गई। मीटिंग के दौरान स्वच्छता मिशन एजैंडे पर बात करते हुए सांसद ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी सफाई कर्मचारी किसी अधिकारी, वीआईपी और नेताओं की कोठियों पर डयूटी नहीं देंगे, बल्कि वे अपनी निर्धारित ड्यूटी करेंगे, ताकि आमजन को उसका फायदा मिले। ग्रामीण क्षेत्र में सफाई व्यवस्था कायम रखने के लिए सांसद नवीन जिंदल ने बीडीपीओ को निर्देश दिए की गांवों में सफाई के लिए भर्ती कर्मचारी सरपंच के निजी कार्यों की बजाय अपने काम पर ध्यान देने के निर्देश दें।

उन्होंने बैठक में उपस्थित महिला अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि मीटिंग में महिला अधिकारियों की संक्रया अधिक होना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को गति देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि अब वे नियमित रूप से अधिकारियों की बैठक लेंगे। डीसी डॉ. विवेक भारती ने सांसद नवीन जिंदल का स्वागत किया और उन्हें आश्वस्त किया कि जिला में चल रहे विकास कार्यों में गति लाई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित विकास कार्यों को जल्द पूरा करें। इसकी रिपोर्ट उपायुञ्चत कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान सभी एजैंडों संबंधित पीपीटी एडीसी बाबू लाल करवा द्वारा प्रस्तुत की गई। इस मौके पर विधायक सतपाल जांबा, जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड़, कर्मबीर कौल, आदित्य भारद्वाज,एसडीएम कृष्ण कुमार, सत्यवान सिंह मान के अलावा अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### आप पटवारियों पर एक्शन लें, नहीं तो डीसी साहब आप पर एक्शन लेंगे

सांसद ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकारी दफ्तर में भ्रष्टाचार नहीं होना चाहिए। जनता के काम लेट करने वाले और रिश्वत का लालच करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। जिंदले ने डीआरओ को कहा कि कई जगहों पर पटवारियों के लेनदेन की शिकायतें आ रही है। आप पटवारियों पर एक्शन लें नहीं तो डीसी साहब! आप पर एक्शन लेंगे। इसके अलावा आवारा कुत्तों की नसबंदी और बंदरों को पकडने़ की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। इसी प्रकार उन्होंने नगर परिषद व नगर पालिकाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड?ों पर कोई भी बेसहारा पशु दिखाई न दें, उन्हें गौशालाओं आदि स्थानों पर भेजने की व्यवस्था करें।

### डाक्टरों की कमी पर चिंता जताई

बैठक में सांसद नवीन जिंदल ने सीएमओ डा. रेणू चावला से स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की फीडबैक ली। उन्होंने डाक्टरों के रक्त पड़े पदों पर चिंता जताई। उन्होंने शिक्षा अधिकारी से बात करते हुए कहा कि कुछ ऐसा प्रपोजल तैयार करो कि जिले में सीबीएसई स्कूल खोले जाए और वो स्कूल अंग्रेजी माध्यम में संचालित हो।

# जल्द खाद किल्लत का समाधान नहीं हुआ तो भाकियू करेगी आंदोलन : राजीव आर्य

## डीएपी खाद की कमी को लेकर किसानों ने नारेबाजी कर रोष जताया

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**कैथल।** डीएपी खाद की कमी को लेकर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया और दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द ही खाद की किल्लत को दूर नहीं किया गया तो भाकियू किसानों के साथ सडक़ों पर उतरकर सरकार के खिलाफ आंदोलन का शंखनाद करेगी। ढांड भाकियू कार्यालय में किसानों की बैठक संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता भाकियू प्रदेश महासचिव भूरा राम पबनावा ने की व विशेष रूप से युवा भाकियू प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ढांड ने शिरकत की। खाद की कमी के प्रति रोष जाहिर करते हुए किसान नेता राजीव आर्य ढांड व भूरा राम पबनावा ने कहा कि सरकार की किसान विरोधी नीतियों के चलते हर बार किसानों को फसलों की रोपाई के समय डीएपी खाद की भारी कमी से जूझना पड़ता है। आज किसान खाद लेने के लिए दर-दर की ठोकरें खाने पर मजबूर है, लेकिन धरतीपुत्र किसानों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। किसान मजबूरी में कालाबाजारी में महंगे दामों पर खाद खरीदने पर मजबूर है और साथ में बेवजह दवाइयां भी लेनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि भाकियू फसल कटाई के साथ ही सरकार से किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद मुहैया करवाने की मांग कर रही थी, लेकिन सरकार ने किसानों की मांग को अनसुना कर दिया। जिसका परिणाम यह निकला कि आज किसान प्रदेश भर में खाद लेने के लिए सडक़ों पर उतरकर आंदोलन करने पर मजबूर है, लेकिन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। जिसका खामियाजा किसानों को फसलों की देरी से रोपाई के रूप में भुगतना पड़ रहा है। डीएपी आने में देरी हो गई तो सींचे गए खेत अगर सूख जाएंगे और किसानों को फिर से खेतों की सिंचाई करनी पड़ेगी। जब डीएपी उपलब्ध थी तो डीएपी का वितरण सही तरीके से नहीं किया गया। किसान नेता राजीव आर्य ढांड ने सरकार से पुरजोर मांग करते हुए कहा कि सरकार बिना देरी किए किसानों को भरपूर मात्रा में खाद मुहैया करवाने के साथ खाद की कालाबाजारी एवं जबरदस्ती दवाइयां देने वाले दुकानदारों के खिलाफ उचित कार्रवाई करें, नहीं तो भाकियू सडक़ों पर उतरने पर मजबूर होगी। जिसकी सारी जिम्मेवारी सरकार की होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### आज धनतेरस के पर्व से होगी दीपोत्सव की शुरुआत

**मुलाना (सचिन मलिक)।** पांच दिनों के दीपोत्सव की शुरुआत धनतेरस के पर्व से होती है. धर्म शास्त्रों की मानें तो धनतेरस के दिन समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरि प्रकट हुए थे, इसलिए धनतेरस पर उनकी पूजा-अर्चना करने का विधान है। हिंदू धर्म में कार्तिक माह का विशेष महत्व है. इस महीने में कई बड़े त्योहार मनाए जाते हैं, जिसमें धनतेरस भी शामिल है। धनतेरस के त्योहार से दीपोत्सव की शुरुआत होती है. प्रकाश का यह उत्सव पूरे 5 दिनों तक चलता है. वैदिक पंचांग के अनुसार, हर साल कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर धनतेरस मनाया जाता है. धार्मिक मान्यता है कि जो भी सच्चे मन से भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना करता है तो उसके घर में सुख, समृद्धि और खुशहाली का आगमन होता है धनतेरस को धन त्रयोदशी या धन्वन्तरि त्रयोदशी भी कहा जाता है। यह दिन धन के देवता कुबेर और आयुर्वेद के देवता भगवान धन्वंतरि को समर्पित होता है। इस दिन लोग कई सामानों की खरीददारी करते हैं, ताकि उन सामानों के जरिये उनके घर शुभता और माता लक्ष्मी का आगमन हो। धार्मिक मान्यता के अनुसार धनतेरस पर पूजा करने से घर में धन के भंडार सदैव भरे रहते हैं। धनतेरस से जुड़ी मान्यता है कि धन त्रयोदशी तिथि पर किसी भी प्रकार की धातु की खरीददारी को सौभाग्य का प्रतीक माना गया है। इस साल धनतेरस आज के दिन मंगलवार को सुबह 10 बजकर 31 मिनट से प्रारंभ होगी। इस तिथि का समापन 30 अक्टूबर को दोपहर 1 बजकर 15 मिनट पर होगा। तो धनतेरस का पर्व आज मंगलवार को है। धनतेरस पर पूजा का शुभ मुहूर्त शाम को 6 बजकर 31 मिनट से रात 8 बजकर 13 मिनट तक है। धनतेरस पर प्रदोष काल का समय शाम को 5 बजकर 38 मिनट से रात 8 बजकर 13 मिनट तक है। धनतेरस पर वृषभ काल का समय शाम 6 बजकर 13 मिनट से रात 8 बजकर 27 मिनट तक है। इस तरह आज पूजा के लिए आपको केवल 1 घंटा 41 मिनट का ही शुभ मुहूर्त मिलेगा। धनतेरस के अवसर पर सोना, चाँदी, पीतल, आभूषण, नए बर्तन, नए कपड़े, धनिया और झाड़ू खरीदना काफी शुभ होता है। इस दिन काले या गहरे रंग की वस्तुएं, चीनी मिट्टी से बने बर्तन, कांच, एल्यूमिनियम और लोहे से बनी वस्तुओं को खरीदने से बचना चाहिए।

### किसानों के खिलाफ निकाले गए पत्र वापस ले सरकार: जसबीर

**कैथल (अप्रस)।** सचिवालय के पार्क में संयुक्त किसान मोर्चा की मीटिंग जिला संयोजक महेंद्र सिंह रामगढ़ की अध्यक्षता में हुई जिसका संचालन मोर्चा के नेता जसबीर सिंह ने किया। मोर्चा की तरफ से सतपाल आनंद, सतपाल दिल्लोवाली, जसबीर सिंह, ओम प्रकाश ढांडा, कामरेड प्रेम सिंह, नरेश कुमार रोहेड़ा आदि नेता उपस्थित थे। मोर्चा सीटीएम गुरविंदर सिंह से किसानों की समस्याओं को लेकर व किसानों की गिरफ्तारी को लेकर मिला। सिटी मजिस्ट्रेट ने किसान संगठनों को आश्वासन दिया कि पराली प्रबंधन कार्य को ठीक करेंगे और डीएपी तथा कनक के बीज का आज ही रेट तह करवा दिया जाएगा। किसान संगठनों ने भी सीटीएम से कहा कि अगर कोई समाधान नहीं हुआ तो वे बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। मीटिंग में कहा गया कि सरकार द्वारा जो पत्र किसानों के खिलाफ पराली जलाने व दो साल फसल नहीं खरीदने का निकाला गया है उसका संयुक्त किसान मोर्चा पूर्ण रूप से विरोध करता है। किसान नेता सतपाल दिल्लोंवाली, कामरेड प्रेम सिंह, जसबीर सिंह, ओम प्रकाश ढांडा, नरेश कुमार, सतपाल आनंद ने कहा कि पूरे प्रदेश में उपायुक्त और उप कृषि निर्देशकों को आदेश दिये गए हैं कि जिस भी किसान ने 15 सितंबर 2024 से अब तक पराली जलाई है उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाए, पराली जलाने वाले किसान की दो सीजन तक उपज मंडी में ना खरीदी जाए। सरकार के इस पत्र का संयुक्त किसान मोर्चा पूर्ण रूप से विरोध करता है। मोर्चा सरकार से मांग करता है कि सरकार इस आदेश को वापिस ले अन्यथा संयुक्त किसान मोर्चा बड़े आंदोलन करने पर मजबूर होगा।

### दिव्यांग व पत्रकारों के हौसलों को लायंस क्लब ने किया सलाम

**नरवाना (हितेश गर्ग)।** शहर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था लायंस क्लब ने दीपावली को सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए हौंसलों की उडान नामक कार्यक्रम का आयोजन सनातन धर्म महिला महाविद्यालय के सभागार में किया ।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सचिव प्रदीप गर्ग ने बताया कि दिव्यांग बंधु और पत्रकार बंधु दोनो विपरीत परिस्थितियों में कार्य करते हैं ।उनका जीवन समाज के लिए आदर्श है ।उनके हौसलों को सलाम करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया ।इस आयोजन में समाजसेवी कुलदीप मोर ने मुख्य अतिथि व उमेश गर्ग ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की ।दीप प्रज्जवलन व सरस्वती वंदना से कार्यक्रम आरंभ हुआ ।नरेंद्र जेठी ने अपने गीत सुन के तेरी पुकार से श्रोताओं में नया जोश भर दिया ।अपने अपने क्षेत्रों में विलक्षण प्रदर्शन करने वाले दिव्यांग व पत्रकारों को समिति द्वारा सम्मानित किया गया ।प्राचार्य राजेन्द्र आजाद ने संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगो को शारीरिक अंगों की कमी से कोई दिक्कत नहीं होती,आवश्यकता केवल परिवार और समाज की स्वीकार्यता की है ।प्रोफेसर राजेश श्योकंद ने कहा कि सकारात्मक वातावरण से किसी भी दिव्यांग को यह महसूस ही नहीं होता कि उसमें कोई कमी है ।अंतरराष्ट्रीय पैरा खेलो की खिलाडी कुसुम पांचाल ने अपने जीवन के अनुभवों को सांझा किया और जीवंतता की मिसाल पेश की ।सभी पत्रकारों ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए शहर में ऐसे आयोजनों पर बल दिया ।क्लब के प्रधान पवन नैन ने अपनी संस्था के कार्यकलापों को सभी के सामने रखा।

# अपराध पर नकेल कसने में नाकाम साबित हो रही भाजपा सरकार : अरोड़ा

अर्थ प्रकाश/ वालिया



कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र में लगातार बढ रहे डेंगू के मामलों पर थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा ने चिंता जाहिर की है। इसको लेकर अरोड़ा ने उपायुक्त व सीएमओ से बात की और कहा कि जल्द से जल्द डेंगू के बढ रहे मामलों पर कंट्रोल किया जाए। उन्होने सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिए नगर परिषद के अधिकारियों से भी बात की है और शहर में सफाई व्यवस्था को सुधारने के आदेश दिए हैं।

अशोक अरोड़ा ने कहा कि शहर में लगातार डेंगू के मामले बढ रहे हैं। सामुहिक रूप से प्रयास कर डेंगू के प्रकोप को रोकना होगा। अरोड़ा ने बताया कि उपायुक्त ने उन्हें आश्वस्त किया है कि टीमों को तैनात कर डेंगू के बढते मामलों पर कंट्रोल पाया जाएगा।

### लगातार बढ रही हैं अपराधिक घटनाएं

विधायक अशोक अरोड़ा ने प्रदेश में लगातार बढ रही अपराधिक घटनाओं पर सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रदेश में अपराध को खत्म करने में भारतीय जनता पार्टी की सरकार नाकाम रही है। कुरुक्षेत्र का जिक्र करते हुए उन्होने कहा कि पिछले कुछ दिनों में अपराधियों के हौंसले बुलंद है। आज ही पिपली अनाज मंडी में आढती की दुकान पर गोली चलाने का प्रयास किया गया। उन्होने मांग करते हुए कहा कि इस प्रकार के बदमाशों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए जो अपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हैं।

# सनातन धर्म की अलख जगाने में सहयोग करें ग्रामीण : योगी आदित्यनाथ

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**कैथल।** गांव सौंगल में बाबा मुकुट नाथ डेरा में एक धार्मिक कार्यक्रम के में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिरकत की। दोपहर बाद 3 बजे योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर गांव के स्टेडियम में बने हेलीपैड में जैसे ही पहुंचा तो गांव के मठ की ओर से गठित कमेटी सदस्य शमशेर मलिक, राजमल सिंह, ओम प्रकाश, सतपाल शर्मा, रामभज, विक्रम बांगड़ व पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, तुषार ढांडा व दरबारा महला द्वारा उनका स्वागत किया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाबा मुकुट नाथ के डेरे में पहुंचे। उन्होंने बाबा मुकुट नाथ की समाधि पर पूजा अर्चना की व इसके बाद गांव के मौजूद लोगों की मीटिंग ली गई। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रामीणों को सनातन धर्म की अलख जगाने में सहयोग करने की बात की तथा नाथ संप्रदाय के इतिहास पर प्रकाश डाला। उनके साथ आए महंत बाबा बालक नाथ ने कहा कि गांव के लोगों को चाहिए कि अपने बच्चों को सनातन शिक्षा की तरफ ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि स्कूल से बड़ा कोई मंदिर नहीं होता इसलिए किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है और इसमें सनातन शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इस दौरान तत्कालीन गद्दी नशीन बाबा योगी शेरनाथ डेरा सौंगल ने कहा कि गांव में अमन व शांति के प्रतीक के रूप में इस डेरे की प्रतिष्ठा लोगों के दिल में बसती है और गांव में आपसी भाईचारा व सौहार्द का प्रतीक है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड़, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर, गांव के सरपंच प्रतिनिधि संदीप बांगड़, पूर्व सरपंच शीशपाल, पूर्व सरपंच राजेश शर्मा, पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर, ग्रामीण गोपी राम, रमेश सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### माई भारत की वर्षगाठ पर 'दिवाली विद माई भारत' का आयोजन

**सोनीपत (अप्रस)।** जिला युवा अधिकारी नवीन गुलिया ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा दिवाली के अवसर पर पूरे देशभर में ये दिवाली माय भारत के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन माई भारत के लांच होने की प्रथम वर्षगाठ के अंतर्गत 30 अक्टूबर तक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत व्यापार मंडलों के साथ मिलकर बाजारों की साफ-सफाई, अस्पतालों की साफ-सफाई, ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर ट्रैफिक नियंत्रण में सहयोग व माई भारत के साथ अनुभव सांझा करना आदि गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के तहत सोमवार को मेरा युवा भारत सोनीपत एवं हिंदू कन्या महाविद्यालय के एनएसएस यूनिट के युवा स्वयंसेवियों द्वारा माय भारत मुख्यालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई।

# महिलाओं का बनाया जाए सहकारिता समूह ताकि वर्ष भर मिले रोजगार : राजेश कुमार

अर्थ प्रकाश /शैलेन्द्र जैन



**करनाल।** सेवा भारती संस्था द्वारा पिछड़ी बस्ती की महिलाओं और बालिकाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए स्वदेशी बिजनेस मॉड्यूल पर आधारित अनेक आयाम चलाए जा रहे हैं। इन आयामों में स्वदेशी लड़ियाँ बनाने का कार्य भी शामिल है। दिवाली को लेकर जिन महिलाओं द्वारा लडियां बनाने का कार्य किया गया उन्हें आज अर्जुन गेट स्थित सेवा भारती के प्रांतीय कार्यालय में एक समारोह के माध्यम से सम्मानित किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गुरु नानक हॉस्पिटल की डॉ प्रभजोत कौर और भाजपा जिला अध्यक्ष बृज गुप्ता ने भाग लिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में हिंदू जागरण मंच की प्रांत सह संयोजिका प्रीति सिंह शामिल हुई। कार्यक्रम में हरियाणा प्रांत प्रचार प्रमुख राजेश कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में अपना संबोधन दिया। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए प्रांत प्रचार प्रमुख राजेश कुमार ने कहा कि सेवा भारती का उद्देश्य पिछड़ी बस्ती की महिलाओं को किसी न किसी आयाम से जोडकर उन्हें स्वावलंबी बनाना है और पिछले कई सालों से यह कार्य सफलतापूर्वक चल रहा है। उन्होंने कहा कि लड़ियाँ बनाने के इस कार्य में करीब 232 परिवार जुड़े हुए हैं जिन्होंने पिछले दिनों में 25 हजार से अधिक लड़ियाँ बनाई है। फिलहाल यह कार्य 60 या 70 दिन का है ऐसे में इस कार्य को निरंतर चलाए रखने की आवश्यकता है ताकि इन महिलाओं को वर्ष भर रोजगार मिलता रहे। राजेश कुमार ने सेवा भारती के अधिकारियों से एक कोऑपरेटिव सोसाइटी का गठन करने की बात कही जिसमें इन महिलाओं को सदस्य बनाया जाए। उनके काम से जो भी लाभ हो वह इन्हें मिलता रहे। इसके अलावा महिलाओं के प्रदेश भर में स्वयं सहायता समूह भी बनाने चाहिए जिसमें सरकार भी उनकी मदद करेगी। मुख्य अतिथि डॉ प्रभजोत कौर ने कहा कि महिलाओं व किशोरियों को स्वावलंबी बनाना समय की जरूरत है। इनके आत्मनिर्भर बनने से परिवार के साथ समाज का विकास संभव होगा। साथ ही राष्ट्र की आर्थिक मजबूती संभव हो सकेगी। उन्होंने कहा कि सेवा भारती महिलाओं को स्वावलंबी बनाने में जुटी है जो एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि उद्यमिता विकास से ही बेरोजगारी की समस्या को दूर किया जा सकता है। भाजपा जिला अध्यक्ष बृज गुप्ता ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य महिलाओं को न केवल ट्रेनिंग देना है, बल्कि उन्हें एक बेहतर भविष्य की ओर मदद करना है। इससे उन्हें किसी भी वित्तीय बोझ का सामना नहीं करना पड़ेगा। यह एक सामाजिक उपक्रम है जो महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक स्थिति को सुधारने का उद्देश्य रखता है।

# आतिशबाजी-पटाखों की बिक्री के लिए जारी किए अस्थाई लाईसैंस : अश्वनी मलिक



अर्थ प्रकाश /जयबीर राणा थंबड

**बराड़ा।** उपमंडलाधीश अश्वनी मलिक की अध्यक्षता में कार्यालय के कॉन्फ्रेंस रूम में ड्रा का आयोजन किया, इसमे में नगरपालिका बराड़ा व मुलाना क्षेत्र में पटाड़ों की बिक्री के लिए दुकानों को क्रम अनुसार लगाने के लिए ड्रा निकाला गया, ड्रा सभी आवेदन कर्ताओं के सामने निकला। इस अवसर पर उन्होंने लाइसेंस धारकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए व कहा कि ड्रा द्वारा तैयार सूची अनुसार ही दुकान लगाए व हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व उपमंडलाधीश कार्यालय द्वारा जारी आदेशों की पालना करें। एसडीएम अश्वनी मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि नगरपालिका बराड़ा के दशहरा ग्राउंड के लिए 24 व देवी मंदिर मुलाना के लिए 14 अस्थाई लाइसैंस जारी किए। उन्होंने कहा जिसके पास उपमंडल कार्यालय द्वारा जारी लाइसेंस होगा वही पटाखों की बिक्री के लिए दुकान लगाए, विस्फोटक नियम के तहत जारी पटाखों के अस्थाई लाइसेंस के अतिरिक्त कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति अतिशबाजी / पटाखों की बिक्री न करें।

# भाकियू चढूनी ग्रुप ने दिया शिक्षकों के धरने को समर्थन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल।** महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय में अंग्रेजी, हिंदी, इतिहास और राजनीति विज्ञान को पुन: शास्त्री पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग को लेकर छात्रों और शिक्षकों का संयुक्त धरना सातवें दिन भी जारी रहा। भारतीय किसान यूनियन चंढूनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कुलपति को पत्र लिखकर धरने का समर्थन किया और छात्रों और शिक्षकों की मांगों को शीघ्र पूरा करने का अनुरोध किया ताकि धरना जल्दी समाप्त कराया जा सके। भाकियू (चंढूनी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चंढूनी ने कैथल जिले के प्रधान सरदार गुरनाम सिंह फरल को धरना स्थल पर समर्थन देने के लिए भेजा। सरदार गुरनाम सिंह फरल ने आश्वासन दिया कि भाकियू (चंढूनी) पूरी तरह से धरने के साथ है। जब तक मांगें नहीं मानी जातीं तब तक छात्रों और शिक्षकों के साथ खड़े रहेंगे। इसी के साथ-साथ आज एनएसयूआई के स्टेट सचिव करन सिंह नफरिया भी छात्रों की मांग के पक्ष में अपना समर्थन देने धरना स्थल पर पहुंचे। डॉ. मनोज ने जानकारी दी कि विभिन्न सामाजिक और शैक्षणिक शैक्षणिक संगठनों को पत्र लिखकर धरने के समर्थन की मांग की गई है और मांगें माने जाने तक धरना जारी रहेगा।

# सोनिया अग्रवाल ने किया बीपीएस महिला मेडिकल कॉलेज का दौरा

अर्थ प्रकाश /आदेश त्यागी



**गोहाना(सोनीपत)।** हरियाणा राज्य महिला आयोग की वाईस चेयरपर्सन सोनिया अग्रवाल ने सोमवार को बीपीएस महिला मेडिकल कॉलेज खानपुर का दौरा करते हुए कॉलेज में पढने़ वाली लड़कियों को मिलने वाली सभी सुविधाओं का बारीकि से जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज में लड़कियों के हॉस्टल कमरों का भी निरीक्षण किया जहां खामिया मिलने पर उन्होंने कॉलेज के डायरेक्टर को निर्देश दिए कि लड़कियों के हॉस्टल के जिन कमरों में जो खामियां मिल है उन्हें तुरंत दूर करवाएं ताकि लड़कियों की पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

महिला आयोग की वाईस चेयरपर्सन ने कहा कि पिछले दिनों कॉलेज की कुछ लड़कियां मुझसे मिली थी, जिसके संबंध में आज मेरे द्वारा कॉलेज का दौरा किया गया है। इस दौरान उन्होंने हॉस्टल में मिल रहे खाने की भी जांच करते हुए कहा कि यहां पढने़ वाली लड़कियों को शुद्ध और पौष्टिक खाना मिलना चाहिए अगर इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती गई तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज में पढने़ वाली लड़कियों को कॉलेज तथा हॉस्टलों में सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया करवाएं ताकि उनको किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस दौरान उन्होंने कॉलेज में पढने़ वाली छात्राओं से भी बातचीत की और कहा कि वे भी पूरे अनुशासन के साथ अपनी पढ़ाई करें। उन्होंने कहा कि महिला आयोग 24 घण्टे महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करने के लिए उनके साथ खड़ा है अगर किसी बेटी को कोई समस्या आती है तो वे उनसे किसी भी वक्त बात कर सकती हैं।

इस मौके पर खानपुर पीजीआई के निदेशक जगदीश चंद्र दुरेजा, पीजीआई के संयुक्त निदेशक अजय हुड्डा, डॉ0 एपीएस बत्रा, डॉ0 स्वर्ण कौर, डॉ0 सरिता मलिक, जगबीर जैन, खानपुर महिला थाना एसएचओ सुदेश जैन सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

# एमसी पंचकूला व कालका में आई 7 शिकायतें, 3 का हुआ निपटारा

## बरवाला व रायपुररानी ब्लॉक में भी ग्रामीणों की 7 समस्याएं संबंधित विभाग को भेजी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। उपायुक्त डा. यश गर्ग के मार्गदर्शन में आज सेक्टर-4 स्थित नगर निगम पंचकूला के कार्यालय व नगर परिषद कालका में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में शहरवासियों द्वारा सात समस्याएं अधिकारियों के सामने रखी गई, इनमें से मौके पर ही तीन समस्याओं का समाधान किया गया। नगर परिषद कालका में आई दोनों शिकायतें पेंडिंग है।

अतिरिक्त उपायुक्त एवं नगर निगम कमिश्नर सचिन गुप्ता ने बताया कि शिविर में प्रॉपर्टी आईडी से सम्बन्धित 5 शिकायतें प्राप्त हुई।




प्रॉपर्टी आईडी से सम्बन्धित तीन शिकायतों का मौके पर ही निपटान कर दिया गया। उन्होंने बताया कि सेक्टर-4 स्थित नगर निगम के कार्यालय में प्रत्येक कार्यदिवस पर सुबह 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन कर शहर के लोगों की समस्याओं व शिकायतों को सुना जाएगा। शिविर में आने वाली शिकायतों के समाधान को जल्द से जल्द निपटारा किया जाएगा। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वो सुबह 9 से 11 बजे के बीच नगर निगम से सम्बन्धित शिकायतों और समस्याओं को रख सकते हैं।

### ग्रामीणों की समस्याओं पर हुई कार्यवाही

उपायुक्त डॉ. यश गर्ग के मार्गदर्शन में सरकार द्वारा निर्देशित जिले के चारों ब्लॉकों में समाधान शिविर का 22 अक्तूबर से लगातार आयोजन किया जा रहा है। श्री गर्ग ने ग्रामीणों से समाधान शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याओं का शीघ्रता और मौके पर समाधान करने की अपील की। श्री गर्ग ने सभी अधिकारियों से प्राथमिकता के आधार पर लोगों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजन सिंगला ने बताया कि मुख्य रूप से स्वामित्व योजना से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक कार्यदिवस को हर ब्लॉक के बीडीपीओ कार्यालय पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को बरवाला ब्लॉक में ग्रामीणों की 4 समस्याएं समाधान शिविर में प्राप्त हुई, जिनके तुरंत समाधान करने के लिए संबंधित व्यक्ति को भेज दिया गया है। श्री सिंगला ने बताया कि ब्लॉक रायपुर रानी पर 3 ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई, जिनको संबंधित विभागों को शीघ्रता से समाधान के लिए भेजा गया।

# सब्जी विक्रेता पर दो जानकारों ने रंजिश में किए चाकू से कई वार

**सेक्टर 5 में देर रात दोस्त के साथ खाना खाने के लिए रूका था बूथ मार्केट**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। सेक्टर 5 में बूथ मार्केट के नजदीक हुए झगड़े के दौरान दो युवकों ने पुरानी रंजिश के चलते व्यक्ति पर चाकू से वार कर दिए। मौलीजागरां निवासी संजय हमले में गंभीर रूप से जख्मी हो गया। पुलिस सूचना पाकर संजय को सिविल अस्पताल सेक्टर 6 ले गई जहां हालत नाजुक देखते हुए उसे जीएमसीएच-32 रेफर कर दिया गया। संजय की हालत गंभीर होने की वजह से पुलिस पीड़ित के बयान दर्ज नहीं कर पाई थी। उधर, वारदात के बाद फरार हुए दो हमलावरों के खिलाफ पीड़ित संजय के दोस्त रोहन की शिकायत पर केस दर्ज कर पड़ताल में जुटी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पेशे से सब्जी बेचने वाला संजय अपने दोस्त रोहन निवासी मौलीजागरां के साथ रविवार को सेक्टर 5 में गया था।

देर रात को करीब एक बजे संजय अपने दोस्त के साथ खाना खाने के लिए बूथ मार्केट में आया। वहां संजय के जानकार सेक्टर 8 निवासी महेश और सेक्टर 1 माजरी निवासी सूरज भी आ गए। दोनों पुरानी बात को लेकर संजय से झगड़ा करने लगे। इतने में विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने चाकू निकाल कर संजय के पेट में वार करना शुरू कर दिए। हमले में जख्मी हुआ संजय आरोपियों से छूट कर भागा लेकिन 20 फुट दूर जाने पर दोनों आरोपियों ने फिर से उसकी पीठ पर चाकू से कई वार किए। व्यक्ति लहूलुहान होकर जैसे ही जमीन पर गिरा तभी आरोपी वहां से फरार हो गए। संजय का दोस्त जब उसे देखने के लिए पास गया तब देखा कि चाकू उसकी बाजू के नीचे छाती में घुंपा हुआ था। उसने तुरंत पुलिस को सूचना देते हुए घायल संजय को सेक्टर 6 के सिविल अस्पताल पहुंचाया लेकिन वहां उसकी हालत में सुधार नहीं होने की वजह से जीएमसीएच चंडीगढ़ रेफर कर दिया। पुलिस हमलावरों की तलाश में मौलीजागरां समेत कई अन्य ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी।

# फियरफुल फ्यूचर डॉक्यूमेंट्री ने जीता स्पेशल फेस्टिवल मेंशन अवॉर्ड

**13वें दिल्ली शॉर्ट्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024 में एसडी कॉलेज की ओर से निर्मित डॉक्यूमेंट्री को मिला अवार्ड**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के पोस्ट ग्रेजुएट डिपार्टमेंट ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन द्वारा निर्मित डॉक्यूमेंट्री 'फियरफुल फ्यूचर' को 13वें दिल्ली शॉर्ट्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024, नई दिल्ली में स्पेशल फेस्टिवल मेंशन अवार्ड दिया गया है। इसे भारत और विदेश से 246 से अधिक प्रविष्टियों में से चुना गया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने विजेता टीम को बधाई दी और कहा कि यह प्रतिष्ठित सम्मान हमारे छात्रों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत, समर्पण और रचनात्मकता का प्रमाण है। उनके जुनून और दृढ़ता ने यह प्रतिष्ठित सम्मान अर्जित किया है।

पोस्ट ग्रेजुएट डिपार्टमेंट ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन की विभागाध्यक्ष एवं डॉक्यूमेंट्री की डॉयरेक्टर डॉ. प्रिया चड्ढा ने कहा कि डॉक्यूमेंट्री को पहले राउंड में आफिशियल सिलेक्शन तथा अंतिम राउंड में स्पेशल फेस्टिवल मेंशन दिया गया।

यह डॉक्यूमेंट्री एनवायरमेंटल डीग्रेडेशन से तबाह हो रहे विश्व का एक कठोर दृश्य प्रस्तुत करती है तथा अनियंत्रित प्रदूषण, वनों की कटाई और संसाधनों की कमी के खतरों पर बल देती है। सम्मोहक कथाओं और दृश्यों के माध्यम से डॉक्यूमेंट्री विनाशकारी परिणामों को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई का आग्रह करती है। यह डॉक्यूमेंट्री डॉ. प्रिया चड्ढा के नेतृत्व में तैयार हुई है और समर्पित टीम में फैकल्टी मेंबर आरती रानी (असिसटेंट डॉयरेक्टर) और अंबिका शर्मा, मोक्षी, कशिश शामिल हैं। इनके अलावा टीम में सलोनी, जस्मवी, हिया, फरहान, सानिया, नितिका, एकलव्य और भविष्य भी शामिल हैं।

# अवैध देसी शराब की पेटियों समेत तस्कर गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** जिले में अवैध शराब तस्करी और नशे के खिलाफ सख्त कदम उठा रही पंचकूला पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है जो देसी शराब लोगों को बेचने का काम करता है। चंडीमंदिर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बीड़घग्गर पुराना पंचकूला में दबिश देकर आरोपी कृष्ण कुमार उर्फ छोटा को अवैध देसी शराब की 4 पेटियों सहित गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को कृष्ण कुमार के खिलाफ शिकायत मिली कि वह अवैध रूप से शराब बेचने का काम करता है।

बीड़घग्गर में वह देसी शराब बेचते हुए काबू किया जा सकता है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस दल ने वहां दबिश देकर कृष्ण कुमार उर्फ छोटा को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से देसी शराब की पेटियां बरामद हुई जिसमें संतरा मार्का की 48 बोतलें रखी थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर शराब को जब्त कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# फेस्टिवल सीजन में विक्रताओं पर एमसी की कार्रवाई को लेकर बिफरे विधायक

**सेक्टर 15 में विक्रेताओं पर कार्रवाई कर रहे एमसी का दस्ते का हुआ विरोध**

**दिवाली के चलते बाजारों में बैठे वेंडरों ने लगाई एमसी से गुहार**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। शहर में फेस्टिवल सीजन के चलते बाजारों में लोगों की चहल-पहल बढ़ चुकी है। शहर में शायद ही ऐसा कोई स्थान होगा जहां लोग खरीदारी करते दिखाई ना दे रहे हों। सुबह से शाम तक बाजारों में लोगों की भीड़ देखी जा रही है। ऐसे में नगर निगम भी वेंडिंग जोन से बाहर बैठे रेहड़ी-फड़ी वालों पर कार्रवाई कर रहा है। वहीं विक्रेताओं का कहना है कि उन्हें पहले परमिशन दे दी जाती है और फिर नगर निगम का दस्ता अधिकारियों के कहने पर उन्हें ही उठाना आ जाता है। विक्रेताओं ने नगर निगम के अधिकारियों से मांग की है कि उन्हें दिवाली के सीजन में बाजारों से ना हटाया जाए। एकत्रित हुए वेंडरों ने नगर निगम के अधिकारियों से उन्हें फेस्टिवल सीजन में सामान बेचने की परमिशन देने की मांग कर रहे हैं। विक्रेताओं का कहना है कि वे सालों से पंचकूला में व्यापार करते आ रहे हैं। हर दिवाली पर वेंडिंग जोन को लेकर नगर निगम को दिवाली के नजदीक अतिक्रमण पर कार्रवाई करने की सूझती है।

सेक्टर 15 में भी कुछ इसी तरह के हालात सामने आए हैं जहां नगर निगम की टीम का विक्रेताओं ने विरोध किया। इस दौरान सूचना मिलते ही विधायक चंद्रमोहन भी मौके पर पहुंचे और एमसी के कर्मचारियों द्वारा दिवाली के सीजन में अतिक्रमण के नाम पर की जा रही कार्रवाई को गलत बताते हुए बंद करने के आदेश दिए। उन्होंने मौके पर आयुक्त और संयुक्त आयुक्त के अलावा अन्य अधिकारियों से भी बातचीत की और कहा कि पिछले दस वर्षों से शहर में गरीब लोगों की नहीं सुनी नहीं जा रही यही वजह है कि वे अपनी जायज मांग अधिकारियों के समक्ष उठा रहे हैं। ऐसा वह नहीं होने देंगे। उन्होंने नगर निगम के कमिश्नर सहित अन्य अधिकारियों से कहा कि बाजारों में बैठे दुकानदारों को बिना किसी कारण ना हटाया जाए।

# महिला के गले से चेन छीनकर झपटमार फरार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** शहर में चेन स्नेचिंग की वारदात कब हो जाए कहा नहीं जा सकता। पिछले तीन महीनों से यही सिलसिला जारी है। ताजा मामला सेक्टर 12 स्थित दिव्य योग मंदिर के नजदीक सामने आया। सेक्टर 2 की रहने वाली नेहा ढांढा बाजार से सामान खरीदने के लिए गई थी। नेहा ने पुलिस को बताया कि वह खरीदारी करने के बाद मंदिर के नजदीक से गुजर रही थी। दिन ढलने के बाद अंधेरा होने के कारण वह घर लौट रही थी। इस बीच वहां मोटरसाइकिल पर आया युवक उसके गले में पहनी करीब दो तोले की चेन झपट कर फरार हो गया। वह अंधेरे में युवक की मोटरसाइकिल का नंबर और उसका चेहरा नहीं देख पाई। वारदात होते ही मौके पर एकत्रित हुए लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने एरिया सील करते हुए जांच की लेकिन झपटमार का सुराग नहीं मिला। पुलिस को शिकायत देकर नेहा ढांढा ने बताया कि उसकी चेन में गणेश भगवान का लॉकेट भी पहना हुआ था। पुलिस महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही थी। गौरतलब है कि सेक्टर 21, सेक्टर 16, सेक्टर 9 और 10 में भी चेन स्नेचिंग की वारदात हालही में सामने आ चुकी हैं।

# सेक्रेड हार्ट स्कूल की छात्रा हिनाया ने जीता रजत पदक

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। सेक्रेड हार्ट स्कूल चंडीगढ़ की छात्रा हिनाया ने पिछली बार स्वर्ण और इस बार रजत पदक जीता है। 9वीं पंचकूला जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप हालही में पिंजौर में आयोजित की गई। हिनाया ओनिक्स अकादमी से हैं। वह सेक्रेड हार्ट स्कूल सेक्टर 26 चंडीगढ़ की छात्रा हैं। अकादमी में हिनाया के ट्रेनर जसविंदर को भी इस जीत का श्रेय जाता है। हिनाया का कहना है कि उनके सर जसविंदर ने उन्हें प्रशिक्षण देने के लिए अथक प्रयास किए हैं। हिनाया ने यह भी सुनिश्चित किया है



कि वह भविष्य में इसी तरह मेहनत के बूते पर और स्वर्ण पदक लेकर ट्राइसिटी का पूरे भारत में नाम रौशन करेगी। स्कूल प्रबंधन की तरफ से भी हिनाया की इस उपलब्धि पर हर कोई सराहना कर रहा है।

# आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में नेत्र एवं ईएनटी स्वास्थ्य शिविर लगाया

**आयुर्वेद दिवस पर 29 अक्टूबर को स्वास्थ्य सम्मेलन का आयोजन**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए) एमडीसी, सेक्टर 4, पंचकूला के सामुदायिक हॉल में मैरी फार्मेसी के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रोफेसर डॉ. प्रहलाद रघु ने किया। उन्होंने बताया कि यह शिविर विशेष रूप से नेत्र और ईएनटी (कर्ण, नासिका, कंठ) संबंधी जांच, दृष्टि परीक्षण, और प्रकृति परीक्षण पर केंद्रित रहा है। इसके साथ ही आयुर्वेद दिवस के महत्व बारे भी बताया गया। इस शिविर में नेत्र और ईएनटी से संबंधित विविध जांच जैसे ऑप्थाल्मोस्कोपी, ओटोस्कोपी, और दृष्टि परीक्षण भी किए गए।

शिविर में मैरी फार्मेसी द्वारा निशुल्क आई ड्रॉप और दृष्टि सुधारने वाली औषधियां का वितरण भी किया गया। यह शिविर एनआईए पंचकूला की स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं के बारे में जनसाधारण को जागरूक करने का एक उत्कृष्ट प्रयास रहा।

उन्होंने बताया कि 29 अक्टूबर को राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान पंचकूला में एक स्वास्थ्य सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिससे संस्थान आयुर्वेद के सिद्धांतों को बढ़ावा देने और समग्र स्वास्थ्य दृष्टिकोण को प्रसारित करने के लिए तत्पर हैं। ज्यादा से ज्यादा नागरिक भाग लेकर इस स्वास्थ्य सम्मेलन का लाभ उठाएं।

# संविधान भारत के लोगों की सामूहिक चेतना, हमारा अतीत, वर्तमान और भविष्य: स्वतन्त्र कुमार

**पूर्व न्यायाधीश स्वतंत्र कुमार ने भारतीय संविधान नामक रचित पुस्तक का किया गया विमोचन**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला 28 अक्तूबर - संविधान भारत के लोगों की सामूहिक चेतना और कल अतीत है इसमें हमारा अतीत, वर्तमान और भविष्य है। यह हमारे स्व-व्यवस्था संघर्ष का लेखा-जोखा है। यह हमारी पिछली पीढ़ी की वीरता की गाथा है जिसने हमें स्वतंत्रता का सौभाग्य दिया। यह विचार सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश स्वतन्त्र कुमार ने आईएएस एसोसिएशन हरियाणा द्वारा आयोजित %दी लेक्चर एवं इंटरेक्शन सेशन 75 इयर्स ऑफ दी कान्सटीच्यूशन ऑफ इंडिया, इम्पेक्ट ऑन पब्लिक पॉलिसी एंड सिविल सर्विस' थीम के दौरान व्यक्त किए। इस



अवसर पर भारतीय संविधान नामक रचित पुस्तक का विमोचन भी किया गया। आईएएस एसोसिएशन की ओर से आयुक्त एवं सचिव डा. अमित अग्रवाल ने पूर्व न्यायाधीश स्वतन्त्र कुमार एवं फाउंडिंग वीसी ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी डा. सी राज कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

एमडीसी जिमखाना क्लब में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद, एसीएस सुधीर राजपाल, एसीएस राजा शेखर वूंदरू, महानिदेशक विकास एवं पंचायत डीके बेहरा, विशेष सचिव प्रियंका सोनी, विशेष सचिव पंकज, अतिरिक्त उपायुक्त पंचकूला सचिन गुप्ता, पूर्व मुख्य सचिव धर्मबीर सिंह, डीडी आर्कियोलॉजी एवं म्यूजियम बनानी भट्टाचार्य, डा. राजेश सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### पुरातात्विक संग्रह और विरासत को देगा बढ़ावा: मुख्य सचिवहैफेड

मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने संविधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी और प्रशासनिक एवं न्यायिक अधिकारियों के ड्यूटी और कर्तव्य के बारे में भी अवगत करवाया। उन्होंने जिमखाना क्लब में हेरिटेज कॉर्नर एवं प्रोटोकॉल हेल्थ विंग का लोकार्पण किया। इसमें हरियाणा की विरासत के संबंधित मानचित्र, फोटो, और प्रतिक्रिया, स्रोतों का एक संग्रह और विरासत से जोड़ने का बेहतर तरीका है। जो दर्शकों को विरासत के बारे में पूरी जानकारी देगा। इसका मुख्य ध्येय पुरातात्विक संग्रह और विरासत को बढ़ावा देना तथा जनता के बीच समग्र जागरूकता और संवेदनशीलता पैदा करना है जिससे हरियाणा के विरासत स्थलों की सुरक्षा में सहयोग देगा।

# सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार को समाप्त करना जरूरी: अजय कुमार घनघस

**सतर्कता दिवस एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। सभी सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार को समाप्त करना बहुत जरूरी है। जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत पंजाब एंड सिंध बैंक अंचल कार्यालय द्वारा सेक्टर-5 में सतर्कता दिवस एवं स्वास्थ्य जांच शिविर में यह विचार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय कुमार घनघस ने व्यक्त किए। इससे पहले उन्होंने शिविर का उदघाटन किया और शिविर की अध्यक्षता क्षेत्रीय महाप्रबंधक चमन लाल सिंघनार ने की।



मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय कुमार घनघस ने उपस्थित सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को सतर्कता शपथ भी दिलाई तथा कहा कि सभी को अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ निभानी होगी। क्षेत्रीय महाप्रबंधक चमन लाल ने कहा कि पंजाब एंड सिंध बैंक अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को निभाते हुए इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल कुमार, उप महाप्रबंधक सरदार करमजीत, सहायक महाप्रबंधक रविन्द्र कुमार, सहायक महाप्रबंधक लोकेश कुमार, श्रीमती आकांक्षा यादव कानूनी सहायता अधिवक्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा पंजाब एवं सिंध बैंक के कर्मचारी उपस्थित थे।

# एक नवंबर को दीपावली मनाना शास्त्र सम्मत: आचार्य सुनील

अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** हर साल कार्तिक अमावस्या के दिन दिवाली का त्योहार मनाया जाता है। यह हिंदू धर्म के सबसे महत्वपूर्ण और प्रसिद्ध त्योहारों में से एक है। दिवाली मुख्य रूप से भगवान राम के अयोध्या लौटने की खुशी में मनाई जाती है। इस साल दीपावली के दिन-तारीख को लेकर बड़ा मतभेद है। कोई 31 अक्टूबर तो 1 नवंबर को दिवाली का पर्व बता रहा है। इस विषय पर जानकारी देते हुए सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल, एचएमटी टाउनशिप, पिंजौर के संस्कृत विभाग अध्यक्ष आचार्य सुनील दत्त गौतम द्वारा बताया गया कि जो प्रदोष (सूर्यास्त के तीन मुहूर्त बाद) से युक्त होती है, उस दिन दीपावली मनाना शास्त्र सम्मत है। इस दिन, लोग प्रदोष में श्रीमहालक्ष्मी पूजन करते हैं। दोनों ही दिन प्रदोष में अमावस्या का अभाव होने पर पहले ही दिन लक्ष्मी पूजन करने का धर्म सिंधुकर ने निर्देश दिया है। पर दिन एव, दिनद्वए वा प्रदोषव्यतौ परा। दोनों



दिन प्रदोष काल में अमावस्या की व्याप्ति या अव्याप्ति होने पर दीपावली दूसरे ही दिन मनाई जाए, यही शास्त्रकारों का अंतिम निर्णय है।
दिन द्वये सत्वा अस्त्वे परा। तिथियां का निर्धारण करने वाले ग्रंथ तिथि निर्णय- के अनुसार भी यदि दोनों दिन प्रदोष व्यापिनी अमावस्या हो तो दूसरे दिन ही दीपावली को मनाया जाना शास्त्र सम्मत है।

इस वर्ष 31 अक्टूबर और 1 नवंबर, 2024. ई. को दोनों दिन कार्त्तिक कृष्णपक्ष की यह अमावस्या प्रदोषव्यापिनी है। अतः उपरोक्त नियमानुसार इस वर्ष दीपावली दूसरे दिन यानी 1 नवंबर, 2024 ई. को ही मनाई जाएगी।

# एक बार फिर सजेगा मानवता का समागम, 77वें वार्षिक निरंकारी संत समागम की तैयारियां शुरु

अर्थ प्रकाश संवाददता

**चंडीगढ़/पंचकुला/ मोहाली।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की असीम कृपा से संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा में हर वर्ष की तरह, इस वर्ष भी निरंकारी परिवार का 77वां वार्षिक संत समागम 16, 17 एवं 18 नवंबर 2024 को आयोजित होने जा रहा है। आध्यात्मिकता का आधार लिए इस समागम पर प्रेम, शांति और एकत्व का सन्देश दिया जाता है, जो निसंदेह समस्त मानवता के कल्याण के लिए होता है। सर्वविदित है कि इस संत समागम की भव्यता केवल इसके क्षेत्रफल से रेखांकित नहीं होती, बल्कि यहाँ देश-विदेश से पधारने वाले लाखों श्रद्धालु भक्तों के भावों से इंगित होती है। निरंकारी संत समागम मानवता का एक ऐसा दिव्य संगम होता है जहां धर्म, जाति, भाषा, प्रांत और अमीरी-गरीबी आदि के बंधनों से ऊपर उठकर सभी मर्यादित रूप से प्रेम और सौहार्द के साथ सेवा, सुमिरण और सत्संग करते हैं। यह उसी सन्देश का अनुसरण है जो सभी संतों, पीरों और गुरुओं ने समय-समय पर दिया है। इस तीन दिवसीय संत समागम में भक्ति के अनेक पहलुओं पर गीत, विचार और कविताओं आदि के माध्यम से भक्त अपने शुभ भाव प्रकट करेंगे। सतगुरु माता जी और निरंकारी राजपिता जी के प्रवचनों का अनमोल उपहार भी सभी को प्राप्त होगा। इस वर्ष सतगुरु माता जी ने समागम का विषय दिया है-'विस्तार, असीम की ओर'।



निरंकारी संत समागम के विशाल रूप को प्रभावशाली और सुचारु रूप से आयोजित करने के लिए निरंकारी मिशन के भक्त एवं सेवादार देश के कोने-कोने से महीनों पहले ही आकर अपनी निष्काम सेवाएं समर्पित करते हुए तैयारियों में जुट जाते हैं। समागम सेवाओं का यह दृश्य अपने आप में अत्यंत प्रेरणादायक और मनोरम होता है। इस वर्ष भी देखा गया कि प्रातः काल से ही सेवाएं प्रारम्भ हो जाती हैं जहाँ हर आयु-वर्ग के नर-नारी अनेक प्रकार की सेवाओं को सरंजाम दे रहे हैं। सेवादारों के हाथों में मिटटी के तसले होते हैं और जुबान पर भक्ति भाव से भरे मधुर गीत। कहीं जमीन को समतल किया जा रहा है तो कहीं टेंट लगाए जा रहे हैं। सेवादल की वर्दी में भी नौजवान भाई- बहन अपने अधिकारियों के निर्देशानुसार ग्राउंड पर अनेक प्रकार की सेवाओं में रत हैं। लंगर, कैंटीन, प्रकाशन और ऐसी अनेक सुविधाएँ सुचारु रूप से चल रही हैं, जिनका रूप आने वाले दिनों में और विशाल होता चला जायेगा। देखने में जो सामाजिक गतिविधि लग रही है, उसका आधार पूर्णतः आध्यात्मिक है। सभी एक-दूसरे में परमात्मा का रूप देखकर एक-दूसरे के चरणों में 'धन निरंकार जी' कहते हुए झुक रहे हैं। 'विद्या ददाति विनयम' का ये जीवंत उदाहरण प्रतीत होता है। सबके चेहरों पर एक रूहानी आभा है, जो उनके मन के विश्वास और संतोष को प्रकट कर रही है। सेवा कर रहे इन भक्तों के हर्ष और आनंद की पराकाष्ठा तब देखने को मिलती है, जब सेवा करते हुए उन्हें अपने सतगुरु के दर्शन हो जाते हैं। उस पल गुरसिखों के हृदय झूमने लगते हैं, गाने लगते हैं, नाचने लगते हैं। इसी स्वर्गीय नजारे का सभी श्रद्धालु पूरा साल इंतजार करते हैं।

संत निरंकारी मंडल के सचिव एवं समागम के समन्वयक श्री जोगिन्दर सुखीजा ने बतलाया की सभी संतों के रहने, भोजन, शौच, स्वास्थ्य, सुरक्षा, आगमन-प्रस्थान व अन्य सभी मूल-भूत सेवाओं की तैयारी की जा रही है। राज्य के प्रशासन से भी हर प्रकार का सहयोग प्राप्त हो रहा है और समागम के आयोजन से जु? हर वैधानिक पहलू को ध्यान में रखते हुए ही सारी व्यवस्था की जा रही है। कुछ ही दिनों में ये आध्यात्मिक स्थल एक 'भक्ति के नगर' का रूप ले लेगा जहाँ विश्व से लाखों संत महात्मा सम्मिलित होंगे।

# नई किस्मों और तकनीक की जानकारी खेतों तक पहुंचाएं वैज्ञानिक : संजय रत्न

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर




**सोलन, 28 अक्तूबर।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा की स्थानीय निधि लेखा समिति ने सभापति एवं विधायक संजय रत्न के नेतृत्व में आज सोलन ज़िला के डॉ. यशवंत सिंह परिमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में बैठक की। समिति ने डॉ. यशवंत सिंह परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के बारे में प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

सभापति ने कहा कि विश्वविद्यालय किसानों-बागवानों के लिए कार्यान्वित की जा रही योजनाओं तथा विभिन्न फलों की तैयार नई किस्मों के बारे में किसानों-बागवानों को वृहद् स्तर पर जानकारी दें ताकि इनके माध्यम से प्रदेश की आर्थिकी को मज़बूत किया जा सके।

समिति ने कहा कि यह विश्वविद्यालय हिमाचल की आर्थिकी को सुदृढ़ करने का आधार स्तम्भ बन सकता है। इसके लिए आवश्यक है कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक न केवल स्वयं खेत तक पहुंचे अपितु विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को सूचना, शिक्षा तथा संप्रेषण कार्य में प्रयुक्त करें। समिति ने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को निर्देश दिए कि ग्राम स्तर पर शिविर आयोजित कर किसानों-बागवानों को फल इत्यादि की नई किस्मों और उन्नत तकनीक की जानकारी प्रदान करें। समिति ने कहा कि वैज्ञानिक जानकारी का खेत तक पहुंचाना आवश्यक है।

समिति ने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक किसान प्राकृतिक खेती से जुड़कर लाभान्वित हो सकें। विश्वविद्यालय को निर्देश दिए गए कि सेब के साथ-साथ हिमाचल की जलवायु के अनुरूप अन्य फलों की बेहतर किस्में तैयार करने के लिए समुचित अनुसंधान करें।

समिति ने प्रदेश सरकार द्वारा विश्वविद्यालय को दिया जा रहे अनुदान का समुचित उपयोग सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए। समिति ने निर्देश दिए कि विश्वविद्यालय प्रशासन धनराशि का उपयोग नियमानुसार करे।

बैठक में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में लंबित लेखा पैरों की आपत्तियों को निपटाने और विभिन्न स्तरों पर हो रही अनियमितताओं को रोकने के लिए उचित कदम उठाने के निर्देश दिए।

समिति ने नौणी विश्वविद्यालय के लम्बित ऑडिट पैरों की उचित कार्यवाही कर रिपोर्ट एक माह के भीतर समिति को प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राजेश्वर सिंह चंदेल ने समिति को विश्वास दिलाया कि उनके निर्देशों का समुचित पालन किया जाएगा।

समिति ने इसके उपरांत जटोली मंदिर में पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों के सुखी जीवन की कामना की। समिति ने इसके उपरांत बघाट अर्बन सहकारी बैंक पहुंचकर बैंक के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की और उचित निर्देश जारी किए।

**ये रहे मौके पर मौजूद**

इस अवसर पर समिति के सदस्य एवं विधायक सर्वश्री डॉ. हंसराज, कुलदीप सिंह राठौर, विवेक शर्मा, बघाट बैंक के अध्यक्ष अरुण शर्मा, उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा, पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह सहित नौणी विश्वविद्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



**शिमला:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू सोमवार को ओक ओवर शिमला में जन शिकायतें सुनते हुए।

## सुबाथू स्कूल में एनएसएस शिविर संपन्न

चांदी जैसी सुबह हैं इसकी...

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर




**सोलन, 28 अक्तूबर।** सोलन के सीनियर सेकंडरी स्कूल (ब्वॉयज) सुबाथू में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर संपन्न हुआ। समापन समारोह में स्कूल प्रिंसिपल संजीव मोदगिल मुख्यातिथि रहे। समारोह की अध्यक्षता सुनील ठाकुर प्रवक्ता इतिहास ने की। शिविर के संचालन में सुषमा देवी प्रवक्ता इंग्लिश ने प्रमुख भूमिका निभाई। समापन समारोह में एनएसएस वालंटियर ने वंदे मातरम व सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। एनएसएस के वालंटियर ने समूहगान चांदी जैसी सुबह हैं इसकी, गाकर हिमाचल की सुंदरता का वर्णन किया। इसके अलावा एनएसएस गीत ने भी तालियां बटोरी। एनएसएस छात्रा रेणुका ने मंच का संचालन किया। प्रणव अंजलि व सुहानी ने शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए, सात दिन में किए कार्य का उल्लेख किया। इस मौके पर स्कूल के रीतू ठाकुर, सुरेंद्रा मंगलेट, दीपांजलि शर्मा, नीलम डोगरा, उमा ठाकुर, बीनू शर्मा, मधु बंगा, डीपीई राजेश, पीईटी विनोद कुमार, सुनील गुलेरिया, अशोक शर्मा, डॉ. कामेश्वर शर्मा व दिनेश ठाकुर ने शिविर के सफल संचालन में अपना सहयोग दिया।

## जिओग्राफिकल सोसायटी ऑफ हिमाचल प्रदेश ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से आज राजभवन में प्रो. डी.डी. शर्मा के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश जिओग्राफिकल सोसायटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की।

प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को अवगत करवाया कि राज्य के लगभग 13 प्रतिशत विद्यालयों तथा 44 प्रतिशत महाविद्यालयों में भूगोल विषय की शिक्षा दी जा रही है। भूगोल विषय एक रोजगार उन्मुखी विषय है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार बच्चों को सभी विषयों का ज्ञान प्रदान करना आवश्यक है। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को इस विषय को सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में आवश्यक विषय के रूप में शामिल करने का आग्रह किया।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के पदों के लिए इंटरव्यू 18 व 19 नवम्बर को

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन, 28 अक्तूबर।** समेकित बाल विकास परियोजना कुनिहार स्थित अर्की के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के 09 पद तथा आंगनवाड़ी सहायिकाओं के 30 पदों पर भर्ती के लिए 18 व 19 नवम्बर, 2024 को बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्की के कार्यालय में साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी कुनिहार ने दी।

उन्होंने कहा कि ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के एक-एक पद के लिए आंगनवाड़ी वृत्त पलानिया की ग्राम पंचायत दधोगी के आंगनवाड़ी केन्द्र कडयाह, आंगनवाड़ी वृत्त नवगांव की ग्राम पंचायत बैरल के आंगनवाड़ी केन्द्र बोई, आंगनवाड़ी वृत्त अर्की-2 की ग्राम पंचायत बातल के आंगनवाड़ी केन्द्र बातल-2, आंगनवाड़ी वृत्त भराडीघाट की ग्राम पंचायत क्यारड के आंगनवाड़ी केन्द्र गतैड तथा ग्राम पंचायत हनुमान बडोग के आंगनवाड़ी केन्द्र बटैड, आंगनवाड़ी केन्द्र अर्की-2 की ग्राम पंचायत सानन के आंगनवाड़ी केन्द्र सेरी व सानन, आंगनवाड़ी वृत्त प्लानिया की ग्राम पंचायत दानोघाट के आंगनवाड़ी केन्द्र सेरगलोटिया तथा आंगनवाड़ी वृत्त कुनिहार की ग्राम पंचायत हाटकोट के आंगनवाड़ी केन्द्र हाटकोट-1 में साक्षात्कार 18 नवम्बर, 2024 को बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय अर्की में प्रातः 11.00 बजे से होगा।

बाल विकास परियोजना अधिकारी ने कहा कि आंगनवाड़ी सहायिका के एक-एक पद के लिए 19 नवम्बर, 2024 को प्रातः 11.00 बजे से आंगनवाड़ी वृत्त प्लानिया की ग्राम पंचायत प्लानिया के आंगनवाड़ी केन्द्र बंगोरा, आंगनवाड़ी वृत्त नवगांव की ग्राम पंचायत सन्याड़ी मोड के आंगनवाड़ी केन्द्र पंसौडा व ग्राम पचांयत बागा के आंगनवाड़ी केन्द्र बागा तथा ग्राम पंचायत चाखड़ बुघार के आंगनवाड़ी केन्द्र तुनबडियार, आंगनवाड़ी वृत्त चण्डी की ग्राम पंचायत संघोई के आंगनवाड़ी केन्द्र संघोई तथा ग्राम पंचायत सेवरा चण्डी के आंगनवाड़ी केन्द्र बडोग, आंगनवाड़ी वृत्त सुरजपुर की ग्राम पंचायत कुंहर के आंगनवाड़ी केन्द्र घड़याच तथा ग्राम पंचायत सुरजपुर के आंगनवाड़ी केन्द्र बानण व दड़योटा, आंगनवाड़ी वृत्त अर्की-2 की ग्राम पंचायत घनागुघाट के आंगनवाड़ी केन्द्र शेरपुर, आंगनवाड़ी वृत्त डुमैहर की ग्राम पंचायत खरडहटी के आंगनवाड़ी केन्द्र बावा, आंगनवाड़ी वृत्त कुनिहार की ग्राम पंचायत कुनिहार के आंगनवाड़ी केन्द्र स्यावा व चिश्रा, आंगनवाड़ी वृत्त कुनिहार की ग्राम पंचायत कोठी के आंगनवाड़ी केन्द्र पुलहाडा तथा ग्राम पंचायत कोठी के आंगनवाड़ी केन्द्र टुकाडी, आंगनवाड़ी वृत्त भुमती की ग्राम पंचायत बसंतपुर के आंगनवाड़ी केन्द्र बसंतपुर तथा ग्राम पंचायत सरली के आंगनवाड़ी केन्द्र सरली, आंगनवाड़ी वृत्त बलेरा की ग्राम पंचायत सरली के आंगनवाड़ी केन्द्र जोबडी, आंगनवाड़ी वृत्त प्लानिया की ग्राम पंचायत जलाना के आंगनवाड़ी केन्द्र बथालंग तथा ग्राम पंचायत समोग के आंगनवाड़ी केन्द्र नेरी, आंगनवाड़ी वृत्त चण्डी की ग्राम पंचायत मांगु के आंगनवाड़ी केन्द्र मांगु, आंगनवाड़ी वृत्त दाड़ला की ग्राम पंचायत बरयाली के आंगनवाड़ी केन्द्र बरयाली व ग्राम पंचायत दाड़ला के आंगनवाड़ी केन्द्र नौणी तथा ग्राम पंचायत घनागुघाट के आंगनवाड़ी केन्द्र घगानुघाट, आंगनवाड़ी वृत्त अर्की-2 की ग्राम पंचायत बातल के आंगनवाड़ी केन्द्र बातल-1 व बातल-2, आंगनवाड़ी वृत्त सुरजपुर की ग्राम पंचायत सरयांज के आंगनवाड़ी केन्द्र पंबड, आंगनवाड़ी वृत्त डुमैहर की ग्राम पंचायत खरडहटी के आंगनवाड़ी केन्द्र कांडला, आंगनवाड़ी वृत्त अर्की-1 की नगर पंचायत अर्की के आंगनवाड़ी केन्द्र अर्की-2 तथा आंगनवाड़ी वृत्त डुमैहर की ग्राम पंचायत मान के आंगनवाड़ी केन्द्र जयार्लग में साक्षात्कार होगा।

उन्होंने कहा कि आवेदनकर्ता को इन पदों के लिए 11 नवम्बर, 2024 सांय 05.00 बजे तक बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्की के कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

## मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज बिलासपुर में विभिन्न विकासात्मक कार्यों के करेंगे उद्घाटन

अर्थ प्रकाश/ अजय मल्होत्रा

**बिलासपुर 28 अक्तूबर।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू 29 अक्तूबर को जिला बिलासपुर के एक दिवसीय प्रवास के दौरान विभिन्न विकास कार्यों के उदघाटन करेंगे। प्रवास कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री 29 अक्तूबर को प्रातः 11.00 बजे लुहणू मैदान बिलासपुर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री उसके उपरांत प्रथम 11.10 पर रोड़ा सेक्टर में राज्य की पहली डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन करेंगे, उसके उपरांत 11.25 पर चंगर सेक्टर में उपायुक्त कार्यालय परिसर में विजिलेंस और एंटी करप्शन ब्यूरो कार्यालय भवन का उद्घाटन करेंगे।

मुख्यमंत्री 11.45 पर मंडी भराड़ी में वॉटर स्पोर्ट्स एंड एडवेंचर्स टूरिज्म एक्टिविटीज का उद्घाटन करेंगे तथा गोविंद सागर झील में क्रूज में गोविंद सागर झील का एक छोटा चक्कर भी लगाएंगे।

उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि मुख्यमंत्री के दौरे के लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।


**PRESS NOTICE TO ISSUE FOR PUBLICATIONS IN NEWS PAPER FOR E-TENDERING**

The Executive Engineer, Jal Shakti Division, Chowari invites tenders on behalf of the Governor of Himachal Pradesh from approved eligible contractors for the following work(s) through e-tendering process.

| | | |
|---|---|---|
| Name of Work | : | Operation and running of Lift Water Supply Scheme Kudera to Kakira in tehsil Bhattiyat Distt. Chamba (H.P) (SH:-Operation running and maintenance of pumping machinery for a Period of one year). |
| Estimated Cost | : | Rs. 626705/- |
| Earnest money | : | Rs. 12534/- |
| Time Limit | : | One year |
| Cost of form | : | Rs. 250/- |
| Start and Last date for uploading the tender throug e-tendering | : | 26/10/2024 to 04.11.2024 |

The bidders are advised to note other details of tender from the departmental website https://hptenders.gov.in. The Executive Engineer, reserves the right to reject/cancel any or all the bids without assigning any reason(s).

Executive Engineer,
Jal Shakti Division, Chowari.
Distt. Chamba (HP)-176302

R.O.No. 2961_2024-2025

AP-5882


## ससुराल वालों ने महिला को घर से निकाल मायके वालों से की मारपीट, मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना, 28 अक्तूबर।** उपमंडल अम्ब के अंतर्गत आते गांव ठठल में एक महिला को उसके पति ने घर से बाहर निकाल दिया व मायका पक्ष जब सुलह करवाने आया तो उनके साथ भी मारपीट की, जिसमें उन्हें चोटें आई हैं। ऐसा ही आरोप महिला ने लगाया है और पुलिस थाना अम्ब में मामला दर्ज करवाया गया है।

पुलिस को दी शिकायत में महिला ने दर्ज करवाया कि दिनांक 27 अगस्त 24 को इसके पति तिलक राज ने इसे घर से बाहर निकाल दिया, जब इसके परिवार वालों ने समझाने की कोशिश की तो इसके पति व इसके ससुराल वालों ने इसके व इसके मायके वालों के साथ गाली- गलोज और मार पीट की व जान से मारने की धमकियां दी। उनकी मारपीट से इसे सिर व अन्य शरीर पर तथा इसके भाई चरणजीत को सिर व टांग पर, पिता सुभाष चन्द को शरीर पर गुम चोटें तथा चचेरे भाई तारा चन्द को मुंह व शरीर पर चोटें आई हैं । इस संबंध में पुलिस ने तिलक राज पुत्र कुलदीप चन्द, राज रानी पत्नी कुलदीप चन्द, कुलदीप चन्द , सुरेश कुमार पुत्र कुलदीप चन्द निवासी ठठल त0 अम्ब जिला ऊना के विरुद्ध धारा 126 (2), 115(2), 351 (2), 352, 3(5) भा0न0स0 के तहत थाना अम्ब में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### डीएवी लठियाणी में प्रदर्शनी का आयोजन, जिला पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा रहे मुख्यातिथि

## पढ़ाई के साथ साथ अन्य गतिविधियों में रुचि बढ़ाएं छात्र, नशे से रहे दूर: कृष्ण पाल शर्मा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बंगाणा, 28 अक्तूबर।** उपमंडल बंगाणा के डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल लठियाणी में विज्ञान , सोशल साइंस, अंग्रेजी , हिंदी , आर्ट एंड क्राफ्ट , कंप्यूटर साइंस , मैथ्स, संगीत और स्पोर्ट्स की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि कृष्णा पाल वॉइस चेयर पर्सन थानाकलां व डॉ आशीष (हमीरपुर) एल.एम.सी. अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्य अतिथि का स्वागत शॉल व टोपी के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा ज्योति प्रजनन व डीएवी गान के साथ किया स्रष्ट गया किया। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य से विद्यार्थियों को समझाया कि या प्रतिस्पर्धा का दौर है और इस तरह के प्रयासों से विद्यार्थियों के मस्तिष्क में नए विचारों का आगमन होता है व छात्र आने वाली परीक्षाओं के लिए तैयार होते हैं उन्होंने छात्रों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। प्रदर्शनी में बच्चों ने तरह-तरह के मॉडल प्रस्तुत किये। विज्ञान वर्ग व अन्य सभी वर्गों में अधिकतर वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि व अभिभावकों ने मॉडल देखकर छात्र-छात्राओं के प्रयासों की सराहना की । प्रधानाचार्य ने मॉडल की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों में प्रतिभा का भंडार है। सभी का भविष्य स्वर्णिम नजर आता है। छात्र-छात्राओं ने अपने संपूर्ण प्रतिभाओं को इस मॉडल में दर्शाया है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी प्रतिभा को निखारना चाहिए। कृष्ण पाल शर्मा ने कहा कि छात्र पढ़ाई के साथ साथ अन्य गतिविधियों पर अपनी रुचि बढ़ाएं। ताकि छात्र अपना जीवन सार्थक कर सकें। शर्मा ने कहा कि स्कूल स्टाफ के साथ साथ अभिभावक भी अपने बच्चों पर पैनी नजर रखें। ताकि बच्चे नशे जैसे विषय विकारों की तरफ न जाएं। प्रधानाचार्य मुख्यातिथि व अभिभावकों द्वारा प्रतिभागी बच्चों से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने पर व पूरी प्रदर्शनी में अनुशासन बनाए रखने पर उन्हें बधाई दी।


**HIMACHAL PRADESH PUBLIC WORKS DEPARTMENT NOTICE INVITING TENDER**

Sealed item rate tenders are hereby invited on PWD form no. 6 & 8 by the Executive Engineer, National Highway Division, H.P. PWD. Joginder Nagar District Mandi (H.P) for and on behalf of Governor of H.P. for following works, from the approved & eligible contractors enlisted in HP.P.W.D. in the appropriate class so as to reach in the office on or before 04.11.2024 up to 10.30 A.M. and will be opened on the /same day at 11:00 A.M. in the presence of intending contractors or their authorized/ representative, who wish t/o be present at the time of opening of tender. The application for issue of tender document could be received upto 03.11.2024 upto 12:30 P.M. from this office against cash payment(Non-refundable)and tender document will be issued on 03.11.2024 up to 3:00 P.M. The offer of the tender shall be kept open for 120 days.

| Sr. No. | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | Time allowed | Cost of form |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | A/R & M/O Mubarikpur,Dehra,Gopipur,Ranital Kangra, Matour-Dharamshala-Mcleodganj road NH-503 (Matour-Dharamshala-Mcleodganj section 0/000 to 23/105) (SH:- Supplying and fixing dual junction reflective speed-breaker/ rumble-strips and retroreflectorised cautionary sign boards at km. 2/555 & 8/075). | 472637/- | 9500.00 | One Month | 350/- |
| 2. | A/R & M/O on Nagrota Bagwan Ranital Mubarikpur road NH-303 km. 0/000 to 39/000 (SH:- C/o R/wall at km. 13/860 to 867. L=7.00 (RHS) | 324485.00 | 6500/- | One Month | 350/- |
| 3. | A/R M/O on Nagrota Bagwan Ranital Mubarikpur road NH-303 km.0/0 to 39/0.(SH:_ Earth filling behind R/wall at km. 15/505 to 550 Length=45.00 mtr on LHS existing R/wall | 94832/- | 1900/- | One Month | 350/- |

TERMS AND CONDITIONS :-
1. The earnest money in the shape of National saving certificate/Time deposit account/ F.D.R./saving account in any post office in H.P. duly pledged in favour of Executive Engineer N.H. HPPWD Joginder Nagar must accompany with each tender.
2. The tender received without earnest money and conditional/Telegraphic tender will summarily be rejected.
3. The contractor shall accompany his enlistment/renewal order with his application for obtaining the tender documents.
4. Executive Engineer Reserves the right to reject the tender without assigning any reason.
5. The work will be completed by the contractor within stipulated period.
6. Tender form will not be issued to those contractor who are not registered under HPGST Act-1968 & photocopy of individual PAN No. allotted to them shall be attached with their application at the time of applying for tender document. Application will not be entertained without aforesaid document.
7. The contractor shall have to register his labour from the competent authority under contract Act 1970.
8. The contractor/firms are required to insert the rate of each item in words as well as in figures failing which Executive Engineer reserves the right to accept/rejects any or all tenders.
9. The tender forms shall be issued to only those contractor/firms who are found eligible suitable and competent.
10. The tender forms of soling wearing and tarring shall be issued only to those contractors who will produce proper documents of ownership of required machinery and completion certificate of similar nature of work issued by the concerned Executive Engineer.
11. Bitumen for patch work/Pot holes repair shall be arranged by the contractor himself and contractor/firms having necessary documents of past experience shall be preferred.
12. If it happens to be holiday on the date of opening of tenders, the tender shall be opened on next working day.
13. The contractor should have experience of similar nature of work executed to 40% of estimated cost.

Executive Engineer,
National Highway Division,
HP.PWD. Joginder Nagar

R.O. No. 2967_2024-2025

AP-5882


## नेर चौक स्वीट शॉप से 362 किलो मिठाई जब्त

मिल्क केक वह सोन पापड़ी के सैंपल भरे

अर्थ प्रकाश/गोविन्द ठाकुर



**नेरचौक, 27 अक्तूबर।** असिस्टेंट कमिश्नर फूड सेफ्टी लीलाधर की अगवाई में वीडियो ऑफिस नेर चौक के पास एक स्वीट शॉप पर छापामारी की गई जहां पर फूड सेफ्टी की टीम ने 347 किलो मिल्क केक वह 15 किलो सोनपापड़ी जप्त कर ली है जिनके मौके पर सैंपल भी भर गए हैं स्वीट शॉप से बनी दुकान में बाहरी राज्य की बनी मिठाईयां पकड़ी गई।

असिस्टेंट कमिश्नर फूड सेफ्टी लीलाधर ने बताया कि सोन पापड़ी वह मिलकर के सैंपल भरे गए हैं ।

असिस्टेंट कमिश्नर फूड सेफ्टी ने ऑन को सलाह दी है कि वह जो भी बनी बनाई मिठाई खरीद रहे हैं उसे पक्के बिल पर खरीदे जो भी मिठाई खरीदें देख परख कर खरीदें अगर कोई ब्रांडेड मिठाई भी खरीद रहे हैं तो उसकी मैन्युफैक्चरिंग डेट जरूर देखें ज्यादा चमक धमक वाली मिठाइयों से दूर रहे।

### सुल्तानपुर सीसे स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस संपन्न



**सोलन, 27 अक्तूबर (यशपाल कपूर)।** सोलन जिला के कसौली उपमंडल के सीनियर सेकंडरी स्कूल सुल्तानपुर में सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न हुआ। समापन समारोह में अभिषेक सुल्तानपुरी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जिन्होंने इस स्कूल को गोद लिया हुआ है। इस मौके पर बोलते हुए मुख्यातिथि ने कहा कि एनएसएस शिविर में हम साथ कार्य करना सीखते हैं, जो हमारे लिए भविष्य में उपयोगी होता है। उन्होंने कहा कि स्कूलों से ही यदि बच्चों में समाज सेवा के बीज बोये जाएं तो यह समाज के लिए उपयोगी नागरिक साबित होते हैं। इस अवसर पर एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी मनोज पुंडीर ने शिविर की रिपोर्ट पढ़ी और सात दिन में किए कार्यों की विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल दया पंवर, एसएमसी प्रधान मान सिंह, मुख्य सलाहकार अनुप पराशरसमेत समस्त स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

# घरौंडा में थाने के पास मोबाइल शोरूम पर फायरिंग, सीसीटीवी में कैद हुए आरोपी

अर्थ प्रकाश/रविन्द्र गिरि







**घरौंडा, 28 अक्तूबर।** घरौंडा में सर्विस रोड पर मोबाइल शोरूम पर दो अज्ञात बदमाशों ने फायरिंग कर दी। दो बदमाश एक बाइक पर सवार होकर आए थे। फायर करने के बाद दोनों आरोपी पुलिस थाने की तरफ ही भागे और पुलिस थाने से पहले बने अंडरपास से यू टर्न लेकर पानीपत की तरफ फरार हो गए। आरोपियों ने पुलिस थाने से 200 मीटर की दूरी पर घटना का अंजाम दिया। फायरिंग से शोरूम का ग्लास डोर टूट गया, हालांकि, गनीमत यह रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें एक बदमाश बाइक से उतरकर फायरिंग करता दिखाई दे रहा है। सूचना मिलने पर डीएसपी मनोज कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जहां एफएसएल टीम ने सबूत एकत्रित किए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल फायरिंग के कारणों का पता नहीं चल सका है और पुलिस आरोपियों की पहचान के प्रयास में जुटी हुई है।

मोबाइल शोरूम के मालिक नीरज गुप्ता का कहना है कि उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं है और उन्हें फिरौती या धमकी जैसी कोई कॉल भी नहीं आई थी। घटना के वक्त नीरज दुकान में मौजूद नहीं थे। जब उन्होंने सीसीटीवी फुटेज देखा तो पता चला कि दो युवक बाइक पर आए और उनमें से एक ने फायरिंग की। फायरिंग के बाद बदमाश करनाल की ओर भाग गए। नीरज ने बताया कि गोली शोरूम के ग्लास डोर को लगी, जिससे दरवाजा चकनाचूर हो गया। शोरूम के अंदर मौजूद ग्राहकों में भी खौफ का माहौल है। नीरज ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी मनोज कुमार और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और घटना स्थल से सबूत एकत्रित किए। सीसीटीवी फुटेज में दोनों आरोपियों की तस्वीरें साफ नजर आ रही हैं। पुलिस ने आरोपियों की पहचान के लिए वीटी करवा दी है और आसपास के इलाकों में नाकाबंदी कर दी गई है। डीएसपी मनोज कुमार ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं पर गहनता से जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की उम्मीद जताई जा रही है।

## धूमधाम से मनाई महाराज अग्रसेन की जयंती

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** दिन रविवार को भगवान श्री राम जी के वंशज सूर्यवंशी महाराज अग्रसेन जी की जयंती महोत्सव शगुन रिसोर्ट में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सुभाष बराला अध्यक्षता श्री मुकेश बंसल वशिष्ठ अतिथि राजेश गर्ग कुम्भे वाले वशिष्ठ अतिथि जितेंद्र बंसल जी रहे। अग्रवाल सभा पूर्व प्रधान जीवन बंसल युवा अग्रवाल सभा पूर्व प्रधान सुशील सिंगला जी व अन्य अग्रवाल बांधों की काफी अत्यधिक संख्या की उपस्थिति में बड़े धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत में संस्कृत कार्यक्रम वह प्रिंस जादूगर एवं डांडिया प्रोग्राम भी किए गए महाराज अग्रसेन जी की जयंती के उपलक्ष्य में मंच पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला जी ने महाराज अग्रसेन जी की जीवनी पर प्रकाश डाला व उनके द्वारा किए गए कामों का विस्तार पूर्वक विवरण किया इसके बाद महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने वहां पर पहुंचे सभी अग्रवाल बांधो व मातृशक्ति व बच्चों का सभी का हार्दिक दिल से धन्यवाद किया।

## बलिदानी विकास भारद्वाज को शहीदी दिवस पर किया नमन

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति

**पुंडरी, 28 अक्तूबर।** गांव बरोट के अमर बलिदानी अस्सिटेंट कमांडेंट विकास भारद्वाज को उनके शहीदी दिवस पर शहीद विकास भारद्वाज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरोट-बंदराणा में एक कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम संयुक्त रूप से पूर्व सैनिक वेल्फेयर एसोसिएशन व विद्यालय की ओर से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहीद विकास भारद्वाज के परिवार के सदस्यों ने मुख्य रूप से शिरकत की। इस दौरान बरोट सरपंच प्रतिनिधि डॉ. मेनपाल, बेगपुर सरपंच जसबीर गुर्जर, खे?ी रायवाली सरपँच शमशेर सिंह, प्रवीण कुमार सरपंच रसूलपुर ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम का आरंभ पुष्पार्पित करके व स्वागत गीत से हुआ। इसके पश्चात प्रसिद्ध हरियाणवी कलाकार फौजी कर्मबीर ने अपने देशभक्ति गीतों से सभी को भाव विभोर कर दिया। गीतकार रमेश भट्ट बरोट व उनके दल की रागनियों ने सभी की आँखे नम कर दी। विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी अपनी देशभक्ति की प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। पूर्व सैनिक वेल्फेयर एसोसिएशन के प्रधान जगजीत फौजी ने कार्यक्रम की महत्ता व उनके संगठन द्वारा शहीदों के लिए किये जा रहे कार्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। गौरतलब है कि 27 अक्तूबर 2001 को जम्मू-कश्मीर में आंतकवादी ऑपरेशन में मातृभूमि के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। अभी इसी वर्ष सरकार द्वारा शहीदों के सम्मान में सरकारी स्कूलों के नाम शहीदों के नाम से किया गया जिसमें बरोट बन्दराना स्कूल का नाम शहीद विकास भारद्वाज के नाम से है जिसमें आज कार्यक्रम आयोजित हुआ। शहीद की बहन सुदेश शर्मा, भाई श्रीप्रकाश (डीएसपी) व भाभी मंजू शर्मा (डीएसपी) को इस अवसर पर स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। शहीद परिवार की ओर से तीन संकायों के प्रथम आने वाले मेधावी विद्यार्थियों को 11-11 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई और स्कूल बैग वितरित किए गए।

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व सरपंचों ने उठाई एक वर्ष से लंबित पेंशन के भुगतान की मांग

**पुंडरी (अप्रस/कृष्ण प्रजापति)।** प्रदेश के पूर्व सरपंचों के लिए इस बार दिवाली का त्यौहार खुशी से ज्यादा चिंता का विषय बन रहा है क्योंकि करीब एक साल से अधिक समय से पेंशन न मिलने के कारण पूर्व सरपंचों की आर्थिक स्थिति बेहद नाजुक हो गई है। खाली जेब और बढ़ती जरूरतों के बीच, वे इस त्योहार को मनाने में असमर्थ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार से अपील की है कि दिवाली से पहले उनके खातों में मानदेय/पेंशन का भुगतान किया जाए ताकि वे अपने परिवार के साथ त्योहार की खुशियां मना सकें। पूर्व सरपंचों का कहना है कि ग्रामीण विकास और जन सेवा में उन्होंने अपना योगदान दिया है, लेकिन अब जब उनकी पेंशन का समय आया तो उन्हें दरकिनार कर दिया गया है। पूर्व सरपंच ओमप्रकाश पोलु काकौत ने कहा कि अगर सरकार पूर्व सरपंचों को समय पर उनकी पेंशन नहीं देती तो इस दिवाली की खुशी उनके लिए फीकी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधियों के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों में उन्होंने अपनी भूमिका निभाई है और अब समय आ गया है कि सरकार भी उनके प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाए। कई पूर्व सरपंचों ने कहा कि अगर उन्हें दिवाली से पहले पेंशन नहीं मिली, तो वे सामूहिक रूप से विरोध प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे।

### 175 किलो गांजा सहित आरोपी काबू

**मुलाना (अप्रस/सचिन मलिक)।** गाँव मिठ्ठापुर से नशा तस्करी के मामले में सीआईए–1 अम्बाला के पुलिस दल ने सूचना के आधार पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी अर्जुन, राजेश कुमार निवासी गाँव ढीडार, दिनधर थाना सम्भालखा जिला पानीपत व सोनू निवासी गाँव इसराना थाना सम्भालखा जिला पानीपत को 175 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा सहित काबू कर थाना साहा में एनडीपीएस एक्ट धारा 20/61/85 दर्ज करके न्यायालय के आदेशानुसार आरोपियों का 10 दिन पुलिस रिमांड प्राप्त किया है। रिमाण्ड के दौरान आरोपियों से पूछताछ कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। सीआईए–1 अम्बाला के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी गाँव मिठ्ठापुर में किराये के मकान में रहकर मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करते है। आज भी आरोपियों के पास गाँव मिठ्ठापुर में भारी मात्रा में मादक पदार्थ है। सूचना उपरान्त सीआईए–1 अम्बाला के पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए गाँव मिठ्ठापुर में किराये के मकान में रह रहे संदिग्धों को काबू कर तलाशी लेने पर उनसे 175 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया। आरोपियों की पहचान अर्जुन, राजेश कुमार निवासी गाँव ढीडार, दिनधर थाना सम्भालखा जिला पानीपत व सोनू निवासी गाँव इसराना थाना सम्भालखा जिला पानीपत के रूप में हुई जिन्हें उपरोक्त मादक पदार्थ गांजा सहित गिरफ्तार कर थाना साहा में मामला दर्ज किया। जनवरी 2024 से अक्तूबर 2024 तक मादक पदार्थो के 95 मामले दर्ज कर लगभग 15 करो? रूपये के मादक पदार्थ बरामद करके 150 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है।

### ब्ल्यू बैल्स स्कूल नमें रक्तदान शिविर का आयोजन

**नारायणगढ़ (अप्रस/सुशील)।** ब्ल्यू बैल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नारायणगढ़ में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर का आयोजन ब्ल्यू बैल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की संस्थापिका स्वर्गीय श्रीमती शाहनी देवी मेहता जी की याद में किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर पवन सैनी, अशोक मेहता ,रामकिशन गुज्जर, विश्वामित्र जी , अमित वालिया , वीरेंद्र सोमा , एस. एच.ओ.नारायणगढ़, ब्ल्यू बैल्स स्कूल की मैनेजमेंट के सदस्य एवं शहर के अन्य सम्मानित जनो ने उपस्थित होकर इस शिविर के आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस शिविर में 96 यूनिट रक्तदान किया गया जो पीजीआई की डॉक्टर की टीम के द्वारा संग्रहित किया गया। स्कूल द्वारा परहित और जनहित में किया गया विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन सफल रहा। शिविर में रक्तदान के सभी नियमों का पूर्णता पालन किया गया। रक्तदाताओं की सुविधा एवं खानपान का विशेष ध्यान रखा गया जिसके कारण किसी भी रक्तदाता को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई। ब्ल्यू बैल्स स्कूल के प्रधानाचार्य राजीव मेहता ने बताया कि लोक कल्याण की भावना उनकी माता जी के स्वभाव का अभिन्न हिस्सा थी। हमने उनकी इस भावना को सम्मान देते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया था। हमारा यह प्रयास सफल रहा और इसकी सफलता में ब्लू बेल्स सभी रक्तदाताओं का विशेष रूप से धन्यवाद करता है।

## कला सृष्टि मंच ने जोत से जोत जलाते चलो कार्यक्रम में नृत्य एवं गीतों से मचाया धमाल

अर्थ प्रकाश/अमित

**कुरुक्षेत्र, 28 अक्तूबर।** प्रबुद्ध एवं कला प्रेमी लोगों की संस्था कला सृष्टि मंच द्वारा त्यौहारों के मौसम में दीपावली के शुभ अवसर पर रिश्तों को संजोए रखने के लिए सैक्टर 10 स्थित एक होटल में जोत से जोत जलाते चलो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कला सृष्टि मंच संस्था पिछले कई वर्षो से कव्वाली, गायन, अभिनय, नृत्य व नाटकों के माध्यम से समाज में रंग बिखेर रही है। समाज में रिश्तों के सामंजस्य की विचारधारा को लेकर चल रही है। संस्था के प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय कलाकार बृज शर्मा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जोत से जोत जलाते चलो कार्यक्रम में सभी 30 व 80 वर्ष आयु वर्ग के कलाकारों द्वारा गीतों एवं नृत्य के माध्यम से सबका मनोरंजन किया गया। साथ ही खूब धमाल मचाया गया। इस धमाल में डा. स्वरित शर्मा ने अपनी सुपुत्री रीत शर्मा संग डयूल गीत, सौरभ चौधरी, डा. सत्य भूषण, नए सदस्य अश्विनी अरोड़ा, सहदेव शर्मा, सरिता दहिया ने गीतों के माध्यम से कार्यक्रम में उत्साह का सृजन किया। राजेश सिंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि डा. स्वरित शर्मा, नीरज आश्री, सपना चावला, कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र निदेशक सुरेश की धर्मपत्नी जयश्री, नुपुर राणा, रश्मि सीकरी, ज्योति आहूजा, रिंकू संजीव छबड़ा, दीपक शर्मा, सुशील कुमार, भावना शर्मा, डा. शालिनी शर्मा इत्यादि ने नृत्य के माध्यम से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में नगर परिषद थानेसर की निवर्तमान अध्यक्षा उमा सुधा, प्रेरणा संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डा. जय भगवान सिंगला, पैनोरमा एवं साइंस केन्द्र के निदेशक सुरेश, गीता जयंती मेला प्राधिकरण के सदस्य सौरभ चौधरी ,शिव कुमार किरमच, मंजू सिंगला, भावना शर्मा, स्वाति गुप्ता, मीरा गौतम, साक्षी गौतम, कमला अरोड़ा, पृथ्वी नाथ गौतम, आशू शर्मा, रमनकान्ता शर्मा, अन्नपूर्णा शर्मा, आशा अरोड़ा, कमल अरोड़ा इत्यादि मौजूद रहे।

## गुरु राम दास जी के प्रकाश पर्व पर 33 लोगों ने दिया खून का दान

**करनाल (अप्रस/शैलेन्द्र जैन)।** सिख धर्म के चौथे गुरु श्री गुरु राम दास जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आज सामाजिक संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम आफ़ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्टस (निफा) द्वारा बाबा सुखा सिंह कार सेवा व गुरु नानक सेवक जत्था गुरुद्वारा मंजी साहेब के सहयोग से रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 33 रक्त दाताओं में स्वेच्छा से रक्त दान किया। शिविर का उद्घाटन बाबा सुखा सिंह कार सेवा वालों ने गुरु नानक सेवक जत्थे के संयोजक रतन सिंह, निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु व संयोजक एडवोकेट नरेश बराना के साथ मिलकर किया जबकि शिविर में विशेष रूप से शामिल हुए करनाल विधायक जगमोहन आनंद व हरियाणा स्टाफ़ सिलेक्शन कमीशन के सदस्य कपिल अत्रेजा ने भी रक्त दाताओं को बैज लगाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जगमोहन आनंद ने सभी को श्री गुरु राम दास जी के पावन प्रकाश पर्व की बधाई दी व इस अवसर पर रक्त दान को पुनीत कार्य बताया।

## ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल ने किया बच्चों के लिए मूवी शो का आयोजन

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 28 अक्तूबर।** सोमवार को ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के लिए सांवेगिक और भावनात्मक महत्व पर आधारित फिल्म 'बिन्नी एंड फैमिली' मूवी शो का आयोजन डिवाइन सेक्टर-10 में किया गया। 'बिन्नी एंड फैमिली' एक मार्मिक विषय पर बनी फिल्म है जो वर्तमान पीढ़ी की पारिवारिक गतिशीलता और पीढ़ीगत संघर्ष की जटिलताओं को खूबसूरती से दर्शाती है। इस मूवी शो में ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल सेक्टर 7, ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल सल्फानी, परल इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 13 स्कूल के सभी विद्यार्थियों के लिए किया गया, जिसमें सभी अध्यापकों ने बच्चों के साथ मूवी का आनंद लिया।
















## हरियाणा के मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय रत्नावली महोत्सव में की शिरकत

# प्रदेश के गीत-संगीत, कला-संस्कृति का अद्भुत संगम है रत्नावली महोत्सव : नायब सैनी

वैदिक काल की संस्कृति और संस्कारों को सहेजने का काम कर रहा है रत्नावली महोत्सव : मुख्यमंत्री

34 विधाओं में 3 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राएं दिखा रहे हैं अपनी प्रतिभा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 28 अक्तूबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का रत्नावली महोत्सव प्रदेश के गीत संगीत, कला, संस्कृति को लेकर युवा पी?ी को जो?ने का एक अद्भुत संगम है। हरियाणा प्रदेश सदैव शाश्वत ज्ञान परम्परा, सम्पन्नता और योद्धाओं की वीरता का प्रमुख केन्द्र रहा है। वैदिक काल से ही इस प्रदेश की सांस्कृतिक सम्पन्नता के साक्ष्य उपलब्ध हैं। इस वैदिक काल की संस्कृति और संस्कारों को रत्नावली महोत्सव सहेजने का काम कर रहा है। हरियाणा की सांस्कृतिक विकास यात्रा में इस उत्सव की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री आज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित चार दिवसीय राज्य स्तरीय रत्नावली महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मंत्री श्री सुभाष सुधा, कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने शिल्प मेले का भी अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दीपावली सहित सभी त्योहारों की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, ज्ञान-विज्ञान, अनुसंधान, कौशल विकास, खेल, कला, संस्कृति सहित सभी क्षेत्रों में देश के अग्रणी विश्वविद्यालयों में से एक है। देश में ऐसे कम ही विश्वविद्यालय हैं जो शिक्षा के साथ-साथ अपने क्षेत्र व देश की संस्कृति को सहेजने का काम कर रहे हैं। रत्नावली महोत्सव हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का अनूठा प्रयास है। पिछले 37 वर्षों से इस विश्वविद्यालय में रत्नावली महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश के गीत-संगीत, कला-संस्कृति को लेकर युवा पी?ी को जो?ने का यह अद्भुत प्रयास है। हरियाणा की सांस्कृतिक विकास यात्रा में इस उत्सव की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। इस महोत्सव में हर वर्ष नई विधाओं से युवाओं को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हरियाणवी लोक संस्कृति को पुनर्जीवित करने व युवा विद्यार्थियों में अपनी महान विरासत पर गर्व का भाव जगाने में रत्नावली महोत्सव अपनी सार्थक भूमिका निभा रहा है। साहित्य-संगीत व कला का यह अद्भुत संगम है।

34 विधाओं में 3 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राएं दिखा रहे हैं अपनी प्रतिभा

इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने मुख्यमंत्री व अन्य मेहमानों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वर्ष 1985 में 8 विधाओं और 300 कलाकारों से रत्नावली महोत्सव का आगाज हुआ था। आज इस महोत्सव के मंच पर 34 विधाओं में 3000 से ज्यादा छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा का हुनर दिखा रहे हैं। यह विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को स्वावलम्बी और आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य को लेकर आगे ब? रहा है। यह विश्वविद्यालय प्रदेश का पहला सरकारी विश्वविद्यालय है जिसका ए-प्लस-प्लस ग्रेड है। यह विश्वविद्यालय शिक्षा, शोध, खेलों में देश में तीसरे स्थान पर, सांस्कृतिक गतिविधियों में 1100 विश्वविद्यालयों में तीसरे स्थान पर और 500 राजकीय विश्वविद्यालयों में पहले स्थान पर है।

इस मौके पर पूर्व मंत्री श्री सुभाष सुधा, उपायुक्त श्री राजेश जोगपाल, पद्मश्री महावीर गुड्डू सहित शिक्षक, कलाकार व विद्यार्थी मौजूद थे।





## सामाजिक संस्था वुमेन एरा फाऊंडेशन ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गो के साथ मनाई दीपावली



अर्थ प्रकाश/दीवान

**सफीदों।** सामाजिक संस्था वुमेन एरा फाऊंडेशन ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गो के साथ दीपावली मनाई। संस्था की टीम अपना आशियाना पानीपत में पहुंची। टीम की अगुवाई संस्था की फाऊंडर अध्यक्ष गीताजंलि कंसल ने की। टीम की सदस्य महिलाओं ने वहां पर मौजूद बुजुर्गो को खाना खिलाया और उसके उपरांत उन्हे मिठाईयां व वस्त्र भेंट किए। संस्था की महिलाओं के द्वारा प्रदान किए गए अपनेपन को पाकर बुजुर्ग काफी खुश दिखाई दिए और कई बुजुर्ग भावविभोर हो गए। संस्था की फाऊंडर अध्यक्ष गीतांजलि कंसल ने बताया कि भारत के बड़े-बड़े त्यौहार संस्था द्वारा बुजुर्गो, असहाय लोगों व दिव्यांगों के साथ हर वर्ष मनाए जाते हैं। इसी कड़ी में इस बार संस्था द्वारा दीपावली का पर्व वृद्धाश्रम के बुजुर्गो के साथ मनाया गया है। इस आयोजन से एक विशेष संतुष्टि प्राप्त हुई है। इस मौके पर मोनिका जैन, सुमन तायल, अभिषेक, साहिल, हिमांशु, ज्योति राणा, बबीता मित्तल, पूनम सिंगला, सुमन, मोनिका, निशा, मधु व सोनिया मौजूद थे।

## दिव्यांग दंपत्ति को गतिशीलता सहायता उपकरण सौंपे




अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), पंचकूला और रेड क्रॉस सोसाइटी, पंचकूला के संयुक्त प्रयासों से, दिव्यांग दंपत्ति सुनील कुमार और बलजीत कौर को आवश्यक गतिशीलता सहायता उपकरण प्रदान किए गए। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और सचिव, डीएलएसए, पंचकूला, अजय कुमार घनहास ने स्वयं उन्हें व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल और वॉकर सौंपे। इन उपकरणों का उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों को उनकी दैनिक गतिविधियों में स्वतंत्रता और सुगमता प्रदान करना है।

इस अवसर पर अजय कुमार घनहास ने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता में सामुदायिक भागीदारी और साझा जिम्मेदारी का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिव्यांग व्यक्तियों के जीवन को सम्मान और आत्मनिर्भरता के साथ जीने में मदद करने हेतु निरंतर प्रयासरत है।

यह पहल पंचकूला में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए अधिक समावेशी और सहायक वातावरण बनाने के प्रति डीएलएसए और रेड क्रॉस सोसाइटी के साझा प्रयासों को दर्शाती है।

## इटली व स्पेन में हुई जय सच्चिदानंद की गूंज

कुरुक्षेत्र (अप्रस)। भारत से गए नंगली वाले महात्मा स्वामी ध्यान प्रेमानंद महाराज ने इटली व स्पेन यूरोपीय देशों के विभिन्न स्थानों पर सत्संग किया एवं भारतीयों को देश की संस्कृति तथा संस्कारों के साथ धर्म से जुड़े रहने के लिए कहा। स्वामी ध्यान प्रेमानंद महाराज का इटली व स्पेन में भारतीयों ने फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। उन्होंने स्पेन के वेलेंशिया बेनिकलप में गुरुद्वारा में सिख संगत के साथ भजन संकीर्तन किया और अरदास की। इसी के साथ स्पेन के वालेचीना में सत्संग किया। यहां पर उनका संदीप कुमार, नवदीप कुमार, सुनील कुमार, लाभ सिंह, हरसिमरत पाल सिंह इत्यादि श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत करते हुए सम्मान किया। इस के इलावा इटली में भी जय सच्चिदानंद की काफी गूंज हुई। इटली के मानतोवा में गाजिलादो व कास्तेलुकीचो में स्वामी ध्यान प्रेमानंद महाराज में विशाल सत्संग किया। यहां पर कुरुक्षेत्र से इटली में दीपक खुंगर, प्रवीण रानी, कर्ण, मुस्कान, सुरेश शर्मा, मंजू, मेघा, जस्सी, पारस इत्यादि सहित ब?ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ स्वागत व सम्मान किया।

## फरीदाबाद की जनता का विकास ही हमारी प्राथमिकता : राजेश नागर

राशन डिपो वालों को निर्देश, राशन में कुछ भी गड़बड़ की तो तुरंत लाइसेंस कर दूंगा रद्द

गांव तिलपत में 98 लाख रुपए की लागत से जोहड़ के पुनर्निर्माण और सौंदर्यीकरण के लिए हवन कर कार्य का शुभारंभ किया



अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले एवं मुद्रण एवं स्टेशनरी विभाग के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री राजेश नागर ने कहा कि जनता ने उन्हें जो प्यार और आशीर्वाद दिया है वह सदैव ही मुझ पर बना रहे। गत रात्रि हरियाणा सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री राजेश नागर का एच के पब्लिक स्कूल, हरकेश कॉलोनी और तिलपत धाम में पहुंचने पर गांववासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री राजेश नागर ने गांव के बुजुर्गो के साथ मिलकर तिलपत में 98 लाख की लागत से होने वाले जोहड़ के पुनर्निर्माण और सौंदर्यीकरण के लिए हवन कर कार्य का शुभारंभ किया।

हरियाणा सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में विधानसभा चुनाव में भाजपा की लगातार तीसरी बार एतिहासिक जीत के बाद नायब सिंह सैनी एक बार पुनः प्रदेश के मुख्यमंत्री बने हैं और प्रदेश की 2.85 करोड़ जनता के विकास और कल्याण के लिए काम कर रहे हैं।

उन्होंने कड़े शब्दों में डिपो होल्डर को कहाकि ज्यादातर शिकायत डिपो होल्डरों की मिलती है। कभी काम राशन देने तो कभी राशन न देने की और लोगों को राशन के लिए बार बार चक्कर भी लगाने पड़ते है। उन्होंने कहा की अगर कोई डिपो होल्डर ऐसा करता है तो उसकी तुरंत शिकायत करें ऐसी डिपो होल्डर का लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि तिलपत गांव में जल्द ही सीवर लाइन डालने के कार्य को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूल की बल्डिंग, सरकारी डिस्पेंसरी और साथ ही गांव में साफ-सफाई की व्यवस्था के लिए और कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा की तिलपत गांव के विकास में कोई कमी नहीं छो?ी जाएगी। उन्होंने कहा कि गांव में समय-समय पर जागरूकता कैंप लगाए जाएंगे ताकि आमजन को सरकार द्वारा चलायी जा रही सरकारी योजनाओं को पता चल सकें और आमजन इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहाकि कि गांव में जो भी विकास कार्य अधूरे रह गए है उनको भी जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। फरीदाबाद की जनता का विकास ही उनकी प्राथमिकता रहेगी।

इस अवसर पर प्रहलाद शर्मा, वासुदेव भारद्वाज, बिशन, प्रवेश भारद्वाज, पंडित नारायण शर्मा, ओम दत्त शर्मा, हरषेय शर्मा, शिव कुमार, धर्मा कटारा, पुष्कर राज, नवीन तिवारी सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्ति और समस्त गांववासी उपस्तिथ थे।

## हरियाणा में डेंगू के मामलों को लेकर भाजपा सरकार गंभीर नहीं : कंवरदीप सैनी



अर्थ प्रकाश/कुलतार

**लाडवा, 28 अक्तूबर।** गाँव रुड़की में कांग्रेस के युवा नेता कंवरदीप सैनी ने गाँव के सरपंच कुलविंदर सिंह के भाई के निधन पर शोक व्यक्त किया। जिनकी मृत्यु डेंगू के कारण हुई। ंवरदीप सैनी ने कहा पूरे हरियाणा में डेंगू फैला हुआ है लेकिन भाजपा सरकार इसको लेकर गंभीर नहीं है। इसके रोकथाम के लिए कोई भाजपा सरकार ने कोई पुख्ता इंतज़ाम नहीं किए हैं। और न ही गांवों में,न ही शहर में डेंगू मच्छर को मारने के लिए एक बार भी फोगींग नही हुई हैं।कंवरदीप सैनी ने मांग की है कि इसकी रोकथाम के लिए सरकार को ठोस से ठोस कदम उठाने चाहिए।

## धान व बाजरा की खरीद के लिए किसानों को अब तक 8931 करोड़ का भुगतान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 28 अक्टूबर।** हरियाणा में धान और बाजरा की फसलों की खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार किसानों की फसल के एक एक दाने की एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित की जा रही है। किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार फसल खरीद का पैसा सीधे किसानों के बैंक खातों में भेज रही है। अब तक धान और बाजरा किसानों को 8931 करो? रुपये का भुगतान किया जा चुका है। जिसमें 8084 करो? रुपये धान किसानों को और 847 करो? रुपये बाजरा किसानों को भुगतान किया जा चुका है।

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि खरीद सीजन के दौरान मंडियों में धान व बाजरे की खरीद सुचारू रूप से जारी है। अब तक विभिन्न मंडियों में 4550473 मीट्रिक टन धान की आवक हो चुकी है। कुल आवक में से 4302418 मीट्रिक टन धान की खरीद एजेंसियों द्वारा एमएसपी पर की जा चुकी है। मंडियों से धान का निरंतर उठान भी सुनिश्चित किया जा रहा है। वहीं, अब तक विभिन्न मंडियों में 430193 मीट्रिक टन बाजरा की आवक हो चुकी है, जिसमें से 417771 मीट्रिक टन बाजरा को एमएसपी पर खरीदा भी जा चुका है।

प्रवक्ता ने बताया कि इस बार किसानों को फसल बेचने में कोई परेशानी न आए तथा उन्हें मंडियों में प्रवेश के लिए अनावश्यक इंतजार न करना प?, इसके लिए विभाग ने ऑनलाइन गेट पास की सुविधा उपलब्ध करवाई है। सरकार सामान्य धान के लिए 2,300 रुपये प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान के लिए 2,320 रुपये प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य दे रही है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पूरी खरीद प्रक्रिया पर क?ी निगरानी रखी जा रही है।

उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र जिले की मंडियों में 962575 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है, जिसमें से 935432 मीट्रिक टन धान की खरीद हो चुकी है। इसी प्रकार करनाल जिले की मंडियों में 808728 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है और 7,94,323 मीट्रिक टन की खरीद हुई है। कैथल जिले में 7,86,955 मीट्रिक टन धान मंडियों में आया है जिसमें से 772039 मीट्रिक टन खरीदा गया है। अंबाला जिले में 519087 मीट्रिक टन आवक में से 474075 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है।

## समपार फाटक को हटाने के लिए बो-स्ट्रिंग आर्क स्टील गार्डर स्थापित

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे ने लामडिंग मंडल के अंतर्गत तहत कामपुर रेलवे स्टेशन के पास एक नए रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) के बो-स्ट्रिंग आर्क स्टील गर्डर को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। यह आरओबी गुवाहाटी-लामडिंग बीजी लाइन के कामपुर स्टेशन पर समपार फाटक संख्या एसटी-35 के स्थान पर बनाया जा रहा है। इस प्रस्तावित आरओबी को जनवरी, 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसकी अनुमानित लागत 60 करोड़ रुपये होगी।

समपार फाटक संख्या एसटी-35 पर मौजूदा सड़क कामपुर स्टेशन यार्ड के स्टेशन यार्ड से होकर गुजरती है और यह राज्य सरकार के अधीनस्थ पीडब्ल्यूडी की सड़क पर स्थित है। शंटिंग संचालन या दोनों दिशाओं में ट्रेनों की आवाजाही या स्टेबलिंग के कारण सड़क यातायात का उच्च अवरोध होता है। यह गेट कुल 1,98,181 वाहन इकाई के साथ काफी व्यस्त फाटक है। इस आरओबी की कुल लंबाई 512.58 मीटर से अधिक होगी, जिसमें मुख्य स्पान 42 मीटर बो-स्ट्रिंग आर्क स्टील गर्डर शामिल है।

सड़क यातायात की भीड़ के साथ-साथ गुवाहाटी-लामडिंग सेक्शन में हाल ही में पूर्ण हुई दोहरी लाइन के कारण ट्रेनों की आवाजाही में वृद्धि होने पर समपार फाटक एसटी-35 के स्थान पर आरओबी के निर्माण की आवश्यकता पड़ी। यह नया आरओबी चालू होने के बाद न केवल भीड़-भाड़ वाले समय में लोगों और वाहनों के सुचारू रूप से आवागमन में मदद करेगा, बल्कि रेल उपभोक्ताओं को रेलवे ट्रैक पर आर-पार करने से भी रोकेगा। आरओबी के चालू होने के बाद, समपार फाटक एसटी-35 को हमेशा के लिए हटा दिया जाएगा। समपार फाटक को हटाये जाने से ट्रेन परिचालन के संरक्षा में वृद्धि होगी और इस आरओबी के माध्यम से सड़क यातायात और राहगीरों की सुरक्षित आवाजाही भी सुनिश्चित होगी। इस आरओबी के चालू होने के बाद नगांव के साथ-साथ कार्बी आंगलोंग जिले की पूरी आबादी को लाभ होगा।

## सुषमा ग्रुप ने दिवाली पर दी खुशियों की सौगात, ग्रांडे नेक्स्ट का पहला टॉवर तैयार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़। दिवाली का त्योहार खुशियों और नए शुरुआत का प्रतीक है, और इस साल सुषमा ग्रुप ने इसे और खास बना दिया है। पंजाब के रियल एस्टेट क्षेत्र में एक नामी कंपनी, सुषमा ग्रुप ने अपने 15वें प्रोजेक्ट, ग्रांडे नेक्स्ट का पहला टॉवर तैयार कर लिया है। इस अवसर पर ग्रुप ने पहले टॉवर में 62 घरों की चाबी सौंपी है, जिससे निवासियों को नए घरों में दिवाली मनाने का सुनहरा मौका मिला है। अब, खरीदारों के लिए अपने नए घर में दिवाली मनाने का सपना सच होने का वक्त आ गया है। आइए जानते हैं इस नए प्रोजेक्ट की खासियतें और इससे जुड़े नए अवसरों के बारे में।

सुषमा ग्रांडे नेक्स्ट, सुषमा चंडीगढ़ ग्रांडे का विस्तार है, जो चंडीगढ़–दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर, बेस्ट प्राइस, जीरकपुर के पास स्थित है। यह प्रोजेक्ट 3.5 एकड़ भूमि में फैला हुआ है और इसमें जी+12 मंजिलों वाले अपार्टमेंट्स हैं, जो सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। यह प्रोजेक्ट चंडीगढ़, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और नई दिल्ली से बेहतरीन कनेक्शन प्रदान करती है। यहां पावर बैकअप, बच्चों के खेलने के लिए जगह, बच्चों का क्लब, फूलों के बाग जैसे सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

सुषमा ग्रुप के कार्यकारी निदेशक, प्रतीक मित्तल ने कहा कि हमने इस दिवाली ग्रांडे नेक्स्ट का पजेशन दिया है। हम केवल घर नहीं बना रहे, बल्कि ऐसे समुदाय भी विकसित कर रहे हैं जो आधुनिक लोगों की जरूरतों को पूरा करते हैं। हर प्रोजेक्ट में हमारी गुणवत्ता साफ दिखती है, और हर नए घर का हैंडओवर हमारे ग्राहकों के विश्वास को और मजबूत करता है। ग्रांडे नेक्स्ट के साथ, हम न केवल खूबसूरती से डिज़ाइन किए गए घर दे रहे हैं, बल्कि एक समृद्ध और बेहतरीन जीवन अनुभव भी प्रस्तुत कर रहे हैं।

सुषमा ग्रांडे नेक्स्ट के खरीदार का कहना है कि दिवाली से पहले अपने घर का पजेशन लेना हमारे लिए इस त्यौहार को और खास बना दिया है। सुषमा ग्रांडे नेक्स्ट ने अपने सभी वादे पूरे किए हैं, चाहे वो गुणवत्ता हो, निर्माण हो या सुविधाएं

## जियो का दिवाली-धमाका, 699 रुपये में मिलेगा 'जियोभारत' 4जी फोन

**नई दिल्ली।** देश के प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस जियो ने इस दीपावली, जियोभारत 4जी फोन की कीमतों में 30 फीसदी की भारी भरकम कटौती कर दी है। सीमित अवधि के इस ऑफर में, 999 रुपये का जियोभारत मोबाइल फोन अब 699 रुपये की विशेष कीमत पर मार्केट में उपलब्ध है। जियोभारत फोन को 123 रुपये में रिचार्ज कराया जा सकता है। इस मासिक टैरिफ प्लान में अनलिमिटेड फ्री वॉयस कॉल, 14 जीबी डेटा भी साथ मिलेगा। 123 रु वाला जियो का मासिक रिचार्ज प्लान दूसरे ऑपरेटर्स की तुलना में 40 प्रतिशत सस्ता पड़ता है। क्योंकि अन्य नेटवर्कस, फीचर फोन के मासिक रिचार्ज के लिए कम से कम 199 रुपये वसूल करते हैं। यह जियो के मुकाबले 76 रुपये अधिक मंहगा है। इसका मतलब है कि यदि ग्राहक हर रिचार्ज पर 76 रु प्रतिमाह बचाता है तो पूरे फोन की कीमत 9 महीनों में ही पूरी हो जाएगी। एक तरह से 9 महानों के रिचार्ज के बाद जियोभारत फोन ग्राहक को फ्री का पड़ेगा। यह सिर्फ़ एक फ़ोन नहीं है, यह 2जी से 4जी पर शिफ्ट करने का एक मौका है। 455 से अधिक लाइव टीवी चैनल, मूवी प्रीमियर और नई फिल्में, वीडियो शो, लाइव स्पोर्ट्स प्रोग्राम, जियोसिनेमा के हाइलाइट्स, डिजिटल भुगतान, त्क्र कोड स्कैन जैसी सुविधाएं जियोभारत 4जी फोन में उपलब्ध हैं। जियोपे और जियोचैट जैसे प्रीलोडेड ऐप भी इस फोन में मिलेंगे। फोन को नजदीकी स्टोर्स के अलावा, जियोमार्ट या एमेज़न से भी खरीदा जा सकता है।

# पंजाब के कैबिनेट मंत्रियों ने राज्य से चावल की त्वरित लिफ्टिंग सुनिचित करने के लिए राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग की

## भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर पंजाब के किसानों के साथ अन्याय का आरोप लगाया

धान खरीद संकट के दौरान किसानों के साथ खड़ी है पंजाब सरकार : चीमा

कहा-पंजाब लंबे समय से भारत का अन्न भंडार रहा है; राज्य के किसानों के अधिकारों को नज़रअंदाज करना अन्याय है



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 28 अक्टूबर।** पंजाब के कैबिनेट मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा, हरजोत सिंह बैंस और हरदीप सिंह मुंडिया ने सोमवार को यहां पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को एक मांग पत्र सौंपकर केंद्र द्वारा पंजाब से चावल की लिफ्टिंग में तेजी लाने को सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप की अपील की। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि उन्होंने राज्यपाल को केंद्र सरकार द्वारा शैलर मालिकों से चावल की लिफ्टिंग में की जा रही देरी के बारे में जानकारी दी है, जिससे अनाज मंडियों से धान की उठान में परेशानी आ रही है। उन्होंने कहा कि मांग पत्र में धान से चावल की कम मिलिंग की समस्या को भी साझा किया गया है और राज्यपाल से केंद्र सरकार से इसका त्वरित समाधान करवाने की अपील की गई।

भाजपा द्वारा किए जा रहे गलत प्रचार के बारे में वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि 40,000 करोड़ रुपये की सीसीएल लिमिट के बारे में भाजपा नेताओं का दावा वास्तविकता को समझने में कमी को दर्शाता है, क्योंकि सीसीएल लिमिट हर साल धान-गेहूं की खरीद सीजन के दौरान निर्धारित की जाती है। उन्होंने कहा कि सीसीएल सीमा में अक्सर 600 करोड़ रुपये से 1,000 करोड़ रुपये तक का अंतर होता है, जिसका नुकसान पंजाब सरकार, आढ़तियों या ट्रांसपोर्टरों को होता है। उन्होंने बताया कि इस साल भी लगभग 800 करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है।

वित्त मंत्री चीमा ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा केंद्र सरकार को लिखे पत्रों और खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री लाल चंद कटरूचक की केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी के साथ बैठकों के बावजूद, केंद्र सरकार ने पंजाब के किसानों के प्रति प्रतिशोध की भावना से प्रेरित होकर राज्य से चावल की लिफ्टिंग नहीं की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से भी मुलाकात कर राज्य में डीएपी की कमी को हल करने की अपील की है। कैबिनेट मंत्री चीमा ने भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर तीन काले कानूनों का विरोध करने वाले पंजाब के किसानों को सजा देने और राज्य के किसानों, आढ़तियों और शैलर मालिकों को बदनाम करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने केंद्र सरकार को याद दिलाया कि पंजाब के किसान केंद्रीय पूल में 40 प्रतिशत गेहूं और 22 प्रतिशत चावल का योगदान देते हैं, जो उनकी मेहनत का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि पंजाब लंबे समय से भारत का अन्न भंडार रहा है और राज्य के किसानों के अधिकारों को अनदेखा करना अन्याय है।

### किसानों के साथ पंजाब की मान सरकार

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने दोहराया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार किसानों के साथ खड़ी है। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी मंत्री धान खरीद प्रक्रिया को तेज़ करने के लिए अनाज मंडियों का दौरा कर रहे हैं। वित्त मंत्री चीमा ने उम्मीद जताई कि पंजाब के राज्यपाल केंद्र सरकार के समक्ष राज्य के हितों की जोरदार वकालत करेंगे।

# पांच दिवसीय त्योहारों की धूम, बाजारों में जमकर हो रही खरीदारी

## अन्य सामानों के साथ-साथ सोने-चांदी के आभूषणों का विशेष आकर्षण

अर्थ प्रकाश/डा. आरके जैन



**यमुनानगर, 28 अक्तूबर।** भारत त्योहारों का देश है, जिसमें दीपावली को मुख्य त्योहार के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व पांच दिवसीय दीप पर्व के रूप में माना जाता है, और धनतेरस के पवित्र पर्व से इसकी शुरुआत होती है। इसके पश्चात रूप चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा तथा भाई दूज के साथ इसका समापन होता है। इन दिनों सोने व चांदी के आभूषणों की खरीदारी करना शुभ माना जाता है। लोग इन त्योहारों की तैयारी में कई दिन पहले से लग जाते है। बाजार में हर तरफ लोग खरीदारी करते हुये नजर आये। हर कोई अपने घर, संस्थान व दुकान को सुन्दर व आकर्षक रूप में सजाने में लगा रहा। इस त्योहार पर लोग बाजारों से धातु के बर्तन तथा महंगे आभूषणों की खरीदारी करते है। माना जाता है कि इस दिन समुद्र मंथन के दौरान सबसे अंत में भगवान धनवंतरी सोने के मटके में अमृत लेकर प्रकट हुये थे और इसी लिये बाजार में लोग सोने-चांदी के आभूषण, धातु के बर्तन, नये कपड़े, घर की सजावट का सामान आदि की खरीदारी करते नजर जाये। ग्राहक कुसुम लता, अनीता शर्मा, शालीनि, बब्ली, आरती शुक्ला, कुमकुम धीमान, प्रीती गर्ग आदि ने बताया कि ज्योतिषाचार्यो के अनुसार वर्ष के यह पांच दिन खरीदारी करने के अति उत्तम होता है। इसी लिये बजट के कम होने पर भी इन दिनों आभूषण खरीदने की इच्छा होती है, और आज कल के दिनों में आभूषणों की सुन्दरता आकर्षक होती है और देवी लक्ष्मी की पूजा के लिये भी यह दिन विशेष महत्व रखते है। उन्होंने बताया कि इन दिनों भगवान धन्वंतरि, माता लक्ष्मी व कुबेर देवता के पूजन को शुभ माना जाता है। इनके पूजन से जीवन में आरोग्य मिलता है, परिवार में खुशहाली आती है।

### क्या है पांच दिवसीय त्योहार

पं. शीलचंद ने बताया कि दीपावली पर्व पांच त्योहारों को लेकर आता है, प्रथम दिवस जो कुबेर जी का भंडार माना जाता है वह धनतेरस के नाम से जाना जाता है। दूसरा दिन चौदस जिससे असफलता, दुख, निराशा, दरिद्रता और मुश्किलें कोसो दूर भागती है, तीसरा दीपावली का पर्व है जो पूरे साल आपके घर में खुशियों की रोशनी जगमगाता है। उसके बाद आती है भैया दूज जो भाई बहन का प्यार हमेशा आसमान की ऊँचाइयों पर ले जाता है, और अंत में लाभ पंचमी के नाम से जानने का उद्देश्य यह होता है कि व्यापार फलता व फूलता रहे।

# ड्रग्स मामला : घटना बेहद हैरान करने वाली, अकाली-भाजपा और कांग्रेस ने नशा माफिया को पनाह दी : नील गर्ग

मान सरकार पंजाब से नशा खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध, चाहे कितना भी बड़ा नशा तस्कर हो, सरकार उसपर कार्रवाई करेगी और जेल भेजेगी : गर्ग



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 28 अक्टूबर।** कांग्रेस नेता के पास से 105 किलो हेरोइन बरामद होने पर आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता नील गर्ग ने कहा कि हम हमेशा से यह बोलते रहे हैं कि पंजाब में अकाली-भाजपा और कांग्रेस की पिछली सरकारों ने नशे को बढ़ावा दिया और नशा माफिया को राजनीतिक संरक्षण दिया। उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद हैरान करने वाली है।

नील गर्ग ने कहा कि यही पॉलिटिकल पार्टियां सवाल उठाती है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा था कि पंजाब से जल्द नशा खत्म कर देंगे लेकिन अभी तक नशा खत्म क्यों नहीं हुआ? अब सबूत आपके सामने है कि सरकार लगातार कोशिश कर रही है लेकिन इन पार्टियों के नेता खुद नशा फैलाने में लगे हैं।

उन्होंने कहा कि मान सरकार पंजाब से नशा खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। चाहे जितना भी बड़ा नशा तस्कर हो, उसके कितने ही बड़े राजनीतिक पहुंच क्यों न हो, सरकार उसपर कार्रवाई करेगी और जेल भेजेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान की कोशिशें कामयाब हो रही है। आने वाले समय में इसके और बेहतर नतीजे देखने को मिलेंगे। उन्होंने पंजाब के लोगों से भी अपील की कि नशे के खिलाफ सरकार की इस मुहिम का साथ दें।

# श्रमिकों की भलाई योजनाओं के लंबित मामले 30 नवंबर तक निपटाएं : सौंध

श्रम मंत्री द्वारा विभाग के कामकाज की समीक्षा

लेबर चौक पर कैंप लगाने और भलाई योजनाओं के बारे में सरल भाषा में सूचना बोर्ड लगाने के आदेश



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 28 अक्टूबर।** श्रम मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने आज विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रमिकों के पंजीकरण/नवीनीकरण/स्वीकृति से संबंधित लंबित मामलों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

मोहाली के किरत भवन में पंजाब लेबर वेलफेयर बोर्ड और पंजाब बिल्डिंग एवं अन्य कंस्ट्रक्शन वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड के अधिकारियों के साथ विभाग की समीक्षा बैठक करते हुए सौंद ने आदेश दिए कि श्रम विभाग के अधिकारियों के पास जो भी भलाई योजनाएं 31 अक्टूबर, 2024 तक लंबित होंगी, उनका 30 नवंबर, 2024 तक निपटारा किया जाए। श्रम मंत्री ने यह भी आदेश दिए कि विभिन्न शहरों में जो लेबर चौक बने हुए हैं, वहां विभाग की भलाई योजनाओं के फ्लेक्स बोर्ड सरल भाषा में लगाए जाएं।

श्रम मंत्री ने कहा कि विभाग के कर्मचारी/अधिकारी 18 नवंबर से लेकर 22 नवंबर, 2024 तक हर रोज सुबह 7 बजे से सुबह 10 बजे तक लेबर चौकों पर कैंप लगाएंगे और इन कैंपों में श्रमिकों का पंजीकरण, नवीनीकरण, नई भलाई योजनाएं, पहले से अप्लाई की गई भलाई योजनाओं पर लगे आपत्तियों को दूर करने संबंधी श्रमिकों की सहायता करेंगे ताकि वे निर्माण श्रमिक बोर्ड की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

श्रम मंत्री ने यह भी आदेश दिए कि श्रम विभाग के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों जैसे कि व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब पर अकाउंट बनाए जाएं ताकि सोशल मीडिया पर विभाग की गतिविधियों और सरगर्मियों के बारे में जानकारी साझा की जा सके।

श्रम मंत्री ने कहा कि संबंधित श्रम अधिकारी के कार्यालय में तकनीकी सहायता पर आधारित हेल्प डेस्क बनाया जाए और हर रोज सुबह 9 से 12 बजे तक श्रमिकों की आ रही समस्याओं का निरीक्षक/संबंधित अधिकारी के साथ मिलकर हल करवाया जाए। श्रम मंत्री ने कहा कि निर्माण श्रमिकों से लिए जाने वाले फार्म नंबर 27 को सरल किया जाए। श्रम मंत्री द्वारा यह भी आदेश दिए गए कि बिल्डिंग एवं अन्य कंस्ट्रक्शन वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड के अधीन जो लाभार्थी कंप्यूटर की जानकारी नहीं रखते, उनसे संपर्क करके उनकी रजिस्ट्रेशन/ नवीनीकरण करने संबंधी प्रयास किए जाएं।

मीटिंग में श्रम मंत्री द्वारा विभिन्न श्रम कानूनों के तहत की जा रही गतिविधियों के बारे में विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया।

मीटिंग में राजीव कुमार गुप्ता, श्रम कमिश्नर-कम-डायरेक्टर ऑफ फैक्ट्रीज, मोना पुरी, अतिरिक्त श्रम कमिश्नर, नरिंदर सिंह, जॉइंट डायरेक्टर ऑफ फैक्ट्रीज, जतिंदर पाल सिंह, डिप्टी श्रम कमिश्नर, गौरव पुरी, सहायक वेलफेयर कमिश्नर, जसदीप सिंह कंग, डिप्टी सचिव, पंजाब बिल्डिंग एवं अन्य कंस्ट्रक्शन वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड ने भाग लिया। इसके अलावा मीटिंग में विभाग के सभी डिप्टी डायरेक्टर ऑफ फैक्ट्रीज, सहायक श्रम कमिश्नर/श्रम और सलह अफसर भी उपस्थित थे।

# हरियाणा में भाजपा 50 लाख नये सदस्य बनाने का लक्ष्य करेगी पूरा : धूमन सिंह

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द्र जैन



**करनाल, 28 अक्तूबर।** भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर आज भाजपा जिला कार्यालय कर्ण में बैठक हुई जिसमें विशेष रूप से धूमन सिंह किरमिच वाईस चेयरमैन सरस्वती बोर्ड हरियाणा मोंजूद रहे । इस मौके पर उन्होंने बताया कि हरियाणा में भाजपा ने 50 लाख नए सदस्य बनाने का जो लक्ष्य रखा है उन्हें पूरा विश्वास है कि कार्यकर्ता इसको पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में संगठन को बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि हमारा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है और देश लगातार विकास की राह पर तेजी से बढ़े इसके लिए हमें प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को लगभग 60 लाख वोट मिले हैं। इसी के आधार पर हमने 50 लाख नए सदस्य बनाने का बड़ा लक्ष्य रखा है। श्री धूमन ने कहा कि हरियाणा में 20 हजार 629 बूथ हैं और हर बूथ पर 250 सदस्य बनाए जाएंगे तथा 16 नवंबर से सक्रिय सदस्य बनाने का काम शुरू होगा। पार्टी के संविधान के हिसाब से जो कार्यकर्ता 50 सदस्य बनाता है उसे ही पार्टी में जिम्मेदारी दी जाती है। इस अवसर करनाल विधायक जगमोहन आनंद ने इस मौके पर अपने सम्बोधन में कहा कि भाजपा के संगठन में विचारधारा का बड़ा महत्व है। कार्यकर्ताओं के बल, पार्टी के संविधान और परम्परा पर भाजपा का संगठन चलता है। पार्टी की सदस्यता ही संगठन की नींव है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनावों में भाजपा ने आप सभी कार्यकर्ताओं की बदौलत पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने का काम किया है और हमें सदैव सकारात्मक सोच के साथ रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि आज की कार्यशाला में पदाधिकारियों को सदस्यता अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। इस अवसर पर चेयरमैन वूमन सिंह किरमिच वाईस चेयरमैन सरस्वती बोर्ड हरियाणा के अतिरिक्त करनाल से विधायक जगमोहन आनंद, इन्द्री विधायक रामकुमार कश्यप, कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता, प्रभारी भारत भूषण जुआल, पूर्व उद्योग मंत्री शशि पाल मेहता,प्रवक्ता प्रोफेसर वीरेंद्र चौहान, चेयरपर्सन निर्मला बैरागी, पूर्व मेयर रेणु बाला गुप्ता, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष्ण गर्ग, महामंत्री सुनील गोयल, जयभगवान सीकरी, आई टी प्रमुख विकास कथुरिया, जिला मीडिया प्रभारी डा अशोक कुमार, सहित अन्य कई वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह के पहले दिन शपथ समारोह का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 28 अक्टूबर।** केंद्रीय सतर्कता आयोग की सिफारिशों के अनुपालन में चंडीगढ़ प्रशासन ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के पहले दिन शपथ समारोह का आयोजन किया, जो राष्ट्र की समृद्धि के लिए अखंडता की संस्कृति विषय पर 28 अक्टूबर से 3 नवंबर 2024 तक मनाया जाना है।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह एक जागरूकता निर्माण और आउटरीच उपाय है जो शासन और लोक प्रशासन में नैतिकता और पारदर्शिता की आवश्यकता के बारे में अधिक संवेदनशीलता पैदा करने के लिए सभी हितधारकों को एक साथ लाता है। यूटी चंडीगढ़ प्रशासन के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक के सलाहकार राजीव वर्मा की उपस्थिति में सतर्कता बरतने और हर समय ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति वचनबद्ध रहने और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का समर्थन करने का संकल्प लिया। मंदीप सिंह बराड़, गृह सचिव, श्रीमती प्रेरणा पुरी, शिक्षा सचिव, अजय चगती, सचिव कार्मिक, अभिजीत चौधरी, सचिव सतर्कता भी मौजूद थे।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान एमसीसी कर्मचारियों ने ली शपथ

संस्कृति की थीम पर 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक मनाया जा रहा है सतर्कता जागरूकता सप्ताह



अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 28 अक्टूबर।** केंद्रीय सतर्कता आयोग की सिफारिश के अनुपालन में, चंडीगढ़ नगर निगम ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के पहले दिन शपथ ली। जो संस्कृति की थीम पर 28 अक्टूबर से 3 नवंबर 2024 तक मनाया जाएगा। राष्ट्र की समृद्धि के लिए अखंडता, सतर्कता जागरूकता सप्ताह एक जागरूकता निर्माण और आउटरीच उपाय है जो शासन और सार्वजनिक प्रशासन में नैतिकता और पारदर्शिता की आवश्यकता के बारे में अधिक संवेदनशीलता पैदा करने के लिए सभी हितधारकों को एक साथ लाता है। गुरिंदर सिंह सोढ़ी, संयुक्त आयुक्त, एमसी चंडीगढ़ ने एमसी भवन, सेक्टर 17 में सभी एमसीसी कर्मचारियों को शपथ दिलाई। उन्होंने सतर्क रहने और हर समय ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के लिए प्रतिबद्ध होने और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का समर्थन करने की शपथ ली। वे यह भी प्रतिज्ञा करते हैं कि वे जीवन के सभी क्षेत्रों में भ्रष्टाचार के उन्मूलन के लिए निरंतर काम करेंगे और सतर्क रहेंगे और अपने संगठन की वृद्धि और प्रतिष्ठा के लिए काम करेंगे। वे अपना कर्तव्य कर्तव्यनिष्ठा से निभाएंगे और बिना किसी भय या पक्षपात के कार्य करेंगे।

# पुनीत भंडारी ने पिता की वार्षिक वर्षगांठ पर बुजुर्गों को दो माह की पेंशन वितरित की

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं, 28 अक्टूबर।** गुरु नानक सहारा सोसायटी, जगराओं के अध्यक्ष गुरमेल सिंह ढिल्लों (यूके) और अध्यक्ष कैप्टन नरेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में 195वां संसार चंद वर्मा मेमोरियल मासिक पेंशन और राशन वितरण समारोह तारा देवी जिंदल स्कूल में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात समाज सेवी एडवोकेट पुनीत भंडारी (चंडीगढ़) थे, जिन्होंने अपने पिता स्वर्गीय ओपी भंडारी (वरिष्ठ पत्रकार पंजाब केसरी ) की जयंती 28 वरिष्ठ नागरिकों को दो माह की पेंशन और मिठाई के डिब्बे वितरित कर मनाई सभी वरिष्ठजनों एवं सदस्यों के लिए चाय नाश्ता एवं दोपहर के भोजन की व्यवस्था की एवं वरिष्ठजनों को अपने हाथ से खाना खिलाया। दिवाली त्योहार के मौके पर उन्होंने दोगुनी पेंशन बांटी. इस मौके पर अपने दिवंगत पिता ओपी भंडारी द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों को याद कर पुनित भंडारी की आंखों में आंसू आ गए। इस अवसर पर केमिस्ट एसोसिएशन जगराओं के अध्यक्ष डॉ. पंकज अग्रवाल ने ओपी भंडारी की याद में 28 वरिष्ठ नागरिकों को राशन वितरित किया। कर भला हो भला सोसायटी के अध्यक्ष राजिंदर जैन काका ने सभी वरिष्ठ नागरिकों को समोसे वितरित किये। इस मौके पर एडवोकेट पुनीत भंडारी, कैप्टन नरेश वर्मा, प्रिंसिपल निधि गुप्ता के अलावा कैप्टन नरेश वर्मा की 194 महीने की सेवा की सराहना की , प्रशोतम लाल खलीफा, इष्ट सिंह, डॉ. पंकज अग्रवाल, अमित अरोड़ा, राजिंदर जैन काका, विशाल शर्मा, डॉ. बी. बी। सिंगला, डॉ. राकेश भारद्वाज, राम किशन गुप्ता, जगदेव आर्य, जगमोहन मित्तल, नवीन बेरी, मक्खन पहलवान, सुरिंदर खन्ना, एडवोकेट विवेक भारद्वाज, हरि रतन बब्बू, प्रदीप शर्मा, एडवोकेट बलदेव गोयल, केवल मल्होत्रा, ईश्वर, मोहित जैन एवं समस्त मंच पर उपस्थित स्टाफ कैप्टन नरेश वर्मा ने ओजस्वी भाषण दिया।

# धान की खरीद न होने से नाराज किसानों ने सरकार के खिलाफ़ की नारेबाजी

## खरीद शुरू न होने पर अधिकारियों का घेराव करने का ऐलान

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़, 28 अक्तूबर।** धान की फसल की खरीद और उठान न होने से गुस्साए किसानों ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस मामले की जानकारी देते हुए भारतीय किसान यूनियन राजेवाल के जिलाध्यक्ष किरपाल सिंह सियाऊ, सीनियर मीत अध्यक्ष सरपंच लखविंदर सिंह कराला, गुरदर्शन सिंह खासपुर, तेजिंदर सिंह पुनिया, गुरविंदर सिंह सियाऊ, सतनाम सिंह खासपुर अध्यक्ष भाकियू चढ़ूनी, जसवीर सिंह खलौर, इंद्रजीत सिंह खलौर, सुखी तंगोरी, करमजीत सिंह नंगल और कई अन्य किसान नेताओं ने खरीद एजेंसियों के अधिकारियों से धान की फसल की बंद खरीद शुरू करने और मंडियों में उठान के मुद्दे पर चर्चा की। इस मौके पर किसान संगठनों ने कहा कि अगर रुकी हुई खरीद शुरू नहीं हुई तो, कल से अधिकारियों का घेराव किया जाएगा। एकत्रित हुए किसान संगठनों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद नायब तहसीलदार हिरदेबीर सिंह चीमा और इंस्पेक्टर गुरसेवक सिंह ने किसानों के साथ बैठक की। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि कल से मंडी में धान की फसल की खरीद और उठान शुरू कर दी जाएगी। जिसके बाद किसान संगठनों ने कल तक अधिकारियों के घेराव का कार्यक्रम रद्द कर दिया और चेतावनी दी कि अगर खरीद शुरू नहीं हुई, तो अनिश्चितकाल के लिए अधिकारियों का घेराव किया जाएगा। इस मौके पर सेर सिंह दैडी, हरजीत सिंह गिल, कुलवंत सिंह नडयाली, सरपंच शैली ज्यूरमजारा, सरपंच मनजीत सिंह तंगोरी समेत कई किसान मौजूद थे।

## कलौदा खुर्द गांव में कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के स्वागत में आयोजित हुआ जोरदार अभिनंदन समारोह

# गांवों, गरीब तथा किसान का कल्याण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : कैबिनेट मंत्री बेदी

गांवों में करीब अढाई करोड़ रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की मंत्री ने की घोषणा

नरवाना होगा भविष्य में विकास का मॉडल

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना,।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि भविष्य में नरवाना विकास का मॉडल बनेगा। नए रोड मैप के साथ विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों में विकास कार्यों को नई गति दी जाएगी और विकास परियोजनाओं के लिए राज्य सरकार द्वारा पैसे की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने यह विचार सोमवार को कलौदा खुर्द गांव में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। समारोह में उपमंडल प्रशासन की तरफ से नरवाना के एसडीएम दलजीत सिंह, बीडीपीओ जितेंद्र चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। श्री बेदी ने कहा कि फिलहाल सम्पन्न हुए विधानसभा आम चुनाव में क्षेत्र वासियों ने जो अपार जन समर्थन उन्हें दिया वे क्षेत्रवासियों के इस ऋण को क्षेत्र में नई विकास परियोजनाओं के माध्यम से उतारने की कौशिश करेंगे। श्री बेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें कैबिनेट मंत्री की जो जिम्मेदारी दी है, उससे उनकी जवाबदेही प्रदेश के साथ-साथ नरवाना विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए और बढ़ी है। उन्होंने अपने पैतृक गांव कलौदा खुर्द एवं कलां दोनों से विनम्रता एवं सौहार्द का परिचय देते हुए इस जिम्मेदारी को निभाने में उनका सकारात्मक सहयोग करें, जिसका उन्हें पूर्ण विश्वास भी है।

मंत्री श्री बेदी ने कहा कि गांवों, गरीब एवं किसान का विकास मौजूदा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए वे प्रदेश के साथ-साथ नरवाना विधानसभा क्षेत्र को भी प्रगति के मामले में अव्वल क्षेत्रों में शुमार करने की कौशिश कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि वर्तमान केंद्र एवं राज्य सरकार गांवों का विकास शहरों की तर्ज पर करवाने की प्रबल पक्षधर है। ग्राम पंचायत द्वारा रखी मांगों पर श्री बेदी ने अपनी मंजूरी की मुहर लगाई। उन्होंने करीब 1 करोड़ 50 लाख रूपये की अनुमानित राशि से बनने वाली कलौदा से खरडवाल लिंक रोड को पक्का करवाने, कलौदा वाया खडवाल-समैण टोहाना होते हुए रोड़ को जाखल यानि पंजाब से जोड़ने के प्रस्ताव को भी पूरा करवाने के लिए कहा। दोनों गावों की चमार चौपाल, सामान्य चौपाल की मुरम्मत एवं नवीनीकरण करवाने की भी घोषणा की। इसके अलावा गांव के अन्य विकास कार्यों के लिए 31 लाख रूपये की धनराशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि उक्त सभी परियोजनाएं 31 मार्च से पहले पूरी करने का प्रयास किया जाएगा।

गांव में पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी का ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। गांव के बस स्टैंड से सभा स्थल तक सैंकड़ें युवाओं ने मोटरसाइकिल जत्थे के साथ श्री बेदी अगुवानी की और जोरदार आतिशबाजियों, भारत माता की जय जैसे गगन चुम्बी नारें और पुष्प वर्षा की उत्साहपूर्ण स्वागत प्रक्रिया के साथ मंच तक साथ रहे। ग्राम पंचायत एवं मौजिज व्यक्तियों ने मंत्री श्री बेदी को चांदी का मुकुट और स्वर्ण निर्मित श्री राम की प्रतिमा, पगड़ी, शॉल व पुष्प मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। ग्रामीणों द्वारा समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुंचे पूंडरी के विधायक सतपाल जांबा और साध्वी देवा ठकुर का भी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक पिरथी सिंह नम्बरदार, सर्वजातिय बिनैण खाप के प्रधान रघुवीर नैन, सरपंच कलौदा खुर्द रघुवीर नैन, प्रदीप नैन, खाप उप प्रधान भगत राम, बलवान नैन, अमित धरौदी, सरपंच खरड़वाल नवीन, शहरी हल्का प्रधान प्रमोद शर्मा, उझाना मंडल अध्यक्ष अमित ढ़कल, धमतान मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र नैन, रिछपाल शर्मा, मंदीप चहल, वरिष्ठ भाजपा नेता भगवती प्रसाद बागड़ी, बलदेव वाल्मिकी, पूर्व शहरी प्रधान ईश्वर गोयल, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष भगवानदास, मंडी ऐसोसियेशन प्रधान एडवोकेट राजेश कुमार शर्मा, जिला भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रधान गुरलाल सिंह रसीदा, कुलदीप धरौदी, हंसराज समैण, जोरा सिंह बड़नपूर, विनय बेलरखां, मन्नु छाबड़ा, वीरेन्द्र नैन, सुशील शास्त्री सहित अनेक पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने टांडा मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर लेवल-दो का किया उद्घाटन

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा जिले में डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, टांडा में 10.27 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित ट्रामा सेंटर लेवल-दो का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस ट्रामा सेंटर में मशीनरी और उपकरणों की खरीद पर 6 करोड़ रुपये, निर्माण कार्यों पर 1.50 करोड़ रुपये और अन्य संबद्ध सेवाओं पर 2.77 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

श्री सुक्खू ने कहा कि ट्रामा सेंटर के लिए विभिन्न श्रेणियों के 95 पद स्वीकृत किए गए हैं। इनमें न्यूरो सर्जन का एक पद, एनेस्थीटिस्ट के तीन पद, ऑर्थोपैडिक सर्जन का एक पद, कैजुअल्टी मेडिकल अधिकारी के आठ पद, स्टाफ नर्स के 40 पद, नर्सिंग अटेंडेंट के 16 पद, ऑपरेशन थियेटर तकनीशियन के पांच पद, रेडियोग्राफर के चार पद, लैब तकनीशियन के दो पद तथा मल्टीटास्क वर्कर के 15 पद शामिल हैं। उन्होंने कहा कि 72 पदों पर नियुक्ति की जा चुकी है तथा शेष पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है।

टांडा मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में चरणबद्ध तरीके से सुविधाओं को बढ़ा रही है। सरकार का उद्देश्य प्रदेश में उच्च गुणवत्तायुक्त उपचार विकल्प प्रदान करना है, ताकि मरीजों को कहीं और महंगे उपचार की आवश्यकता न पड़े।

उन्होंने कहा कि राज्य की लगभग आधी स्वास्थ्य सेवा आवश्यकताओं को पूरा कर रहे टांडा मेडिकल कॉलेज को नवीनतम तकनीक और आधुनिक सुविधाओं के साथ स्तरोन्नत किया जाएगा। इस मेडिकल कॉलेज में सालाना लगभग 5.89 लाख मरीज ईलाज के लिए आते हैं जिसके दृष्टिगत सुधारों की तत्काल आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि टांडा में एक उच्चस्तरीय प्रयोगशाला स्थापित की जाएगी जिसकी तैयारी चल रही है। उन्होंने कहा कि हम पुरानी तकनीक के साथ बेहतरीन देखभाल सुविधा प्रदान नहीं कर सकते। राज्य सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी मेडिकल कॉलेज अपनी मांगें रखें और प्रदेश सरकार हर अनुरोध को स्वीकार करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते दो वर्षों में टांडा मेडिकल कॉलेज में किए गए सुधारों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं और मरीजों को काफी लाभ हुआ है। कार्डियालॉजी विभाग में नई प्रक्रियाएं शुरू की गई हैं जिनमें सफल वाल्व रिप्लेसमेंट, जन्मजात हृदय दोष का उपचार और हृदय ट्यूमर सर्जरी आदि शामिल हैं। इसके अलावा अब टांडा में रेनल डिनर्वेशन की भी शुरूआत की गई है। उन्होंने टांडा मेडिकल कॉलेज में पैट स्कैन मशीनें और रोबोटिक सर्जरी सुविधाएं स्थापित करने की योजनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा राज्य सरकार ने आधुनिक चिकित्सा उपकरण खरीदने के लिए एम्स के साथ साझेदारी भी की है।

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जिन विभागों में मरीजों की संख्या अधिक है, वहां डॉक्टरों की नियुक्ति और सुविधाओं में विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डॉक्टर-मरीज अनुपात में सुधार के लिए साक्षात्कार चल रहे हैं तथा नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती पक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि टांडा मेडिकल कॉलेज के कर्मचारियों के लिए कार्यस्थल पर बेहतर माहौल और आवासीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए नए आवासीय परिसर का निर्माण किया जाएगा।

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष रघुबीर सिंह बाली ने टांडा मेडिकल कॉलेज में सुधार के लिए अपने सुझाव दिए और मेडिकल कॉलेजों में चिकित्सा सुविधांए बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री के प्रयासों की तारीफ की। उन्होंने टांडा मेडिकल कॉलेज को 20 चिकित्सा अधिकारी और 300 नर्सों सहित अन्य स्टाफ उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर कृषि मंत्री चंद्र कुमार, आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा, मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल, उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक मलेंद्र राजन, पूर्व विधायक सुरेंद्र काकू और अजय महाजन, कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी, सुरेंद्र मनकोटिया, कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, जिला कांग्रेस अध्यक्ष कर्ण सिंह पठानिया, उपायुक्त हेमराज बैरवा, पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री और टांडा मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. मिलाप भी उपस्थित थे।

## दो युवकों से दो पिस्टल बरामद, आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कांगड़ा।** दिल्ली से हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा पहुंची एक बस में सवार दो युवकों से बस स्टैंड कांगड़ा में पुलिस ने दो पिस्टल और एक खाली मैगजीन बरामद की है। पुलिस ने गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की है। वहीं, आरोपियों की पहचान सुशांत कुमार निवासी चड़ी तहसील शाहपुर, जिला कांगड़ा और अजय दीप सिंह निवासी जिला गुरदासपुर, पंजाब के रूप में हुई।

**पुलिस को मिली थी गुप्त सूचना**

जानकारी के अनुसार कांगड़ा पुलिस को रविवार को गुप्त सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति अवैध हथियार लेकर दिल्ली से कांगड़ा की ओर आ रहे हैं। इसके बाद डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने पुराना कांगड़ा के पास नाकाबंदी कर दी। रातभर कांगड़ा की तरफ आने जाने वाली सभी गाड़ियों की जांच की गई।

**शौकिया तौर पर लाए थे हथियार**

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चड़ी का युवक अपना कारोबार करता है, जबकि गुरदासपुर का युवक होटल में नौकरी करता है। युवकों ने पूछताछ में बताया कि शौकिया तौर पर वह इन हथियारों को लाए थे। हालांकि पुलिस की ओर से सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच की जा रही है।

**एसपी कांगड़ा ने क्या कहा :** उधर, एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि आरोपी युवक इन हथियारों को कहां से और किस मकसद के लिए लेकर आए हैं, इन बिंदुओं को लेकर जांच शुरू कर दी गई है।

**दोनों आरोपी गिरफ्तार**

पूछताछ के दौरान पिट्ठू बैग लेकर खड़े दो युवकों से जब पूछताछ की गई तो वह संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए। तलाशी लेने पर उनके बैग से दो पिस्टल और खाली मैगजीन बरामद की। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके उनसे पूछताछ की जा रही है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, सफाई न होने पर दो के चालान काटे



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में मिठाई खराब निकलने पर खाद्य सुरक्षा विभाग लगातार कार्रवाई कर रही है। बढ़लग में भी पांच किलो चमचम मिठाई में कलर अधिक होने पर उसे मौके पर ही फिंकवा दिया है। वहीं, दिग्गल में मिठाई दुकानों में सफाई न होने पर दो के चालान भी किए हैं। इसी के साथ बीबीएन, धर्मपुर, दिग्गल और बढ़लग में 17 के सैंपल भरे हैं। इन्हें जांच के लिए सीटीएल कंडाघाट और चंडीगढ़ लैब में भेजे हैं। जहां से जल्द विभाग के पास रिपोर्ट आएगी। इसके बाद विभाग कार्रवाई करेगा।

**25 दुकानों का निरीक्षण कर भरे सैंपल :** सोमवार को धर्मपुर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीक्षा कपिल ने मिठाई दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गुलाब जामुन, पेठा, मिल्क केक, घी, वनस्पति गगन, रोस्टेड बादाम और सरसो तेल के सैंपल भरे हैं। जबकि बीबीएन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनुज शर्मा ने 25 दुकानों का निरीक्षण कर दस मिठाई के सैंपल भरे हैं। इसमें कलाकंद, मिल्क केक, काजू कतली, बेसन लड्डू, बेसन बर्फी, मोती चूर लड्डू और दो रसगुल्ला के सैंपल हैं।

**26 सैंपल की रिपोर्ट आना बाकि**

गौर रहे कि जिलेभर में खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से त्योहारों से पहले कमर कसी हुई है। बाजार में बिकने वाली मिठाइयां और अन्य खाद्य पदार्थ लोगों की सेहत पर दुष्प्रभाव न डाले इसके लिए लगातार सैंपल भरे जा रहे हैं। वहीं, जांच के बाद इनकी विभाग के पास रिपोर्ट भी आ रही है। अब बीते दिनों विभाग ने 26 सैंपल भरे थे। इसकी रिपोर्ट आना बाकी है।

**'चमचम में कलर की मात्रा अधिक होने पर फिंकवाया'**

जिलेभर में लगातार सैंपल भरे जा रहे हैं। सोमवार को जिले से 17 खाद्य पदार्थों के सैंपल जांच के लिए भेजे हैं। इसी के साथ विभाग की टीम ने दुकानों में सफाई व्यवस्था भी जांची है। दिग्गल में चमचम में कलर की मात्रा अधिक होने पर फिंकवाया भी है- अरुण चौहान, सहायक आयुक्त, जिला खाद्य सुरक्षा विभाग, सोलन।

## शराब का ठेका खोलने के विरोध में किया चक्का जाम

**नयना देवी (अप्रस)।** नकराना पंचायत और कलर गांव पंचपोड़ा में शराब के ठेके के विरोध में चक्का जाम किया गया। ग्रामीण इस ठेके को बंद करने की मांग कई दिनों से कर रहे हैं। इस चक्का जाम में नयना देवी से बिलासपुर-कीरतपुर जाने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

इस चक्का जाम में एक पहल संस्था के संयोजक अजय शर्मा के साथ ग्रामीण शामिल हुए। यहां यह बता दें कि कुछ दिन पहले इस गांव में शराब के ठेके को बंद करने के विरोध में गांव नकराना कलर पंचायत के कुछ लोगों का प्रतिनिधिमंडल जिलाधीश बिलासपुर से मिला था तथा उन्होंने आश्वासन दिया गया था कि जल्द ही यहां से ठेका उठा दिया जाएगा, बावजूद इसके यहां पर ठेका चलता रहा तथा ठेका बंद नहीं हुआ तथा इस विरोध में आज ग्रामीणों ने चक्का जाम किया तथा नारेबाजी की। विधायक रणधीर शर्मा भी मौके पर पहुंचे।

# एसजेवीएन का सतर्कता जागरुकता सप्ताह 2024 आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** एसजेवीएन अपने सभी कार्यालयों एवं परियोजनाओं में दिनांक 28 अक्तूबर से 3 नवंबर 2024 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 का आयोजन कर रहा है। श्री सुशील शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन के संपर्क कार्यालय, नई दिल्ली में कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाकर सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 का आरंभ किया। इस अवसर पर श्री प्रेम प्रकाश, मुख्य सतर्कता अधिकारी, एसजेवीएन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 की थीम 'सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि' है। सुशील शर्मा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाने से कर्मचारियों तथा आम जनता में व्यक्तिगत एवं पेशेवर क्षेत्र में नैतिकता और पारदर्शिता की आवश्यकता के संबंध में अधिक संवेदनशीलता उत्पन्न करने में सहायता मिलती है। उन्होंने सभी को भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई में भागीदारीपूर्ण सतर्कता पहलों का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित किया।

एसजेवीएन के शिमला स्थित कारपोरेट कार्यालय में श्री एस. मारास्वामी, कार्यकारी निदेशक (सिविल संविदा) ने कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर श्री अनिल कुमार गोयल, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी, एसजेवीएन तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। देश-विदेश में एसजेवीएन के विभिन्न कार्यालयों तथा परियोजनाओं में भी कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई।

एसजेवीएन दिनांक 16 अगस्त से 15 नवंबर 2024 तक निवारक सतर्कता उपायों पर ध्यान केंद्रित करते हुए तीन माह तक चलने वाला जागरूकता अभियान चला रहा है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान, एसजेवीएन की सभी परियोजनाओं एवं कार्यालयों में कर्मचारियों, विद्यार्थियों और स्थानीय जनता के लिए क्विज़, पेंटिंग, रंगोली, नुक्कड़ नाटक और भाषण प्रतियोगिताओं जैसी विभिन्न इन-हाउस और आउटरीच गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य नैतिकता की संस्कृति को विकसित करके राष्ट्र के विकासार्थ भ्रष्टाचार मुक्त भारत के संदेश का प्रसार और जागरूकता उत्पन्न करना है।

## न्यूज ब्रीफ

### हिमाचल में बारिश-बर्फबारी की संभावना

**शिमला (अप्रस)।** हिमाचल प्रदेश सहित पूरे उत्तर-पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में लगातार शुष्क मौसम बना हुआ है। शिमला सहित अन्य भागों में आज भी मौसम साफ बना हुआ है। वहीं मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य के उच्च पर्वतीय कुछ स्थानों पर 29 अक्तूबर को बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। इसके बाद 30 अक्तूबर से 3 नवंबर तक मौसम साफ बना रहने का पूर्वानुमान है। उधर, राज्य के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में ठंड बढ़ गई है। ताबो का न्यूनतम तापमान माइनस में चल रहा है।

### नाले में गिरी निजी बस, 10 यात्री घायल



**ज्वाली (अप्रस)।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में राजा का तालाब-जवाली मार्ग पर सोमवार को एक निजी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। निजी बस संसारपुर टैरेस से जवाली की तरफ आ रही थी कि समलाना में बियर फैक्ट्री के पास अनियंत्रित होकर नाले में उतर गई। हादसे में चालक सहित 10 सवारियों को चोटें आई हैं। बस के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर एकत्रित हो गए व चालक सहित सवारियों को बाहर निकाला। घायलों को एंबुलेंस से उपचार के लिए सिविल अस्पताल जवाली पहुंचाया गया एक घायल राकेश कुमार को टांडा रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। हादसे के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस जांच कर रही है। हालांकि, बस परिचालक के अनुसार बस का स्टीयरिंग लॉक हो जाने के कारण यह हादसा हुआ। आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पुलिस अधीक्षक नूरपुर अशोक रतन ने हादसे की पुष्टि की है। बीते दिन भी नूरपुर के निकट भडवार में चार गाड़ियों के आपस में टकराने से चार महिलाएं घायल हुई थीं।

# कांग्रेस पार्टी ने नेहरू-गांधी परिवार को सत्ता में रखने के लिए लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल को हाशिये पर धकेल दिया : बिंदल

भारतीय जनता पार्टी 29 अक्तूबर को 'रन फॉर यूनिटी' की दौड़ के कार्यक्रम पूरे हिमाचल प्रदेश में मनाएगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने नेहरू-गांधी परिवार को सत्ता में रखने के लिए लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल को हाशिये पर धकेल दिया। देश को इस निर्णय की भारी कीमत चुकानी पड़ी। पाक अधिकृत कश्मीर के रूप में व हजारों-हजार सैनिकों के बलिदान के रूप में कांग्रेस की इस स्वार्थ की नीति का भुगतान देश को करना पड़ा। 31 अक्तूबर को पूरा भारत सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती की ओर अग्रसर है। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल वो महान नेता रहे, जिन्होंनें ता-ऊम्र अंग्रेजों से देश को आजाद कराने के लिए संघर्ष किया और 1947 में आजादी मिलने के बाद देश की एकता और अखण्डता के लिए सर्वस्व समर्पण किया। हमें स्मरण है कि देश की सैंकड़ों रियासतों को भारतीय लोकतंत्र के अधीन लाने के लिए सारा का सारा नेतृत्व सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा किया गया और जहां-जहां सरदार को रोका गया, वहां-वहां समस्यायें खड़ी हुई। हमें स्मरण है हैदराबाद क्षेत्र का जब निजाम हैदराबाद ने भारत की संप्रभुता स्वीकार करने में आना-कानी की और सरदार ने तुरन्त फौजों को आदेश देकर 24 घंटे में हैदराबाद को भारत का अभिन्न अंग बनाने में सफलता हासिल की।

हमें स्मरण है किस तरह जम्मू-कश्मीर की समस्या को पं0 जवाहर लाल नेहरू जी द्वारा पैदा किया गया। जम्मू-कश्मीर के राजा हरि सिंह जी ने बकायदा लिखित रूप में जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय की घोषणा की, उसके बावजूद मोहम्मद अली जिन्नाह के दबाव में आकर विषय को लटकाया गया। यह सरदार ही थे जिन्होनें जम्मू-कश्मीर को भारत के अंतर्गत लिया। आजादी के तुरंत बाद जब पाकिस्तान ने कबायिलियों के माध्यम से कश्मीर पर हमला किया और कश्मीर को पाकिस्तान के कब्जे में लाने लगे तो ये सरदार वल्लभ भाई पटेल ही थे जिन्होनें फौजों को हुक्म देकर कबायिलियों को खदेड़ा। पं0 नेहरू जी ने फिर हस्तक्षेप किया और भारत की ओर से एक तरफा युद्धबंदी की घोषणा कर दी जबकि सरदार पटेल चाहते थे कि 24 घंटे और युद्ध चलेगा तो कश्मीर पूरी तरह भारत के साथ होगा, परन्तु नेहरू जी ने अदूरदर्शिता का परिचय देते हुए युद्ध बंद करने के आदेश दिए और पाक अधिकृत कश्मीर (पी0ओ0के0) 75 वर्ष बाद भी देश के लिए नासूर बना है। देश ने इसी के कारण अनेक युद्धों का सामना किया और लगातार देश छदम युद्ध लड़ रहा है। एक अनुमान के अनुसार इस पाक प्रायोजित छदम युद्ध / आतंकवाद में लगभग 60 हजार सैनिक बलिदान हो चुके हैं और पाक अधिकृत कश्मीर की समस्या ज्यों की त्यों बनी है। काश देश का नेतृत्व सरदार पटेल के हाथों में होता तो देश कई गुना ज्यादा मजबूत होता। कांग्रेस पार्टी द्वारा एक परिवार को देश की बागडोर संभाल देने के कारण अनेकों राष्ट्रव्यापी समस्याओं से देश जूझ रहा है। नेता जी सुभाष चंद्र बोस को हाशिये पर धकेल देना, स्वतंत्र वीर सावरकर को और उनके साथ जुड़े क्रांतिकारियों को देशद्रोही करार देना, सरदार वल्लभ भाई पटेल को देशहित में निर्णय न लेने देना, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (जो उस समय नेहरू मंत्रिमण्डल में मंत्री थे) की बात को न मानते हुए कश्मीर में धारा 370 लागू कर देना जैसे अनेक निर्णय आज देश पर भारी पड़ रहे हैं।देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्रद्धेय नरेन्द्र मोदी जी ने सरदार पटेल की विश्व में सबसे ऊंची प्रतिमा सरदार सरोवर में स्थापित करके उनके योगदान को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## आर्थिक संकट के लिए भाजपा पर दोष मड़ने के बजाय विकास पर ध्यान दें मुख्यमंत्री : जयराम

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू के वित्तीय अनुशासन पर दिए बयान पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री अपनी नाकामी छुपाने के लिए पूर्व भाजपा सरकार पर दोष मड़कर सिर्फ अपनी राजनीति चमका रहे हैं। ये पहले मुख्यमंत्री हैं जिन्हें रोज झूठ बोलने की आदत सी हो गई है। ये न तो स्वयं पहले कभी सरकार में मंत्री रहे हैं और न इन्हें सरकार चलाने का कोई अनुभव है। आज इनकी ब्यानबाजी से सरकार की हर रोज जितनी फजीहत हो रही है उससे मुख्यमंत्री अब बौखलाए हुए हैं।

**'मुख्यमंत्री मीडिया बंधुओं पर निकालते हैं झल्लाहट'**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि अपनी झल्लाहट कभी मीडिया बंधुओं पर निकालते हैं तो कभी सोशल मीडिया में हो रही थू-थू पर भाजपा को अपनी आलोचना के लिए कोसते हैं। आज क्या हालात इस सरकार के हो रहे हैं कि पहले नोटिफिकेशन निकाली जाती है और फिर दो दिन बाद फिर से बैक डेट की नोटिफिकेशन निकालकर उसे सुधारने की कोशिश की जाती है। हर रोज मुख्यमंत्री जनता पर कैसे टैक्स का बोझ डाला जाए उसके लिए नए-नए पैंतरे लगाते हैं, लेकिन हर बार उन्हें जनता के विरोध का सामना करना पड़ता है।

**'मुख्यमंत्री बने हुए हैं अर्थशास्त्री' :** नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जिस मुख्यमंत्री ने दो साल के अल्प काल में ही 30 हजार करोड़ का लोन ले लिया हो वो अगले तीन साल कितना और लोन लेकर प्रदेश को कर्जे के बोझ तले डूबा देगा ये अनुमान अभी से लगाया जा सकता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री आजकल ऐसे अर्थशास्त्री बने हुए हैं जैसे उनसे ज्यादा पड़ा लिखा दूसरा कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री से आग्रह करता हूं कि आप मेहरबानी करके रोज की ऐसी ब्यानबाजी से परहेज कर विकास पर ध्यान दें। हमारा प्रदेश आपके व्यवस्था परिवर्तन के चलते दस वर्ष पीछे जा चुका है।

# धन के साथ धर्म की अमृतवर्षा का पर्व है धनतेरस

दीपावली से जुड़े पांच पर्वों में दूसरा महत्वपूर्ण पर्व है धनतेरस। धनतेरस के दिन भगवान धनवंतरी और मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है और इस दिन खरीदारी और दान-पुण्य करना भी शुभ माना जाता है। इस दिन को धन त्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के जनक धन्वंतरि देव समुद्र मंथन से प्रकट हुए थे और प्रकट होते समय उनके हाथ में अमृत से भरा कलश था। धनतेरस अर्थव्यवस्था का महापर्व है। अर्थ से अर्थ-व्यवस्था का सम्यक् एवं गुणात्मक संधान। इस दिन घर एवं बाजारों में आशा के दीप सजते हैं, मुद्रा का आदान-प्रदान होता है। मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई चीजों में कई गुना वृद्धि हो जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि इस दिन कुछ उपाय करने से घर में धन-धान्य के भंडार भर जाते हैं और मां लक्ष्मी की कृपा सदैव बनी रहती है। तम मिटाती धनतेरस और प्रकाश बांटती लक्ष्मी यानी भारतीय पद्धति के अनुसार प्रत्येक आराधना, उपासना व अर्चना में आधिभौतिक, आध्यात्मिक और आधिदैविक इन तीनों रूपों का समन्वित व्यवहार होता है। इस मान्यतानुसार इस उत्सव में भी सोने, चांदी, सिक्के आदि के रूप में आधिभौतिक लक्ष्मी का आधिदैविक लक्ष्मी से संबंध स्वीकार करके पूजन किया जाता हैं। घरों को दीपमाला आदि से अलंकृत करना इत्यादि कार्य लक्ष्मी के आध्यात्मिक स्वरूप की शोभा को आविर्भूत करने के लिए किए जाते हैं। जब हम धन का ध्यान करते हैं तो सार्वभौमिक आत्मा को अपनी प्रचुरता के लिए धन्यवाद देते हैं।

हम और ज्यादा के लिए भी प्रार्थना करतें हैं ताकि हम और ज्यादा समृद्ध हो सकें यह समृद्धि केवल सोना-चांदी-रूपयों की ही नहीं बल्कि ज्ञान, आनन्द आत्मविश्वास, शांति एवं प्रेम की भी होती है। सोना चांदी केवल एक बाहरी प्रतीक है। दौलत हमारे भीतर है। भीतर में बहुत सारा प्रेम, शांति और आनंद है। इससे ज्यादा दौलत आपको और क्या चाहिए? ज्ञान ही वास्तविक धन है। आपका चरित्र, आपकी शांति और आत्म विश्वास आपकी वास्तविक दौलत है। जब आप ईश्वर के साथ जुड़ कर आगे बढ़ते हो तो इससे बढ़कर कोई और दौलत नहीं है। यह शाही विचार तभी आता है जब आप ईश्वर और उसकी अनंतता के साथ जुड़ जाते हो। जब लहर यह याद रखती है कि वह समुद्र के साथ जुड़ी हुई है और समुद्र का हिस्सा है तो विशाल शक्ति मिलती है। धनतेरस 'आयुर्वेद' का



दिन भी है, क्योंकि जड़ीबूटियां भी धन हैं। जड़ीबूटियां और पेड़-पौधे भी धन हैं। ऐसा कहते हैं कि धनतेरस के दिन ही मानवता को अमृत दिया गया था।

भारतीय संस्कृति में धर्म-अर्थ-काम और मोक्ष जीवन के उद्देश्य रहे हैं। यहां इन्हें प्राप्त करने के लिए हमेशा से प्रयास होते रहे हैं। धनतेरस पर धन के साथ-साथ धर्म को भी यहां महत्त्व दिया गया है और दोनों के बीच समन्वय स्थापित किए जाने की आवश्यकता भी व्यक्त होती रही है लेकिन जब-जब इनके समन्वय के प्रयास कमजोर हुए हैं तब-तब समाज में एक असंतुलन एवं अराजकता का माहौल बना है। शास्त्रों में कहा गया है कि धन की सार्थकता तभी है जब व्यक्ति का जीवन सद्गुणों से युक्त हो। लेकिन हाल के वर्षों में समृद्धि को लेकर हमारे समाज की मानसिकता और मानक बदले हैं। आज समृद्धि का अर्थ सिर्फ आर्थिक सम्पन्नता तक हो गया है। समाज में मानवीय मूल्यों और सद्विचारों को हाशिये पर डाल दिया गया है और येन-केन-प्रकारेण धन कमाना एवं धन की कामना करना ही सबसे बड़ा लक्ष्य बनता जा रहा है। आखिर ऐसा क्यों हुआ? क्या इस प्रवृत्ति के बीज हमारी परंपराओं में रहे हैं या यह बाजार के दबाव का नतीजा है? इस तरह की मानसिकता समाज को कहां ले जाएगी? ये कुछ महत्त्वपूर्ण प्रश्न हैं, जिनपर धनतेरस जैसे पवित्र पर्व पर मंथन जरूरी है।

लक्ष्मीजी का स्वरूप त्रिगुणात्मक है। उनका वास तन, मन और धन तीनों में है। पांच प्रकार के सुख कहे गये हैं- तन, मन, धन, पत्नी और संतान। देवी भगवती कमला यानी लक्ष्मीजी के आठ रूप कहे गये हैं। आद्य लक्ष्मी या महालक्ष्मी (कन्या), धन लक्ष्मी (धन, वैभव, निवेश, अर्थव्यवस्था), धान्य लक्ष्मी (अन्न), गजलक्ष्मी (पशु व प्राकृतिक धन), सनातना लक्ष्मी (सौभाग्य, स्वास्थ्य, आयु व समृद्धि), वीरा लक्ष्मी (वीरोचित लक्ष्मी अर्थात रक्षा, सुरक्षा), विजया लक्ष्मी (दिगदिगंत विजय), विद्या लक्ष्मी (विद्या, ज्ञान, कला विज्ञान), इन आठों स्वरूपों को मिलाकर महालक्ष्मी का पर्व बना दिवाली। दिवाली अर्थात दीप पर्व। जहां इन आठों स्वरूपों का प्रकाश हो, वहां दिवाली निश्चित रूप से होती है। प्रकाश, पुष्टि, प्रगति की प्रार्थना के साथ। दूसरे अर्थ में समझिए। लक्ष्मीजी का वास एक लघु इकाई में है। एक माटी के दीपक में है। उसके प्रकाश में है। एक फकीर की भी दिवाली है तो एक अमीर की भी। एक कुम्हार की भी दिवाली है, तो एक सर्राफ की भी। यही लक्ष्मी है। मन की लक्ष्मी। सबकी लक्ष्मी। इसका आशय यह है कि तन, मन, धन, परिवार और संतान की पुष्टि एक दीप की तरह प्रकाशवान रहें। धनवर्षा के साथ, अमृतवर्षा के साथ।

# अलगाववादी प्रवृत्ति लगातार बढ़ रही: मुनिश्री विनय कुमार जी

**चंडीगढ़।** अलगाववादी प्रवृत्तियों के कारण हर कोई स्वयं को असुरक्षित महसूस करता है। लेकिन जैन दर्शन में अनेकांत की अवधारणा अत्यंत उदारवादी है, जिससे इन सभी समस्याओं से मुक्ति मिल सकती है। जैन दर्शन में अनेकांत दृष्टि प्रमुख मानी जाती है। यह अनेकता में एकता स्थापित करने के लिए सभी के हितों का चिंतन करता है। अनेकांत विचार ही जैन दर्शन, धर्म और संस्कृति का प्राण है और यही इसका सर्वोदयी तीर्थ भी है। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने अणुव्रत भवन सैक्टर-24सी के तुलसी सभागार में कहे।

मनीषीसंत ने कहा अनेकांत एक जीवन दर्शन है। जो भी सही अर्थों में जीवन को जीता है, वह 'अनेकांत' को जीता है। इसके बिना व्यक्ति, समाज, राष्ट्र या विश्व समुदाय का विकास पूरी तरह नहीं हो सकता। ज्ञान-विज्ञान की उत्कृष्टता को पूरी तरह अपनाना, किंतु उसी हद तक, जहां मानवीय मूल्यों, सांस्कृतिक एवं पारंपरिक महत्वों और मनुष्यत्व का ह्रास न हो, यही अनेकांत का मंत्र हैं।आज स्थायी विकास की चर्चा हो रही है, किंतु प्रश्न यह है कि विकास स्थायी हो या सतत, क्या वह सर्वोदयी है? सर्वोदय शब्द का प्रयोग सबसे पहले महावीर ने ही किया था।



'सर्वोदय' का अर्थ है सभी का विकास। हर वर्ग, हर जीव के उदय की बात अनेकांत का विकासवादी सिद्धांत ही कर सकता है। समाज के किसी भी वर्ग की उपेक्षा हो, तो अनेकांत की दृष्टि से वह छद्म विकास होगा।

मनीषीसंत ने आगे कहा विश्व की बड़ी-बड़ी समस्याओं के समाधान अनेकांत का सिद्धांत दे देता है। इसके अनुसार, वस्तु एक है, उसके धर्म अनंत हैं। उस वस्तु में अनंत शक्तियां हैं, किंतु मानव की दृष्टि एकपक्षीय होने के कारण वह उसे अपने-अपने नजरिये से देखता है।

आम तौर पर लोग किसी के बारे में अपनी दृष्टि को सत्य समझकर अन्य दृष्टिगत गुणों की अवहेलना करके दूसरों से लड़ते रहते हैं कि जो मैं समझ रहा हूं वही सही है और बाकी जो कह रहे हैं, वह गलत। सारी समस्याएं, द्वेष, विद्रोह मात्र इसी कारण होते हैं कि हम किसी भी बात का मात्र एक पहलू ही देखते हैं। वह पहलू, जो हमारे स्वार्थो के सबसे करीब होता है। अनेकांत सिद्धांत के अनुसार, हमारा दृष्टिकोण भी सत्य हो सकता है तथा अन्य दृष्टिकोण भी सत्य हो सकते हैं। यही अनेकांतपरक चिंतन कहलाता है, जो विद्रोहों, झगड़ों और समस्याओं से हमें मुक्त रख सकता है।

मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया अनेकांत दृष्टि के मूल में दो तत्व हैं- पूर्णता और यथार्थता। इसके अनुसार, जो पूर्ण है और पूर्ण होकर भी यथार्थ रूप में प्रतीत होता है, वही सत्य कहलाता है। देश-काल-परिस्थिति, भाषा और शैली आदि के कारण भेद का दिखाई देना अनिवार्य है, फिर भी साधारण मनुष्य आमतौर पर यथार्थवादी होकर भी अपूर्णदर्शी होते हैं। जब तक इस प्रकार तटस्थ एवं मध्यस्थ भाव का पूर्ण विकास न हो, तब तक उस लक्ष्य की ओर ध्यान रखकर केवल सत्य की जिज्ञासा करना। विरोधी पक्ष के प्रति आदर रखकर उसके भी सत्यांश को ग्रहण करना। अपने या विरोधी के पक्ष में, जहां जो ठीक जंचे, उनका समन्वय करना। इस प्रकार अनेकांत दृष्टि द्वारा समाज में समन्वय लाया जा सकता है।

# नन्हे बच्चों ने प्रेरणा वृद्धाश्रम के बुजुर्गों का मोहा मन



अर्थ प्रकाश/अर्पण वधवा

**कुरुक्षेत्र, 28 अक्तूबर।** प्रेरणा वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के लिए तो आजकल नन्हे नन्हे बच्चों के संग त्यौहारों की मस्ती है। अपनों से दूर वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों को तोतली जुबान में बोलते हुए नन्हे मुन्ने जब दादा-दादी तथा नाना नानी कहकर बुलाते हैं तो इन बुजुर्गों की आंखें नम हो जाती हैं। प्रेरणा वृद्धाश्रम के संस्थापक एवं संचालक डा. जय भगवान सिंगला ने बताया कि सोमवार को भी त्यौहारों के चलते डी.ए.वी. सैक्टर 3 के ब?ी संख्या में बच्चे अपनी प्रिंसिपल गीतिका जसूजा की प्रेरणा से अध्यपिकाओं नेहा गर्ग, रचना यादव व नेहा राणा के साथ वृद्धाश्रम में पहुंचे। नन्हे नन्हे बच्चों के संग बुजुर्ग भी ऐसी मस्ती में नजर आए मानो वो भी बच्चे बन गए। इन बच्चों ने अपने साथ खुद बना कर लाए रंग बिरंगे सुंदर-सुंदर दीपक बुजुर्गों को दीपावली मनाने के लिए उपहार स्वरूप दिए। वृद्धाश्रम में आए बच्चों ने बुजुर्गों को दीपावली गिफ्ट भी दिए। इस मौके पर बुजुर्ग मस्ती में नाचते गाते नजर आए तो बच्चों ने भी कविता, कहानियां व चुटकुले सुनाते हुए सभी का मन मोह लिया। बच्चों के साथ आई अध्यापिकाओं भी वृद्धाश्रम के बुजुर्गों से मिलकर अपने आप को भाग्यशाली माना। डा. जय भगवान सिंगला ने बच्चों को गले से लगाकर आशीर्वाद दिया और बच्चों के सुखद भविष्य की प्रभु से प्रार्थना की। उन्होंने डी.ए.वी. स्कूल की प्रबंधक समिति की भूरी-भूरी प्रशंसा की और अन्य स्कूलों के संचालकों को भी यह संदेश दिया कि वे भी अपने बच्चों को वर्ष में कम से कम एक बार वृद्धाश्रम में जरूर भेजें ताकि बच्चों के मन में बुजुर्गों के प्रति प्रेम और त्याग की भावना उत्पन्न हो। बच्चों में भारतीय संस्कारों का बीजारोपण हो सके और बच्चों से मिलकर बुजुर्गों का मन प्रसन्न हो जाए। बुजुर्ग कुछ समय के लिए अपने बच्चों से बिछड़ जाने के दुख दर्द को भूल जाएं। संस्था की अध्यक्षा रेनू खुंगर ने अध्यापकों का स्वागत किया और बच्चों को गले से लगाकर आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि दीपावली के इस पर्व पर बच्चों का आना हमारे लिए सौभाग्य की बात है।

# इंसानी जन्म आत्मा के उद्धार के लिए है

हे मानव! ये पाँच तत्व का बना पुतला, ये जिस्म तुझे मिला है, यह तुझे मुबारक है क्योंकि इन्सानी जन्म मिलना सुनहरी अवसर के रुप में है 7 इस जन्म में तू अपनी असली पहचान बना सकता है, तू सत्य को जानकर अपनी आत्मा का उद्धार कर सकता ह। यह आत्मा जन्मों-जन्मों से आवागमन के चक्कर में पड़ी हुई है और बार-बार इसको शरीर धारण करना पड़ता है। चौरासी लाख योनियां बताई गई हैं। तो शरीर के आवागमन के सिलसिले का अंत आखिर कब होगा। अंत होना, इस आवागमन के बंधन से निजात पाना, इसी को मोक्ष अथवा मुक्ति कहते हैं और यह अवसर होता है जब इन्सानी जन्म हमें मिलता है। अगर इस जन्म को भी हमने हाथों से गंवा दिया तो हम से ज्यादा नादान और कौन होगा? हम से ज्यादा मूर्ख और कौन होगा कि सुनहरी अवसर मिला, हीरे जैसा जन्म मिला लेकिन इसकी कौड़ी कीमत हमने खुद डाली। जब हमने सत्य की तरफ कदम नहीं बढ़ाया, जब हम सत्य के इच्छुक नहीं बने, जब हमने ब्रह्मज्ञानियों का संग नहीं किया और इस तरह से मंजिले-



सद्‌गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

मकसूद की हमने प्राप्ति नहीं की तो हमसे बड़ा मंदभागा कौन होगा? अक्सर लोग कहत हैं, इसकी बुरी किस्मत है, ये मंदभागा है। क्यों? क्योंकि इसके पास पैसे नहीं है, क्योंकि इसके पास झोंपडी है, एक पक्का मकान तक नहीं है। इस तरह से ये खुशकिस्मती और बदकिस्मती के हमने सांसारिक पैमाने बनाये हैं लेकिन अगर सही मायने में देखा जाये तो उससे बड़ा कोई बदकिस्मत नहीं होता जो यह अमोलक जन्म पाकर भी अपनी मंजिल को नहीं प्राप्त कर पाता। इस हीरे जैसे जन्म को पाकर भी जो केवल सांसारिक खेल खेलता रहे, सांसारिक प्रवृत्तियों से युक्त रहे, हिंसा के दौर चलाता रहे, नफ़रत करता रहे वो होता है सबसे मंदभागा, वो नहीं कि जिसके पास दौलत नहीं या शोहरत नहीं या मकान नहीं।

## पंचांग

मंगलवार, 29 अक्तूबर, 2024, सूर्योदयः 06:31 ए एम, सूर्यास्तः 05:38 पी एम, चन्द्रोदयः 04:27 ए एम, अक्टूबर 30, चन्द्रास्तः 03:57 पी एम, शक सम्वतः 1946 क्रोधी, विक्रम सम्वतः 2081 पिङ्गल, गुजराती सम्वतः 2080 राक्षस, अमान्त महीनाः आश्विन, पूर्णिमान्त महीनाः कार्तिक, वारः मंगलवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः द्वादशी - 10:31 ए एम तक, नक्षत्रः उत्तराफाल्गुनी - 06:34 पी एम तक, योगः इन्द्र - 07:48 ए एम तक, करणः तैतिल - 10:31 ए एम तक, द्वितीय करणः गर - 11:53 पी एम तक, सूर्य राशिः तुला, चन्द्र राशिः कन्या, राहुकालः 02:51 पी एम से 04:15 पी एम, गुलिक कालः 12:05 पी एम से 01:28 पी एम, यमगण्डः 09:18 ए एम से 10:41 ए एम, अभिजित मुहूर्तः 11:42 ए एम से 12:27 पी एम, दुर्मुहूर्तः 08:44 ए एम से 09:29 ए एम, दुर्मुहूर्तः 10:48 पी एम से 11:39 पी एम, अमृत कालः 10:25 ए एम से 12:13 पी एम, वर्ज्यः 04:04 ए एम, अक्टूबर 30 से 05:53 ए एम, अक्टूबर 30

## भविष्य फल



**मेष:** यदि आप उच्च अध्ययन, नौकरी या व्यावसाय के लिए विदेश जाना चाहते हैं तो आपको स्वयं के प्रयासों से सफलता मिलेगी।

**वृष:** आज के दिन आपके खर्चे काफी होंगे। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। परिवार से कोई दूर यात्रा पर जा सकता है।

**मिथुन:** आज मन में कुछ उतार-चढ़ाव रहेंगे। किसी पारिवारिक समस्या को शांति के साथ सुलझाने में सक्षम साबित होंगे।

**कर्क:** प्रियजनों के साथ समय बिताना आनंददायक रहेगा। व्यावसायी संदर्भ में आज आप महसूस कर सकते हैं कि आपके पास बहुत अधिक काम है, किंतु उसे पूरा करने के लिए समय बहुत कम है।

**सिंह:** आज का दिन विद्यार्थियों के लिए काफी अनुकूल रहेगा। उच्च शिक्षा प्राप्त करने की दिशा में सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों के लिए भी दिन बेहतर है।

**कन्या:** आज किसी नए कार्य का प्रारंभ न करें और क्रोध एवं आवेश में वृद्धि न आए इसका ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी।

**तुला:** किसी पुरानी बात को लेकर सहयोगियों से बहस हो सकती है, अतः सावधानी से काम लेकर विवादों को टालें। निजी जीवन में कुछ परेशानियां रह सकती हैं।

**वृश्चिक:** कार्य में विलंब हो सकता है, जिससे आपको थोड़ी दिक्कत होगी। मानसिक रूप से दबाव महसूस करेंगे।

**धनु:** शैक्षिक कार्यों में यश की प्राप्ति होगी। छात्रों के लिए शुभ समय की शुरुआत होने वाली है। छोटी-छोटी बातो पर आप गुस्सा कर सकते हैं।

**मकर:** व्यवसायी लंबे समय से चली आ रही,जटिल समस्याओं का समाधान पाएंगे। आपकी वित्तीय स्थिति में सुधार होगा, लेकिन आपको अपने खर्चों पर संयम रखने की भी आवश्यकता है।

**कुंभ:** कार्यक्षेत्र में प्रबल सफलता मिल सकती है और काम के उद्देश्य से की गई यात्राएं काफी सफलता देंगी। इनकम में बढ़ोतरी होगी।

**मीन:** आज आप आर्थिक विषयों में सावधानी बरतें। क्रोध में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचने का प्रयास करें।

# घरौंडा की स्वस्ती ने इसरो स्पेस सेंटर का दौरा कर बढ़ाया क्षेत्र का मान, एयरनोटिक इंजीनियर बनने का सपना

अर्थ प्रकाश/रविन्द्र गिरि



**घरौंडा, 28 अक्तूबर।** घरौंडा की 12 वर्षीय स्वस्ती अहलावत ने चेन्नई के श्री हरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर का दौरा किया और स्पेस मिशन की बारीकियों को करीब से समझा। नेशनल स्पेस डे पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में टॉप-100 में स्थान हासिल करने के बाद उसे यह मौका मिला। स्पेस सेंटर के दौरे पर स्वस्ती ने रॉकेट लॉन्चिंग पैड, कंट्रोल सेंटर और इसरो की लाइब्रेरी जैसी विशेष जगहों का विजिट किया, जहाँ स्पेस तकनीकों और भविष्य की संभावनाओं के बारे में उसे विशेषज्ञों ने विस्तार से बताया। इस मौके पर स्वस्ती ने कहा कि वह एयरनोटिक इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहती है और स्पेस मिशनों का हिस्सा बनना उसका सपना है।

स्वस्ती घरौंडा के वार्ड नंबर-15 में रहती है और एक निजी स्कूल की छात्रा है। उसने हाल ही में नेशनल स्पेस डे के उपलक्ष्य में आयोजित ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था, जो 10 अगस्त से 30 सितंबर तक चली। पिता महिपाल के अनुसार, इस प्रतियोगिता में करीब डेढ़ लाख बच्चों ने भाग लिया, जिसमें से केवल शीर्ष 100 छात्रों को चयनित किया गया। स्पेस सेंटर की विजिट के लिए केवल 66 छात्रों को ही मौका मिला, और स्वस्ती इनमें नॉर्थ इंडिया से चयनित होने वाली एकमात्र छात्रा थी। इस खास विजिट पर उसे 23 अक्तूबर को पूरे दिन सतीश धवन स्पेस सेंटर में बिताने का अवसर मिला। स्वस्ती की मां सुमन भी उसके साथ गई थीं, हालांकि उन्हें सेंटर के अंदर प्रवेश नहीं मिला।

स्वस्ती ने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उसने पहले केवल टीवी पर स्पेस मिशनों को देखा था, लेकिन इस बार उसे अपनी आँखों से इसरो की कार्यप्रणाली देखने का अवसर मिला। उसे स्पेस सेंटर में वीआईपी ट्रीटमेंट मिला और विभिन्न स्पेस उपकरणों को देखने का अनुभव अविस्मरणीय रहा। महिपाल अहलावत और माँ सुमन ने गर्व से बताया कि उनकी बेटी ने उन्हें गौरवान्वित किया है। महिपाल एक कृषि उपकरणों की वर्कशॉप चलाते हैं, उनका कहना है कि उनकी बेटी ने बहुत छोटी उम्र में इतना बड़ा अवसर प्राप्त किया है। क्विज प्रतियोगिता में डेढ़ लाख प्रतिभागियों में से चयनित होकर शीर्ष 100 में जगह बनाना एक बड़ी उपलब्धि है।

# समाधान शिविर में प्राप्त हुई 22 शिकायतों में से 3 शिकायतों का मौके पर ही करवाया समाधान: विश्राम मीणा

> लोगों से प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से करवाया जा रहा है समाधान, ताकि लोगों को समस्याओं से मिला निजात

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत।** शहरी स्थानीय निकाय से संबंधित लोगों की समस्याओं का तुरंत समाधान करने के लिए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों में अधिकारियों द्वारा लोगों को समस्याओं से राहत पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। सोमवार को समाधान शिविर में प्राप्त हुई 22 शिकायतों में से 03 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया और एक शिकायत को रिजेक्ट किया गया। इसके अलावा 18 शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए उनका तुरंत समाधान करने के र्निदेश दिए गए।

नगर निगम में आयोजित समाधान शिविर में नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा ने 16 शिकायतों की सुनवाई करते हुए कहा कि सरकार द्वारा इन शिविरों का आयोजन करने का यही उद्देश्य है कि लोगों का एक ही जगह सभी समस्याओं का हल हो सके। समाधान शिविर के दौरान निगमायुक्त द्वारा एक शिकायत को रिजेक्ट किया गया और बाकी 15 शिकायतों के समाधान को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सोमवार को आयोजित समाधान शिविरों में गन्नौर नगरपालिका में 04 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 03 का मौके पर ही समाधान करवाया गया। इसके अलावा कुण्डली नगर पालिका में 02 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके समाधान के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि आज गोहाना नगरपरिषद व खरखौदा नगरपालिका में कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

निगमायुक्त ने कहा कि समाधान शिविरों में लोगों से प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से समाधान करवाया जा रहा है ताकि लोगों को समस्याओं से निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को नागरिक प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, स्वामित्व योजना, जमीन रजिस्ट्रेशन व शहरी स्थानिय निकाय से संबंधित अन्य प्रकार की समस्याएं है तो वह प्रत्येक कार्यदिवस में प्रात~ 09 बजे से 11 बजे तक आयोजित होने वाले समाधान शिविरों में अपनी लिखित शिकायत दे सकते हैं। इन शिकायतों को सम्बंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

# गुरुग्राम जिला में 4 लाख 50 हजार नए सदस्य बनाएगी भाजपा: ओम प्रकाश धनखड़

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**चंडीगढ़, 28 अक्तूबर।** गुरुग्राम में भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर सोमवार को पार्टी कार्यालय गुरुकमल में कार्यशाला हुई। कार्यशाला में गुरुग्राम जिला में 4 लाख 50 हजार नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा। सदस्यता अभियान को कैसे आगे बढ़ाया जाए इसके बारे में राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने कार्यकर्ताओं को विस्तार से जानकारी दी। संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने बूथ और मंडल स्तर पर कार्यशाला करके नए सदस्य जोड़ने के बारे में बताया। जिला अध्यक्ष कमल यादव की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला में विधायक बिमला चौधरी, तेजपाल तंवर, मुकेश शर्मा व महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी भी उपस्थित रहीं। कार्यशाला के बाद राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए और भाजपा के सदस्यता अभियान के बारे में बताया। धनखड़ ने देश व प्रदेश वासियों को दीपावली की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि हरियाणा में भाजपा ने 50 लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। हरियाणा में 20 हजार 629 बूथ हैं और हर बूथ पर 250 सदस्य बनाए जाने हैं। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जिला में 4 लाख 50 हजार नए सदस्य बनाने का लक्ष्य कार्यकर्ताओं को दिया है। गुरुग्राम विधानसभा में 1 लाख 25 हजार, बादशाहपुर विधानसभा में भी 1 लाख 25 हजार व पटौदी तथा सोहना विधानसभा में 1-1 लाख नए सदस्य बनाए जाएंगे। कार्यकर्ताओं को उत्साहित करते हुए धनखड़ ने कहा कि यह सदस्यता अभियान नगर निगम चुनाव को भी सरल बना देगा और चुनाव में भाजपा का परचम लहराएगा। श्री धनखड़ ने कहा कि अभियान के तहत हमें स्वयं और नए सदस्य को भाजपा से जुड़ने की गौरवमयी अनुभूति होनी चाहिए। हमें महसूस होना चाहिए कि हम दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि हमारा यह अभियान साधारण नहीं, बल्कि असाधारण होना चाहिए। श्री धनखड़ ने कहा कि भाजपा अपने हर काम को उत्सव की तरह करती है। चुनाव हो या कोई अन्य कार्यक्रम भाजपा के कार्यकर्ता उसे उत्साहित होकर संपन्न करते हैं। ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि हरियाणा की जनता ने तीसरी बार आशीर्वाद दिया और भाजपा की स्पष्ट बहुमत की सरकार बनी।

# वैदिक संस्कार पखवाड़ा मनाने का संकल्प लिया

अर्थ प्रकाश/रिम्पी जिन्दल

**रतिया।** आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा हरियाणा के तत्त्वाववधान मे हरियाणा के समस्त आर्य समाजो व आर्य युवा समाजों द्वारा सभी डी. ए. वी. स्कूलों व कॉलेज मे 12 अक्तूबर से 31 अक्तूबर तक वैदिक संस्कार पखवाडा आयोजित किया जा रहा है। स्थानीय डी. ए. वी. स्कूल रतिया मे भी प्रधानाचार्या मोनिका खन्ना के मार्गदर्शन मे विजयदशमी से लेकर स्वामी दयानन्द बलिदान दिवस तक विद्यालय मे वैदिक संस्कार पखवाडा मनाने का संकल्प लिया। इसी श्रृंखला मे विद्यालय मे प्रतिदिन प्रार्थना सभा में महात्मा दयानन्द जी के सुविचार बोले गए। सुरेंद्र तिवारी के नेतृत्व मे महत्मा आनंद स्वामी के जन्मदिन पर हवन यज्ञ में पूर्णाहुति डालते हुए बच्चों को वेदों के बारे मे जानकारी दी व महात्मा आनंद स्वामी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्वामी जी के विचार हमें आध्यात्मिक शांति, सद्बुद्धि के लिए प्रेरणा और सदधर्म व सदाचार के लिए उत्साह देते हैं। भजन संध्या पर विधार्थियो ने दयानन्द ऋषि गाथा पर भजन सुनाकर सबको मन्त्र -मुग्ध कर दिया। वही अध्यापक संजीव शर्मा, रविराज ग्रोवर व सुरेंद्र तिवारी ने सौ बार जन्म लेंगे, दीप जलाने आए थे दयानन्द व गीतों का त्यौहार मनाया जाएगा आदि गीत गा कर दयानन्द जी के जीवन पर प्रकाश डाला। इसी उपलक्ष्य में अध्यापिका कविता भाटिया के निर्देशन में कक्षा तीसरी के विधार्थियो ने लघु नाटिका का मंचन कर उनके जीवन से परिचित करवाया।




# चंडीगढ़ में रिटायर्ड मेजर जनरल से 82 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला, 28 अक्तूबर।** पंचकूला सेक्टर 20 निवासी रिटायर्ड मेजर जनरल को डिजिटल अरेस्ट करके उनसे 82 लाख रुपए ठगने के मामले में पंचकूला सेक्टर 20 साइबर थाना पुलिस ने एक आरोपी को मुक्तसर से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मुकेश मुक्तसर निवासी के रूप में हुई है।

आरोपी के पास से 20 हजार रुपए और मोबाइल बरामद हुआ है। जांच अधिकारी सुखविंदर सिंह ने बताया कि आरोपी मुकेश कंप्यूटर के सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर का काम करता है। आरोपी लोगों के बैंक में खाते खुलवाता था उसके बाद उनसे सेल्फ चेक ले लेता था।

इसके बाद खुद जाकर खातों से धोखाधड़ी किए गए पैसे निकलता था। आरोपी को एक ट्रांजैक्शन पर 11 हजार रुपए कमीशन मिलती थी। इस मामले का दूसरा रूपी कार्तिक अभी फरार है। पुलिस कार्तिक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। रिटायर्ड मेजर से की गई ठगी के 19 लाख 90 हजार रुपए आरोपी ने मुक्तसर स्थित प्राइवेट बैंक से निकलवाए थे।

सेक्टर 20 निवासी रिटायर्ड मेजर जनरल ने दी शिकायत में बताया कि 15 अक्टूबर 2024 को उन्हें एक अज्ञात नंबर से फोन आया, जिसमें यह बताया गया कि उनके नाम से एक अन्य मोबाइल नंबर दिल्ली में रजिस्टर किया गया है, जिसका उपयोग धमकी देने और मनी लॉन्ड्रिंग में किया जा रहा है।

कॉल करने वाले व्यक्ति ने दावा किया कि वह पुलिस विभाग से है और बाद में उन्हें साइबर सेल के एक अन्य अधिकारी, उप-निरीक्षक रोशन से भी जोड़ा गया।

रोशन ने उन्हें वीडियो कॉल पर जोड़ा और पुलिस स्टेशन जैसा माहौल दिखाने के लिए बैकग्राउंड में महात्मा गांधी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की तस्वीरें भी दिखाई। उसने शिकायतकर्ता को कॉल डिसकनेक्ट न करने के लिए कहा और बातचीत के दौरान उनकी आर्थिक स्थिति के बारे में जानकारी मांगी।

उन्होंने डर के कारण अपनी और अपनी पत्नी की सारी जानकारी साझा कर दी। इसके बाद, आरोपियों ने उन्हें पूरी रात फोन पर व्यस्त रखा और किसी से बात न करने की हिदायत दी। अगले दिन 16 अक्टूबर को, आरोपियों ने उन्हें उनकी पत्नी के फिक्स्ड डिपॉजिट (स्नष्ठक्र) को भुनाने और उसके बाद बैंक में जमा राशि को दूसरे खाते में ट्रांसफर करने के लिए कहा। इस प्रक्रिया में शिकायतकर्ता और उनकी पत्नी ने 82 लाख रुपये से अधिक की राशि खाते में ट्रांसफर कर दी।

## आज से निर्धारित स्थलों पर पर्यावरण अनुकूल ग्रीन पटाखे बेचने की अनुमति

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** चंडीगढ़ प्रशासन ने कल से पर्यावरण अनुकूल ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए अनुमति जारी की है। निर्धारित वेंडिंग स्थल स्थापित किए गए हैं और अनुपालन की निगरानी करने तथा अनधिकृत बिक्री को रोकने के लिए उपायुक्त के निर्देशानुसार निरीक्षण दल भी तैनात किए गए हैं। नागरिकों को दृढ़तापूर्वक सलाह दी गई है कि वे केवल चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा सूचीबद्ध अधिकृत विक्रेताओं से ही पटाखे खरीदें। किसी भी अनधिकृत बिक्री पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त, निवासियों से अनुरोध है कि वे दिवाली उत्सव मनाने के लिए निर्धारित समय-सीमा का पालन करें ताकि सभी के लिए सुरक्षित और आनंददायक अनुभव सुनिश्चित हो सके।

## व्यापार जगत का जाना माना नाम बना जैन मार्केटिंग, चंडीगढ़

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 28 अक्तूबर।** जैन मार्केटिंग चंडीगढ़ व आसपास की मार्केट में एक जाना माना नाम बन गया है। इस कंपनी की स्थापना 1996 में हुई थी और तब से लेकर अब तक ग्राहकों के भरोसे पर यह कंपनी व्यापार में पूरी तरह खरी उतरी है। कंपनी के मालिक धर्मबहादुर जैन इस कंपनी के कर्ताधर्ता हैं। धर्मबहादुर जैन के तीन बेटे, अंकुश, अंकित एवं आयुष भी अब पिता की व्यापार में मदद कर रहे हैं। धर्मबहादुर जैन की जैन धर्म में गूढ़ आस्था है और वह 1990 से जैन समुदाय से जुड़े हुए हैं। वह श्री दिगंबर जैन मंदिर, चंडीगढ़ के अध्यक्ष भी हैं। जीतो, चंडीगढ़ के वह वाइस चेयरमैन और जैन मिलन, चंडीगढ़ के पूर्व प्रेसिडेंट हैं। इसके अलावा व सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं और समय समय पर विभिन्न सामाजिक



गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लेते हैं।

जैन मार्के टिंग की कई प्रमुख गतिविधि सेवाएँ हैं, जिन्हें कई अन्य व्यक्तिगत सेवा गतिविधियों में उप-वर्गीकृत किया गया है। यह मुख्य रूप से सामान्य घरेलू रखरखाव की आइटमों जैसे फर्श की देखभाल करने वाले प्रोडक्ट्स व बर्तनों की सफाई आदि में इस्तेमाल होने वाले आइटम बेचते हैं। इसके अलावा किचन से जुड़ी सभी आइटमों में भी यह डील करते हैं।
















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)